दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
दतिया ■ मंगलवार 24 सितंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-328 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹03

**सुविचार**
मनुष्य के जीवन की सफलता इसी में है कि वह उपकार करने वाले व्यक्ति को कभी न भूले।
–वेद व्यास

## ब्रीफ न्यूज

### पुणे एयरपोर्ट अब 'जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज'

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को पुणे एयरपोर्ट का नाम बदलकर जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज एयरपोर्ट रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### अमानतुल्लाह की हिरासत सात अक्टूबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** अदालत ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत सात अक्टूबर तक बढ़ा दी।

### एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय संग्राम सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान संग्राम सिंह ने जॉर्जिया के त्बिलिसी में गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपने पहले एमएमए मैच में जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। संग्राम जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए हैं।

### लखनऊ के मंदिर में नहीं चढ़ेगा बाहर का प्रसाद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में भी भोग और प्रसाद चढ़ाने की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंदिर की व्यवस्थापक महंत देव्यागिरी ने दुकानों से लिए गए प्रसाद का भोग लगाने पर रोक लगा दी है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा ने ली पद की शपथ

**श्रीलंका।** श्रीलंका में चुनाव जीतने के बाद अनुरा दिसानायके से सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। यह समारोह कोलंबो में राष्ट्रपति सचिवालय में हुआ।

### सोना 74,533 रुपए तोला और चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना सोमवार को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 440 रुपए बढ़कर 74,533 रुपए पर पहुंच गया। वहीं चांदी में गिरावट दर्ज की गई।

### भारत में एमपॉक्स के क्लैड 1 बी स्ट्रेन का पहला केस

**नई दिल्ली।** भारत में भी एमपॉक्स का पहला केस सामने आया है। केरल के मलप्पुरम जिले के एक 38 वर्षीय युवक में क्लैड 1 बी स्ट्रेन पाया गाया है। युवक हाल ही में यूएई से लौटा था।

### मैरिटल रेप पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** पत्नी के साथ जबरन संबंध बनाने पर पति के खिलाफ केस चलना चाहिए या नहीं, इस पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

### भगवंत कैबिनेट में पांच नए मंत्री शामिल, ली शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार में पांच नए मंत्री शामिल हो गए। राज्यपाल ने सभी को शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में हरदीप सिंह मुंडिया, बरिंदर कुमार गोयल, डॉ. रवजोत सिंह, तरुनप्रीत सिंह सोन्ध और महिंदर भगत शामिल हैं।

सुप्रीम आदेश- अदालतें भी इस शब्द का न करें इस्तेमाल

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

## ऐतिहासिकः सुको ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई

देखने वालों पर पॉक्सो एक्ट लगाने की मांग की गई थी

### जनवरी में हाईकोर्ट ने पॉक्सो लगाने से किया था इंकार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया। गौरतलब है कि मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट ना करना और इसकी शिकायत ना करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने ये केस खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद्द करते हैं और केस को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

### केंद्र करे बदलाव

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉएटेटिव एंड एब्यूसिव मटेरियल शब्द का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर बदलाव करे। अदालतें भी इस शब्द का इस्तेमाल न करें।

### सुप्रीम कोर्ट की दो टिप्पणी

हम संसद को सुझाव देते हैं कि पॉक्सो एक्ट में बदलाव करें। इसके बाद चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल का इस्तेमाल किया जाए। अध्यादेश लाया जा सकता है। सीएसईएएम शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो।






**सुप्रीम कोर्ट-23 सितंबर- 2024**
हाईकोर्ट ने केस खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद्द करते हैं। केस को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

**मद्रास हाईकोर्ट-11 जनवरी 2024**
जेनरेशन जेड के लोग पोर्नोग्रॉफी के एडिक्शन तक जा चुके हैं। ऐसे लोगों को सजा देने की बजाए उन्हें एजुकेट करना चाहिए।

**केरल हाईकोर्ट-13 सितंबर 2023**
पोर्न देखना अपराध की कैटेगरी में नहीं लाया जा सकता। ये व्यक्ति की निजी पसंद हो सकती है। इसमें दखल निजता में घुसपैठ होगी।



### अश्लील वीडियो पर तीन कानून

- भारत में ऑनलाइन पोर्न देखना गैर-कानूनी नहीं है, लेकिन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 में पोर्न वीडियो बनाने, पब्लिश करने और सर्कुलेट करने पर प्रतिबंध है।
- इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के सेक्शन 67 और 67 ए में इस तरह के अपराध करने वालों को 3 साल की जेल के साथ 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान है।
- आईपीसी की धारा-292, 293, 500, 506 में भी इससे जुड़े अपराध को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। पॉक्सो कानून के तहत कार्रवाई होती है।

### समाज के तौर पर गंभीरता से हमें करना होगा विचार

बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं। उनके वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिए ये शोषण आगे भी चलता है। ये कंटेंट साइबर स्पेस में मौजूद रहते हैं। आसानी से किसी को भी मिल जाते हैं। ऐसे मटेरियल अनिश्चितकाल तक नुकसान पहुंचाते हैं। ये यौन शोषण पर ही खत्म नहीं होता है, जब-जब ये कंटेंट शेयर किया जाता है और देखा जाता है, तब-तब बच्चे की मर्यादा और अधिकारों का उल्लंघन होता है। हमें एक समाज के तौर पर गंभीरता से इस विषय पर विचार करना होगा।

### हाईकोर्ट के फैसले को एनजीओ ने दी थी चुनौती

गौरतलब है कि मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था एनजीओ मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के बाद एनजीओ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस और नई दिल्ली के एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन ने चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जहां सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त-2024 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस ने कहा था कि हाईकोर्ट का आदेश चाइल्ड पोर्नोग्राफी को बढ़ावा दे सकता है। फैसले से ऐसा लगेगा कि ऐसा कंटेंट डाउनलोड करने और रखने वाले लोगों पर मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

# बैगा, भारिया और सहरिया के लिए मप्र सरकार बनाएगी बटालियन

## सीएम मोहन बोले-भर्ती के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

### डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह दी जा रही आहार अनुदान राशि

सत्ता सुधार ■ भोपाल



जनजातीय कार्य विभाग की शौर्य संकल्प योजना के अंतर्गत प्रदेश में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह बैगा, भारिया और सहरिया के लिए अलग से बटालियन गठित की जाएगी। साथ ही इस समूह के इच्छुक युवाओं को पुलिस, सेना और होमगार्ड में भर्ती कराने के लिए इन्हें जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए पीवीटीजी बटालियन बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति पीवीटीजी समूह में आती हैं। इसी प्रकार आर्मड फोर्सेस में भर्ती के लिए प्रशिक्षण में विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के युवाओं को नेवी, आर्मी, एयरफोर्स, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य निजी सुरक्षा एजेन्सियों में भर्ती कराने के लिए इन्हें प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जाएगा।

### अलग-अलग विकास प्राधिकरण

बैगा विकास प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में छह जिले-मंडला, शहडोल, बालाघाट, उमरिया, डिंडोरी और अनूपपुर आते हैं। भारिया विकास प्राधिकरण में छिंदवाड़ा जिले के तामिया विकासखंड के पातालकोट के 12 गांव आते हैं। वहीं सहरिया विकास प्राधिकरण में 8 जिले-श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर और दतिया आते हैं।

# आतिशी की अति!

## सीएम की कुर्सी छोड़ी खाली

### मार्लेना ने कहा- भरत की तरह मैं भी दिल्ली संभालूंगी

भाजपा दिल्ली चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने कहा-चापलूसी नहीं, काम करिए

**आतिशी के निर्णय पर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जताई आपत्ति**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने सोमवार से मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए कुर्सी खाली है। उनका इंतजार रहेगा। आतिशी ने कहा कि आज मेरे मन में भी वही व्यथा है, जैसे भगवान राम के वनवास जाने पर भरत के मन में थी। उन्होंने भगवान राम की खड़ाऊं रखकर शासन चलाया था। भगवान राम हम सभी के आदर्श हैं और केजरीवाल ने उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवालों की सेवा की और मर्यादा का पालन करते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मुझे विश्वास है कि अब दिल्लीवाले केजरीवाल को विजयी बनाकर फिर से सीएम बनाएंगे। तब तक यह मुख्यमंत्री की कुर्सी इंतजार करेगी।

मुझे विश्वास है कि फरवरी में होने वाले चुनाव में दिल्ली की जनता केजरीवाल को जिताकर दोबारा सीएम बनाएगी। तब तक केजरीवाल की कुर्सी यहीं रहेगी। भाजपा की साजिश कभी सफल नहीं होगी।
**आतिशी मार्लेना**, सीएम दिल्ली

अपनी इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली सीएम पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। यह कोई आदर्श पालन नहीं है। सीधी स्पष्ट भाषा में चमचागीरी है। केजरीवाल जवाब दें कि क्या इस तरह के रिमोट से दिल्ली सरकार चलाएंगे।
**वीरेंद्र सचदेवा**, जिलाध्यक्ष, भाजपा दिल्ली

भ्रष्टाचार के केस में जेल में रहकर आए अरविंद केजरीवाल की तुलना भगवान राम से करना निहायत शर्मनाक है। ऐसा करके आतिशी मार्लेना ने दिल्लीवासियों की रही सही उम्मीद भी तोड़ दी। सीएम आतिशी ही नहीं, आप सरकार में अब किसी से भी कोई उम्मीद करना बेमानी ही है। इस तरह की नौटंकी से क्या होगा।
**देवेंद्र यादव**, कांग्रेस अध्यक्ष, दिल्ली

# गारंटी नहीं... हमारी सरकार चौथी बार लौटेगी

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाया फिर बोले- मजाक कर रहा था

एजेंसी ■ नागपुर



केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक समारोह के दौरान मोदी सरकार में मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख रामदास अठावले को लेकर मजेदार तंज कसा है। गडकरी ने कहा कि इस बात की गारंटी नहीं है कि हमारी सरकार चौथी बार लौटेगी, लेकिन यह निश्चित है कि रामदास अठावले मंत्री बनेंगे। गडकरी नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। जिसमें केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले भी मौजूद थे। कई सरकारों की कैबिनेट शामिल रहे। कैबिनेट सहयोगी रामदास अठावले को लेकर गडकरी ने कहा कि, इस बात की गारंटी नहीं है कि हमारी सरकार चौथी बार लौटेगी, लेकिन रामदास अठावले चौथी बार सरकार में होंगे इसकी गारंटी है। जिसके बाद वहां मौजूद हर एक शख्स मुस्करा उठा।

### अठावले को उतार-चढ़ाव पता

गडकरी ने राजद चीफ लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि, एक बार लालू ने रामविलास पासवान को राजनीति के बहुत बड़े मौसम वैज्ञानिक कहा था। यह उपमा बताती है कि आठवले को राजनीति के उतार-चढ़ाव का बहुत अच्छे से पता होता है। हालांकि बाद में गडकरी ने कह दिया कि, मैं मजाक कर रहा था। मैं रामदास अठावले को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। उन्हें बेहतर जीवन और स्वस्थ जीवन मिले। मैं आप सभी की ओर से यह प्रार्थना करता हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने दलितों और पीड़ित लोगों के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया।

जयपुर में सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में राजनाथ सिंह बोले

# अब देश के नए सैनिक स्कूल पीपीपी मॉडल पर होंगे संचालित

एजेंसी ■ नई दिल्ली



बच्चों और शिक्षकों के बीच आना मुझे बेहद अच्छा लगा, क्योंकि मैं खुद भी एक शिक्षक रह चुका हूं। देश में जितने भी सैनिक स्कूल हैं, वे एक विशेष तरीके से संचालित हो रहे हैं। अब जिन 100 नए सैनिक स्कूलों की स्थापना की जा रही है, वे केंद्र और राजस्थान सरकार द्वारा नहीं, बल्कि पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाएंगे।

यह मॉडल शिक्षा में प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर की ताकतों को एक साथ मिलकर काम करने का अवसर देगा। यह बात सोमवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर के भवानी निकेतन परिसर में आयोजित सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज देश की आर्थिक गाड़ी की स्टेरिंग सीट पर प्राइवेट सेक्टर बैठा हुआ है। उन्होंने कहा कि पीपीपी अवधारणा के तहत शिक्षा का विकास करना दोनों क्षेत्रों की संयुक्त शक्ति से ही संभव है। सैनिक स्कूल से निकले छात्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और देशभक्ति की भावना को अपने साथ हमेशा संजोए रखेंगे।

### स्कूलों को मिलेंगे पुराने टैंक

राजनाथ ने कहा कि राजस्थान के युवाओं में देशसेवा और देशभक्ति की जो प्रेरणा है। उन्हें यह सैनिक स्कूल एक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। सैनिक स्कूल से भले ही छात्र निकल जाएं, लेकिन सैनिक स्कूल उनके मन से कभी नहीं निकलने वाला है। सैनिक स्कूल के छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए पुराने टैंक और एयरक्राफ्ट देने की योजना है। इसके लिए शिक्षा समिति को आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पुरस्कार**

फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने की पुष्टि, किरण राव की इच्छा हो गई पूरी

# ऑस्कर के लिए चुनी गई किरण राव की 'लापता लेडीज'

एजेंसी ■ मुंबई



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज इस साल प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कारों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। फिल्म फेडरनेशन ऑफ इंडिया ने फिल्म को भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में ऑस्कर में भेजा है। फिल्म फेडरनेशन ऑफ इंडिया की तरफ से इसकी पुष्टि की गई है।

बीते दिनों किरण राव ने यह इच्छा जताई थी कि उनकी फिल्म लापता लेडीज को ऑस्कर में भेजा जाए। किरण राव ने एक चर्चा के दौरान कहा कि उनकी यह तमन्ना है कि फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर की रेस में शामिल हो और फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस फिल्म को ऑस्कर में आधिकारिक एंट्री के रूप में भेजे जाने की पुष्टि कर दी है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को एलान किया है कि लापता लेडीज को ऑस्कर-2025 के लिए आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। रणबीर कपूर की एनिमल, मलयालम फिल्म आट्टम और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन एड लाइट समेत 29 फिल्मों की सूची में से लापता लेडीज का चयन किया गया है।

### कहानी दिल छू लेने वाली

फिल्म लापता लेडीज दो भारतीय दुल्हनों की कहानी पर आधारित है। विदाई के बाद ससुराल जाते हुए दोनों ट्रेन में गलती से बदल जाती हैं। फिल्म की कहानी दिल छू लेने वाली है। फिल्म को मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, छाया कदम, स्पर्श श्रीवास्तव और अभय दुबे जैसे कलाकार शामिल हैं। अभिनेता रवि किशन इसमें पुलिस वाले की भूमिका में दिखे। यह महिला सशक्तीकरण के प्रति समाज को जागरुक करने वाली फिल्म है।

### आर्टिकल 370 को छोड़ा पीछे

13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से आमिर खान और राव द्वारा निर्मित लापता लेडीज को अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म श्रेणी में शामिल करने का फैसला किया। इस लिस्ट में तमिल फिल्म महाराजा, कल्कि 2898 एडी, हनुमान, स्वातंत्र्य वीर सावरकर और आर्टिकल 370 भी लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि, बाजी लापता लेडीज ने मारी है।

यह बहुत ही खुशी की बात है कि भारत से 124 फिल्में ऑस्कर अवार्ड एंट्री के लिए पहुंची थीं, लेकिन मात्र 5 करोड़ बजट की यह फिल्म सफल हुई है। फिल्म ने पुरुष प्रधान परिवेश में भारतीय महिलाओं की स्थिति को बखूबी बयां किया है।
**रवि किशन**, अभिनेता

# तिरुपति मंदिर का शुद्धिकरण चार घंटे चला महाशांति यज्ञ

## प्रसाद विवादः रसोई को दूध-गौमूत्र से धोया

एजेंसी ■ हैदराबाद



आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। सोमवार सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की शुद्धि की गई। गौरतलब है कि आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि राज्य में वायएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। राज्य सरकार ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं की जांच के लिए एसआईटी बना दी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झारखंड के बरकट्टा जिला हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा में हुए शामिल

# सीएम मोहन बोले- हेमंत सोरेन जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह झारखंड के लिए खतरनाक

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस रास्ते पर जा रहे हैं वह रास्ता यहां की जनता के लिए खतरनाक है। राज्य के विकास और कल्याण के लिए उनके पास कोई ठोस उपाय नहीं है। कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों को झारखण्ड के विकास से कोई लेना देना नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही देश में आदिवासियों के विकास और सम्मान की ओर विशेष ध्यान दिया। आदिवासी बहन द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनने का मौका दिया गया। राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए आज यह परिवर्तन यात्रा आपके बीच आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज झारखण्ड में बरकट्टा जिला हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता हैं। दूसरे देश के नागरिक और जनप्रतिनिधि भी प्रधानमंत्री श्री मोदी जैसा प्रधानमंत्री अपने देश में चाहते हैं। विरोधी दल के नेता झूठ बोलते हैं। आपके वोट से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री अपने कुकर्मों की वजह से जेल जाते हैं। अबकी बार कोई झांसे में आने वाला नहीं है। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्थापित केंद्र सरकार में सभी राज्यों का भला हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार किसान सम्मान निधि से



किसानों को सहायता दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि का पूरा पैसा सीधे किसानों के खातों में जा रहा है। विरोधी दल चोर-चोर मोसेरे भाई हैं। इन पर भरोसा नहीं करें । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि झारखंड राज्य में अपार खनिज संपदा है। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को समृद्ध और अग्रणी राज्य बनाने की कामना की थी। लेकिन सोरेन सरकार ने पांच साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव के समय जनता की याद आई है। देश में जहां जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार जो कहती है वह करती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में हिन्दुओं की जनसंख्या घटती जा रही है, यह चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवर्तन यात्रा में उपस्थित जनता से दोनों हाथ की मुट्ठी बंधवाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प दिलाया।

### गिरिडीह विधानसभा में खिलेगा सुशासन और विकास का कमल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अबकी बार गिरिडीह विधान सभा चुनाव में जनता सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए कमल को जिताने जा रही है। डॉ यादव ने कहा कि झारखण्ड की जनता झारखण्ड मुक्ति मोर्चे के कु-शासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकास मॉडल में विश्वास करते हुए अबकी बार विधानसभा चुनाव में मुक्ति मोर्चे के पाखण्ड से झारखण्ड को मुक्त करवा देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को झारखण्ड विधान सभा चुनाव में गिरिडीह जिले की गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की जनता झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं उनके सहयोगी दलों को अब की बार चुनाव में सत्ता से बाहर उखाड़ फेंकने के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में भाजपा शासित राज्यों में केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से विकास की जो इबारत लिखी जा रही है उसको देखते हुए झारखण्ड की जनता ने वास्तविक विकास को प्राथमिकता देने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ जी और धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जी की पावन धरा पर अब भ्रष्टाचार और पाखण्ड को अब कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल की धरती के इस पुत्र को यह विश्वास है कि झारखण्ड के विकास के लिए आपका एक- एक वोट कमल के फूल को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी जी की इस हैट्रिक पारी का लाभ झारखण्ड के विकास को गति प्रदान करेगा और झारखण्ड में रोजगार और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि केंद्र एवं झारखण्ड में आने वाली सरकार डबल इंजन सरकार के रूप में झारखण्ड के विकास को बुलंदी पर ले जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वर्ण पदक विजेता शतरंज के खिलाड़ियों को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 45वें फीड चेस ओलम्पियाड में शतरंज की ओपन श्रेणी के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों सर्वश्री डी.गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और दिव्या देशमुख तथा कांतिका आग्रवाल को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। खिलाड़ियों की इस दोहरी स्वर्णिम सफलता पर उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अर्जित कर देश को गौरवभूषित कर मां भारती का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अथक परिश्रम, अद्वितीय प्रतिभा एवं अटूट टीम वर्क से ओलंपियाड में भारत को प्राप्त स्वर्ण पदक ने देशवासियों को आनंदित किया है। मुख्यमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों को भविष्य में इसी तरह सफलता के नए-नए कीर्तिमान रचते रहें और देश का गौरव बढ़ाते रहें।

### क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवहमान बनाएगी सेवराखेड़ी योजना

**भोपाल।** भोपाल जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि उज्जैन के लिए स्वीकृत सेवराखेड़ी- सिलारखेड़ी परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना के क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवहमान बनाएगी। मंत्रि-परिषद द्वारा स्वीकृत 614 करोड़ 53 लाख रुपए की इस परियोजना में सिलारखेड़ी जलाशय की ऊंचाई बढ़ाई जाकर इसकी जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इस परियोजना से उज्जैन जिले के लगभग 65 ग्रामों की 18 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। मंत्री सिलावट ने बताया कि परियोजना में ग्राम सेवराखेड़ी में बैराज बनाया जाएगा तथा इसमें वर्षा ऋतु में संग्रहीत पानी को लिफ्ट करके सिलारखेड़ी जलाशय में पहुंचाया जाएगा।

### सेना भर्ती रैली का परिणाम घोषित

**भोपाल।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल ने 22 से 30 अगस्त 2024 तक मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल में आयोजित अग्निवीर पुरुष, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा रैली का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस भर्ती रैली में भाग लेने वाले सफल उम्मीदवारों को बधाई दी गई है।

# आयुष्मान भारत जरूरतमंदों के लिए संजीवनी

### प्रधानमंत्री मोदी का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नागरिकों से समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए प्रारंभ की गई ऐतिहासिक आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रिन्यान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के सभी नगारिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत 6 वर्ष में देश के गरीब नागरिकों को बड़ी और गंभीर बीमारियों से उबरने और निरोग रहने की जो शक्ति मिली है, वो किसी संजीवनी से कम नहीं है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगभग 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश के एक करोड़ 20 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा है। अब तक 45 लाख प्रकरणों में उपचार सहायता भी दी जा चुकी है। मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के लाखों परिवारों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है।

#### योजना में जुड़ते नए आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को इस उपयोगी योजना का लाभ वृहद स्तर पर दिलवाया है। देश के करोड़ों हितग्राहियों को लाभान्वित कर चुकी इस योजना का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा। आयुष्मान भारत-जन आरोग्य योजना के माध्यम से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों का दायरा बढ़ रहा है। अब इस महत्वपूर्ण योजना में नया आयाम जुड़ रहा है, जिसके लिए बुजुर्ग जन अपना आशीर्वाद भी प्रधानमंत्री को दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना के संचालन से असंख्य परिवारों को बीमारियों के इलाज पर होने वाले बड़े खर्च से भी बचाया जा सका है। ऐसे लाभान्वित परिवार मोदी जी के आभारी रहेंगे। राज्य सरकार का संकल्प है कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक नागरिकों को अवश्यकता होने पर योजना का लाभ प्राप्त हो।



#### मुख्यमंत्री ने मंदिर व देवालयों में यथायोग्य प्रबंधन के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार्मिक भावनाओं और परम्पराओं के अनुरूप आने वाले नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के आयोजन के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। प्रदेश के सभी देवालय एवं मंदिरों में यथायोग्य प्रबंधन करने जिला प्रशासन सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का दशहरा और भी आनंदमयी होगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के बाद आगामी 3 अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व आरंभ होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार की सरकार और हमारी सरकार के माध्यम से प्रारंभ कार्यों के साथ हम धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैहर में शारदा मां, दतिया का पीताम्बरा पीठ, नलखेड़ा की बगलामुखी माता, उज्जैन की हरसिद्धि माता, विदिशा की चेतनपुर की माता जी सहित अन्य धार्मिक स्थान पर परिक्रमा स्थल एवं आने-जाने वाले मार्गों के मरम्मत कार्य तत्काल पूरे किए जाएं।

#### पीएम मोदी ने विकसित भारत के लिए नागरिकों के समग्र विकास का किया कार्य : डिप्टी सीएम

**इधर,** मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत मूलभूत कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए समस्त नागरिकों के समग्र विकास के लिए कार्य किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कुशलता, रोजगार-स्वरोजगार के अवसर सभी क्षेत्रों में जन-हितकारी योजनाओं से सभी नागरिकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया।



22 लाख से अधिक हितग्राहियों का निःशुल्क उपचार : शुक्ल ने कहा कि 22 लाख से अधिक हितग्राही इस योजना में निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार से लाभान्वित हुए हैं। राज्य में 1,000 से अधिक अस्पताल इस योजना में संबद्ध हैं। योजना में 7 हज़ार 200 करोड़ रुपए से 45 लाख पीड़ितों के उपचार का अनुमोदन किया गया हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों से संवाद किया और उनके अनुभव की जानकारी प्राप्त की। हितग्राही विनोद जैन ने बताया कि उनके हार्ट की बायपास सर्जरी हुई है।

### भाजपा का सदस्यता अभियान

# मप्र में एक दिन में बनाए 10 लाख से अधिक सदस्य



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान के तहत एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पार्टी ने एक दिन में 10 लाख से अधिक नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान में मध्य प्रदेश रिकॉर्ड बनाएगा। भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान चल रहा है। मध्य प्रदेश भाजपा ने इस बार डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। मध्य प्रदेश में भाजपा का नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश में 24 घंटे में 10 लाख से अधिक सदस्य बनाए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि पार्टी के मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर लोगों ने सदस्यता प्राप्त की है। इसके साथ ही 7.50 लाख से अधिक लोगों ने अपने फॉर्म जमा किए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने मध्यप्रदेश भाजपा की इस बड़ी कामयाबी पर समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने प्रदेश भाजपा टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह पार्टी की जमीनी पकड़ को और अधिक मजबूत बनाएगा।

#### युवा मोर्चा ने जोड़े रिकॉर्ड युवा

अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चलाया, जिससे पार्टी को बड़ी सफलता मिली। यह अभियान 3 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किया गया था और इसके बाद से यह लगातार जारी है। भाजपा युवा मोर्चा ने भी अभियान में रिकॉर्ड युवाओं को जोड़ा है। युवाओं के लिए दोन दिन विशेष अभियान चलाया गया था।

भाजपा के अब तक प्रदेश में 72 लाख से अधिक सदस्य बने चुके है। 67 लाख लोगों ने सदस्यता के लिए फॉर्म भरें है। पार्टी की योजना आगामी दिनों में इस संख्या को और बढ़ाने की है ताकि आगामी चुनावों में इसका व्यापक प्रभाव देखा जा सके।

# जिंदगी में कहीं न कहीं किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है : मंत्री

### प्रशिक्षु ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाहा ने प्रशासन अकादमी भोपाल में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सात दिवसीय प्रशिक्षण में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों को विभागीय कार्यों से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण का प्रथम सत्र में प्रमुख सचिव प्रशासन अकेडमी महानिदेशक जेएन कंसोटिया, प्रमुख सचिव उद्यानिकी अनुपम राजन, संचालक उद्यानिकी शशि भूषण सिंह, नंदा भलावे कुशरे, उप संचालक अकादमी डॉ. अनादि मिश्रा प्रशिक्षण संचालक सहित विभागीयें अधिकारी मौजूद रहे। नवागत कुल 184 आरईएचओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले बैच में 30 प्रशिक्षु को ट्रेनिग दी जा रही है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि



जिंदगी मे कहीं न कहीं किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है, चाहे वह प्रशासनिक अधिकारी हो या फिर राजनीतिक शख्सियत हो। कार्य के दौरान विभागीय फाइलों, टेंडर प्रक्रिया, कानून से जुड़े मामले देखने को मिलते है, जिनका ज्ञान होना बहुत आवश्यक है। उद्यानिकी विभाग एक परिवार की तरह है। यहां परिवार की समस्याओं का निदान करना भी हमारा दायित्व है। श्री कुशवाहा ने कहा कि उद्यानिकी विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार चिंतन कर रहे हैं। जिला स्तर एवं ग्रामीण स्तरों पर संचालित नर्सरी में मानव संसाधन की कमी है उन्हें जल्द ही पूर्ण करने पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान लगातार नर्सरीं की तरफ आशा से देखते हैं, अतः किसानों के उन्नत भविष्य के लिए नर्सरियों का आधुनिकरण होना बहुत आवश्यक है।

# सतत और समावेशी विकास लक्ष्यों की प्र्राप्ति में विधायिका की महत्वपूर्ण भूमिका : तोमर

### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर 10 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के भारत क्षेत्र सम्मेलन में शामिल हुए

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित 10 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के भारत क्षेत्र सम्मेलन में सहभागिता की और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में विधायिका की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन की माननीय अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। राज्यसभा के उपसभापति हरवंश, राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष एवं विधासभाओं के प्रमुख सचिवगण भी उपस्थित थे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि संसद और विधानसभा लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार हैं। इसके साथ



ही पंचायती राज संस्थाएं भी लोकतंत्र की बुनियाद रखती हैं। लेकिन पंचायती राज संस्थाएं भी संसद और विधानसभा के द्वारा बनाएं अधिनियमों से ही संचालित होती है। इसलिए लोकतंत्र का प्रकाश उपर से नीचे की ओर ही जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि सतत व समावेशी विकास से लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विधायिका की भूमिका बहुत ही सकारात्मक और सशक्त् होना चाहिए। इससे राष्ट्र को लाभ मिलेगा। तोमर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत अग्रणी देश है और हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सभी राज्य सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं। संसद और विधानसभाओं की अपनी-अपनी भूमिका है, और दोनों लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य करती हैं। हमारी विधायिका ने सतत विकास लक्ष्यों को सदैव प्राथमिकता दी है। तोमर ने कहा कि संसद द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फलस्वरूप वहां अनुसूचित जाति-जनजाति को आरक्षण का लाभ प्राप्त हुआ है। इसी तरह संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा देश की पहली विधानसभा ने जिसने बलात्कार के दोषी को फांसी की सजा देने के लिए कानून में प्रावधान करने के साथ ही एसे मामलों को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाने का की व्यवस्था की है। तोमर ने कहा कि 2047 तक हमें यदि विकसित भारत बनाना है तो सभी राज्यों की विधायिकओं को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

## कार्यक्रम

### साक्षरता कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक का किया जा रहा है उपयोग

# प्रदेश में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में 15 लाख परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में शिक्षा से वंचित 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाने के लिये नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा 22 सितम्बर रविवार को 52 जिलों में एक साथ सम्पन्न हुई। साक्षरता परीक्षा में 15 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही। प्रदेश में साक्षरता कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग संचालित कर रहा है। राज्य में अभी तक उत्तीर्ण नव साक्षर की संख्या 82 लाख 53 हजार से अधिक हो गई है।

#### साक्षरता कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक का उपयोग

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके लिये प्रदेश में गठित राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा एप विकसित किया गया है। डोर-टू-डोर सर्वे एवं साक्षरता कक्षाओं की मॉनीटरिंग जियो टैग के माध्यम से की जा रही है। प्रदेश में असाक्षर व्यक्ति जिन्हें बुनियादी साक्षरता का ज्ञान नहीं है



या साक्षरता का प्रमाण-पत्र नहीं है, उन्हें बुनियादी साक्षरता संख्यात्मक के साथ महत्वपूर्ण जीवन-कौशल जैसे वित्तीय साक्षरता, कानूनी जागरूकता, डिजिटल साक्षरता और व्यावसायिक कौशल सिखाने के लिये यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। साक्षरता कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के केडिट्स की मदद ली जा रही है। प्रदेश में असाक्षर व्यक्ति को उल्लास अक्षर पोथी के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। रविवार को हुई परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों की एंट्री ऑनलाइन पोर्टल पर की गई है।

#### मॉनीटरिंग में केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि हुए शामिल

मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के साक्षरता विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने भोपाल, रायसेन, सीहोर एवं देवास जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर परीक्षा की मॉनीटरिंग की।

प्रदेश में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास वर्ष 2022 से शुरू हुआ है और यह कार्यक्रम वर्ष 2027 तक निरंतर संचालित होगा। अभी तक 3 मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में शामिल स्वयं-सेवकों को अक्षर साथी का नाम दिया गया है। साक्षरता से जुड़े पाठ्यक्रमों को वीडियो के जरिये व्हाट्स-अप ग्रुप, यू-ट्यूब और पोर्टल के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

# सागर जिले की शिक्षिका दीक्षा पटेरिया इंदौर में हुई सम्मानित




सत्ता सुधार ■ भोपाल/सागर/सागर

सागर जिले के बंडा ब्लॉक के बहरोल संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिचपुरी की प्राथमिक शिक्षिका दीक्षा पटेरिया को इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर ने सम्मानित किया। दीक्षा पटेरिया को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, खंडवा नगर निगम की महापौर अमृता यादव सहित अनेक हस्तियां मौजूद थीं।

## ब्रीफ न्यूज

### माता रतनगढ़ पर आयोजित मेले की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक कल

**दतिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट जिला दतिया विनोद भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में शारदीय नवरात्रि मेला 03 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2024 तक एवं दीपावली दौज मेला 02 एवं 03 नबम्वर 2024 को आयोजित होने वाले मेले की तैयारी की समीक्षा बैठक 20 सितम्बर 2024 के स्थान पर 25 सितम्बर 2024 को होगी। समीक्षा के दौरान ड्राय-रन मॉकड्रिल भी किये जायेगें। उल्लेखनीय है कि यह सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं ड्राय-रन मॉकड्रिल पूर्व में 20 सितम्बर 2024 को होनी थी किन्तु विगत दिवसों में हुई अतिवृष्टि के कारण दतिया जिले में हो रही आपदा को दृष्टिगत रखते हुए समीक्षा बैठक स्थगित की गई थी। अब यह समीक्षा 25 सितम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे माता रतनगढ़ मंदिर परिसर में आयोजित की जायेगी।

### नहाने गए युवक की नदी में डूबने से मौत

**दतिया।** चिरूला थाना क्षेत्र के ग्राम नरेटा में अंगूरी नदी में नहाने के लिए गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। अगले दिन उसका शव नदी किनारे उतराता मिला। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए पहुंचाया और मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम नरेटा निवासी देशराज पुत्र हरप्रसाद अहिरवार ने पुलिस को बताया कि रामहजूर (40) पुत्र मन्नू अहिरवार रविवार को सुबह गांव के पास से निकली अंगूरी नदी में नहाने की कहकर गया था। इसके बाद वह घर लौटकर नहीं आया। परिजनों उसे तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चला।

### 23 सितम्बर तक जिले में कुल 848 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दतिया।** अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2024 से आज 23 सितम्बर 2024 तक जिले में कुल 848 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 1112 मि.मी., सेवढ़ा में 657 मि.मी., भाण्डेर में 857 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में कुल 766 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 686.85 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 760 मि.मी., सेवढ़ा में 539 मि.मी., भाण्डेर में 775 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 673.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। आज दिनांक 23 सितम्बर 2024 को जिले की औसत वर्षा निल दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में 2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जन अभियान परिषद ने उनाव में स्वच्छता अभियान चलाया

**दतिया।** कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशन में जिला समन्वयक विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत उनाव मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था प्रसफुटन समिति उनाव के सभी लोगों ने मिलकर स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत नगर में साफ सफाई कराकर स्वच्छता की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि श्री विशाल वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम यादव, राजीव शर्मा, नरेंद्र तिवारी, अनिल सेन, प्रदीप वर्मा एवं सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस और थांगटा प्रतियोगिता में खिलाडी कर रहे कौशल का प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ दतिया




स्कूल शिक्षा विभाग दतिया के तत्वाधान में 20 सितंबर से चल रही 68 वीं शालेय राज्य स्तरीय थांगता एवम टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एकल और टीम वर्गों में खिलाड़ियों ने अपने जोरदार खेल से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।.

गहोई वाटिका में जारी टेबल टेनिस के मुकाबलों में आज 14 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर विजेता, भोपाल उपविजेता तथा ग्वालियर संभाग तृतीय स्थान पर रहा. बालिका 14 वर्ष वर्ग में इंदौर संभाग विजेता, जबलपुर उपविजेता तथा सागर संभाग तृतीय स्थान पर रहा.17 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर विजेता, भोपाल उपविजेता तथा उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। 17 वर्ष बालिका वर्ग में इंदौर संभाग विजेता, उज्जैन उपविजेता तथा जबलपुर तृतीय स्थान पर रहा।19 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर विजेता, भोपाल उपविजेता तथा उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। 19 वर्ष बालिका वर्ग में इंदौर विजेता, जबलपुर उपविजेता तथा उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। स्टेडियम पर चल रहे थांगटा के मुकाबलों में ग्वालियर संभाग ने अपना दबदबा कायम रखा। आज प्रतियोगिता में आज रावतपुरा कॉलेज के प्रबंध न्यासी शांतनु अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी एसके शर्मा के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में फील्ड ऑफिसर रविन्द्र चौहान, रश्मि बाथरे, स्टेट ऑफिशियल्स बालकृष्ण सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह, अलका त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, अमित दुबे, संदीप मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, दतिया जिले के जीएम अरविंद गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, अमित तिवारी, विपत्ति राम शाक्य, सुरजीत सिंह, मलखान सिंह, मनीराम अहिरवार, सुधीर बुधौलिया, पंकज खरे आदि उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों की पैरवी अच्छी तरह की जाए: कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ दतिया



अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत कलेक्टर संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में न्यू कलेक्ट्रेट सभागार में सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिनियम के उपबंधों का क्रियान्वयन, पीड़ित व्यक्तियों का दी गई राहत, पुनर्वास तथा उससे संबधित मामले अधिनियम के अधीन मामलो का अभियोजन, अधिनियम उपबंधों के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/अभिकरणों की भूमिका, जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतिवेदनों का पुनः अवलोकन, नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1995 (पीसीआर एक्ट) जैसे विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में गिर्राज दुवे द्वारा बताया गया कि अधिनियम के अधीन दर्ज मामलों का अन्वेषण जांच हेतु पुलिस विभाग की ओर से अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दतिया, सेवढ़ा, भाण्डेर तथा डीएसपी अनुसूचित जाति थाना को नियुक्त किया गया है। अधिनियम के अधीन प्रकरणों की पैरवी हेतु शासन पक्ष की ओर श्री रमेश चंद्र का विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। अनुसूचित जाति/जनजाति राहत अंतर्गत आकस्मिकता योजना के तहत माह अप्रैल 2024 से जून 2024 तक 102 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें 94 प्रकरणों के 126 पीड़ितों को 64 लाख 12 हजार 500 सौ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। पुनर्वास तथा उससे संबधित 2 प्रकरण राहत हेतु प्राप्त हुए थे। जिनमें सहायता राशि स्वीकृत की जा चुकी है। माह जून 2023 के अंत में अनुसूचित जाति/जनजाति के कुल 380 प्रकरण माननीय विशेष न्यायालय में विचाराधीन है। नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 (पी.सी.आर. एक्ट) के अंतर्गत इस अवधि में पीसी आरे एक्ट को कोई प्रकरण पंजीवद्व पंजीवद्व नहीं हुआ है। इस दौरान कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन ने कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति की बस्तियों/छात्रावासों को अनुसूचित जाति/जनजाति की विभिन्न लाभकारी योजनाओं तथा इस नियम के प्रावधानों के पर्चे बटवाएं जाए। जिससे उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री माकिन ने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की अच्छी तरह से पैरवी की जाए और जो दोषी है उसे इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उपर्युक्त सजा दी जाए। उन्होंने सदस्यों द्वारा बताए गए उड़ीना में हुए नुकसान का सर्वे कराने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद, आदिम जाति कल्याण विभाग के संयोंजक श्री गिर्राज दुवे, उपसंचालक कृषि विभाग श्री डीएस सिद्वार्थ, उप पुलिस अधीक्षक(अजाक) श्री उमेश कुमार गर्ग, सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री निहारिका मीना, विशेष लोक अभियोजक श्री रमेशचंद्र चतर्वेदी,श्री रामजीशरण राय सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को होगा

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण दतिया कमलेश भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अक्टूबर 2024 को जिले में प्रतिवर्ष की भांति अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन रेडक्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की व्यवस्था हेतु प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया, सेवढा भाण्डेर, जिला शिक्षा अधिकारी दतिया, प्रौढ़ जिला शिक्षा अधिकारी दतिया, प्रभारी प्रमुख कलाकार सामाजिक न्याय विभाग दतिया एवं सचिव रेडक्रांस सोसायटी हनुमान गढ़ी के पास तथा नगरपालिका दतिया को निर्देशित किया गया है कि वे आयोजन की सौंपी गई जिम्मेदारी पूर्ण कर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री भार्गव ने बताया कि यह आयोजन वरिष्ठजनों को सम्मान देने हेतु थीम गरिमा के साथ वृद्वावस्था व्यक्तियों के लिए देखभाल और सर्मथन प्रणालियों के मजबूत करने के महत्व पर निर्धारित रहेगा।

# भारत विकास परिषद का सम्मान समारोह आयोजित



### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी हुई

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर की रेलवे कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को भारत विकास परिषद द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया।

विद्यालय के प्राचार्य सुभाष त्यागी ने बताया कि भारत विकास परिषद परिषद की श्योपुर इकाई द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर श्योपुर में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। भारत विकास परिषद के सचिव राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं खेलों में प्रांत स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों (आचार्यों) का भी श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। श्री शर्मा द्वारा भारत विकास परिषद के उद्देश्य एवम आगामी कार्यक्रम योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें श्योपुर जिले की सामान्य जानकारी रखने वाले भैया बहनों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष रोहित सिंह कुशवाह, सदस्य निशांत चौहान एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## नव युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं: चौधरी



**दतिया।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में चलाए जा रहे सदस्यता संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत सोमवार को दतिया ग्रामीण मंडल में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी मौजूद रहे।

भाजपा पदाधिकारीओ और कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि अतुल भूरे चौधरी का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण मंडल के ग्राम लिधौरा में ग्राम वासियों को भाजपा टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल दिलाकर एवं अन्य जानकारी भरकर भाजपा का सदस्य बनाया। भाजपा जिला मंत्री अतुल भरे चौधरी ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदस्यता अभियान एक पर्व है।

# संविधान की 9वीं सूची में शामिल किया जाये आरक्षण

### अजाक्स संगठन ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ श्योपुर




मप्र अनुसूचित जाती एवं जनजाती संयुक्त कर्मचारी संघ अजाक्स ने रविवार को एक ज्ञापन सीएम डॉ मोहन यादव के नाम जिला प्रशासन को सौंपा हैं जिसमें मांग की गई कि आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूचि में शामिल किया जाये एवं अनुसूचित जाति वर्ग की आरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न मांगों को अविलम्ब पूरा किया जाये। ज्ञापन सौंपते हुए अजाक्स जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष बाबू दौहरे ने बताया कि 01.08.2024 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जो आरक्षण से संबंधित निर्णय दिया गया है, वह असंवैधनिक है जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के सवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन किया गया है। भारत सरघ्कार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग को आरक्षण से हमेशा वंचित किया जाता रहा है जो न्यायसंगत नही है। ज्ञापन में मांग की गई कि मध्याप्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण पूर्व की भांति लागू किया जावे। भारत सरकार सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 01 अगस्त, 2024 के असंवैधानिक निर्णय पर अध्यादेश/संशोधन लाकर निरस्त किया जाये, आरक्षण को भारत सरकार संविधान की 9वीं अनुसूचि में शामिल किया जाये, संविधान प्रदत्त आरक्षण आर्थिक आधार पर नही है, बल्कि यह जातीय, असमानता व छुआछूत की वजह से है, संविधान में एससी/एसटी के लिए आरक्षण में कीमीलेयर का कोई प्रावधान नही है। इसलिए भविष्य में रोक लगाने लिए भारत सरकार आवश्यक कदम उठाए जाये। उच्च व निम्न स्तर के पदों में अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग का बैकलॉग पूरा किया जाए जो आज तक कभी भी पूरा नही हुआ है।

# पीडीएस सेल्समेन से मारपीट करने वालो के खिलाफहो कार्यवाही

### सहकारिता समिति कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन




**श्योपुर।** जिले के विजयपुर ब्लॉक के ग्राम गढ़ी में पीडीएस विक्रेता के साथ हुई मारपीट को लेकर सहकारिता समिति कर्मचारी संघ ने एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपते हुए मारपीट करने वाले उपद्रवियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौंपते हुए म.प्र.सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि विजयपुर तहसील के ग्राम गढ़ी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विकेता रतीराम धाकड व तुलावटी सुनील धाकड की गांव के कुछ लोगो व्दारा पिछले माह के खाघ्यान को लेकर मारपीट की गई है जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिन लोगो ने विक्रेता एव तुलावटी की मारपीट की है उन सभी उपद्रवीयो पर शासकीय कार्य में बाधा डालनें का प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि इस तरह सरकारी कार्य में बाधा डालना न्याय संगत नहीं हैं क्योंकि कोई शिकायत है तो उसे उचित मंच पर शिकायत करना चाहिए, इसके बावजूद कुछ सूत्रो से पता चला है कि विक्रेता के खिलाफआरोपियों द्वारा झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया है जो निरस्त किया जाना चाहिए ताकि विक्रेता को न्याय मिल सके। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई है कि अगर पीडित विक्रेता के साथ मारपीट करने वालो पर कार्यवाही नहीं होती है तो जिलेभर के शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेता अनिश्चितकालीन कलमबंद आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालो में विजय सिंह रावत, ओमप्रकाश, सुरेश, महेन्द्र कुमार सहित कई सहकारी समिति के ऋर्मचारी एवं विक्रेता मौजूद रहे।

## कार्तिक तिवारी को राज्य स्तरीय सम्मान




**श्योपुर।** जिले के बडौदा तहसील के ग्राम पांडोला के रहने वाले कार्तिक तिवारी को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान बीते दिनो गोल्डन जुबली ऑडिटोरियम गोविंदराम सेक्सरिया इंस्ट्रीयूट ऑफटैक्नोलॉजी एंड साइंस इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, पुष्यमित्र भार्गव महापौर नगर पालिका निगम इंदौर, श्रीमती अमृता अमर यादव महापौर नगर पालिका निगम खंडवा मौजूद रही ।

**आयोजन** — दिव्यांगजनों को रेलवे पास, बस रियायत पास, ट्राइसाईकिल, बैशाखी, हाथ छडी आदि सहायक उपकरण वितरण किये गये

# मूक वधिर दिव्यांग सभी विधाओं में पारंगत: धीरू दांगी

सत्ता सुधार ■ दतिया



आयुक्त सामाजिक न्याय के निर्देशानुसार, कलेक्टरर जिला दतिया के मार्गदर्शन में दिनांक 23 सितम्बजर 2024 को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजगजन सशक्तिकरण जिला दतिया में दिव्यांग जनों विशेष रूप से श्रवण बाधित के हित में संचालित विभिन्नं योजनाओं एवं दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार प्रदाय अधिकार एवं सुविधाओं से जागरूकता लाये जाने हेतु मूक वधिर दिव्यां गें छात्र, छात्राओं के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत दतिया अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरू दांगी, कमलेश भार्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, धनंजय मिश्रा अति. मुख्यि कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, राधा वल्लकभ मिश्रा समाज सेवी, राजू त्यांगी समाज सेवी, संजय भार्गव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलवलन किया गया। मुख्य् कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ किये जा रहे कार्यो से विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा सामाजिक न्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा साईन लैग्वेज में स्वच्छ भारत मिशन एवं नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ ली। इस मौके पर रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मूक वधिर विध्यांलय के बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से स्वच्छता, नशा मुक्ति, वृद्धजनों के सम्मान का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को नशा मुक्ति के पंपलेट, संकल्प, शपथ, पत्र वितरित किए गए। दिव्यांग बच्चों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा खाना परोस कर खिलाया गया। मुकेश माने जिला समन्वयक स्व्च्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान सीडब्यूएसएन छात्रावास, मूक वधिर अशासकीय संस्था, मूक वधिर आवासीय विध्यालय, अजय मैमोरियल ट्रस्ट के दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

# पोषण माह अभियान अंतर्गत डीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

### अनुपस्थित मिली कार्यकर्ता को नोटिस जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड के मार्गदर्शन में जिले की आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण माह अभियान के तहत सुपोषण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास ओपी पाण्डेय ने पोषण माह अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के सर्वेक्षण के क्रम में आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम ककरधा, भेला-भीमलत तथा गांधी भेला ग्राम स्थित आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें पोषण माह अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई, साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा बनाये जा रहे आधार कार्ड के बारे में अवगत कराया गया।पाण्डेय ने आंगनबाडी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सघन वजन अभियान, टीकाकरण तथा किशोरी एवं धात्री महिलाओं को दी जाने वाली आयरन टेबलेट के साथ ही टेक होम राशन वितरण का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उन्होने वजन रजिस्टर का अवलोकन भी किया।

## वन विभाग के सेवानिवृत्त एसडीओ पर गंभीर आरोपों की होगी जांच

# जांच दल की खुशी में मनाई पार्टी

# निष्पक्ष जांच को लेकर उठने लगे सवाल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वन विभाग से सेवानिवृत्ति एसडीओ राजीव कौशल द्वारा ग्वालियर मंडल में पदस्थी के दौरान पदीय दायित्वों का दुरूपयोग कर निजी हितों को साधने के साथ ही वन विभाग को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने को लेकर की गई शिकायती फाइल से अब धूल झड़ने वाली है। आय से अधिक संपत्ति सहित नियम विरुद्ध तरीके से जब्त वाहनों को मुक्त करने जैसे गंभीर आरोपों के साथ पूर्व में शिकायत की गई थी। इस मामले की जांच करने के लिए विभाग ने टीम गठित कर दी, लेकिन जांच शुरू करने से पहले ही टीम की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कौशल एसडीओ वन मंडल ग्वालियर में अक्टूबर 2018 में पदस्थ हुए और उसके बाद 2023 में यहीं से सेवानिवृत्ति ली है। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने राजीव कौशल की ग्वालियर तैनाती के दौरान उनके द्वारा भ्रष्टाचार और कदा चरण के गंभीरतम आरोपों के साथ शासन से शिकायत की थी। लेकिन मामले की जांच पूरी होती उससे पहले राजीव कौशल सेवा निवृत्त हो गए मगर शिकायत का निराकरण नहीं पाया था। सूत्रों के अनुसार रिटायरमेंट के बाद विभाग को क्षति पहुंचाने के साथ आय से अधिक संपत्ति अर्जन के मामले से परेशान सेवानिवृत्त एसडीओ वन राजीव कौशल काफी परेशान थे इसीलिए शायद अक्सर सीसीएफ कार्यालय के चक्कर लगाते रहते थे। खबर है कि नौकरी में जौहर दिखाने वाले रिटायर एसडीओ राजीव आखिरकार इस जांच के मामले में भी अपना कौशल दिखाने में कामयाब रहे और मनमाफिक फैसला आने के लिए मनमाफिक जांच दल गठित करा लिया है। यह टीम वन मंत्री द्वारा 26 सितंबर को करहाल में लगवाए जा रहे वन समितियों के स्वास्थ शिविर के समापन उपरांत जांच को आगे बढ़ाएगी।





फाईल फोटो

### जीत से पहले जश्न ?

खबरिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गठित जांच दल से कौशल साहब इस तरह उत्साहित हुए कि खुशी में उन्होंने टीम से जुड़े सदस्यों को बुलाकर आवभगत में पार्टी तक कर डाली है, क्योंकि टीम में जो नाम शामिल किए गए हैं उनमें उनके परम मित्र जैसे लोग भी शामिल हैं, ऐसे में जांच की धार कैसी होगी और कौशल साहब का कौशल कितना रंग दिखाएगा, इस पर भी नजर रखी जा रही है।

### इनका कहना

इस संबंध में मुझे पत्र मिल गया है, वन मंत्री द्वारा 26 तारीख को आयोजित वन, समितियों के स्वास्थ शिविर के बाद ही उसको देखेंगे।

**संजीव सिंह**
**जांच अधिकारी (एसडीओ वन करहाल)**

## जमुना ऑटो इंडस्ट्री ने लगाए स्वास्थ्य परीक्षण कैंप



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मालनपुर ग्राम के वाणी भारती स्कूल तथा सिंगवरी ग्राम के गर्वमेंट मिडिल स्कूल मे निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंप को जमुना ऑटो इंडस्ट्री कंपनी के महाप्रबंधक एन.एम.क्यू समसी के मार्गदर्शन में किया गया। इसकी योजना जगत सिंह निरंजन के द्वारा बनाई गई जिससे ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वास्थ सेवाएं मिलती रहे। कंपनी के डॉ. राजेश शाक्य ने डॉक्टर की टीम को आमंत्रित किया। फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर में हेल्थ कैंप के माध्यम से अनेक प्रकार की सुविधा ग्रामीणवासियों को उपलब्ध करवाई जिसमें डॉ. सपना भदौरिया ने महिलाओं का स्वास्थ्य चैकअप किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित ने संस्थाओं की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए की प्रोग्राम ऑफिसर राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने फैमिली प्लानिंग के हेल्थ चेकअप के बारे में बताया। हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. नरेंद्र सिंह उपस्थित थे जिन्होंने सभी रोगियों का हृदय चेकअप किया एवं हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ के रूप में अमन मेवाड़ ने शिविर में आने वाले लोगों लोगों के घुटनों का चेकअप किया और कमर दर्द जैसी समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारियां दी तथा उन्हें जागरूक किया। जमुना ऑटो इंडस्ट्रीज के प्रेम नारायण शर्मा, महेंद्र सिंह, मुंशी तोमर, राम रतन, पार्षद शब्बीर खान और संजू शर्मा ने अपना विशेष योगदान दिया। 2 दिन के इस हेल्थ चेकअप कार्यक्रम में करीब 284 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में पंकज अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। पैरामेडिकल की छात्रा प्रियांशी, शिवानी सिंह, शिवानी, किशोर, बरखा आदि ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

### लायंस क्लब ग्वालियर आस्था की द्वितीय कार्यकारिणी संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

लायंस क्लब ग्वालियर आस्था की द्वितीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन होटल व्हाइट सीजन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन वंदना जाजू ने की।




इस दौरान अक्टूबर माह में सर्विस वीक के कार्यक्रम, नवंबर में दीवाली मिलन तथा दिसंबर में आई चेकअप कैंप को लेकर चर्चा की गई। सभा में मुख्य अतिथि पीडीजीएमजेएफ लायन नितिन मांगलिक, विशिष्ट पास्ट आरसी लायन सुनील शर्मा, आईपीपी लायन रश्मि अग्रवाल, पास्ट जेडसी लायन ज्योति अग्रवाल, लायन प्रीति सिंह, पूर्व अध्यक्ष लायन संगीता जौहरी, रेखा मथुरिया, सचिव वंदना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रोमा जैन, सरोज गोयल, आकांक्षा गोयल आदि सदस्य उपस्थित थे।

### स्त्री शक्ति मंच ने की 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' प्रतियोगिता

**ग्वालियर।** स्त्री शक्ति मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसमें सभी मेंबर्स ने बेटी का पूजन कर उनको उपहार भेंट किए। जिसमें प्रथम पुरस्कार दिव्यांशी अग्रवाल व उनकी बेटी अम्बिका अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार गीता लक्षकार व उनकी बेटी श्रेया लक्षकार विनर रहीं। बाकी सभी प्रतियोगियों को स्त्री शक्ति मंच की ओर से प्राइज और सर्टिफिकेट प्रदान किए जायेंगे। इस अवसर पर प्रीती सोनी, सोनिया शर्मा, अर्चना सिंह, डॉ. अनुराधा, स्मिता पांडे, निशा लक्षकार, रिंकी लक्षकार, कल्पना सिंह, दीक्षा भदौरिया, ऋतु लक्षकार, अमृता शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

### आदिवासी छात्रावास में किया नेत्र परीक्षण

**ग्वालियर।** लिनेस क्लब ग्वालियर ने राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आदिवासी छात्रावास में नेत्र परीक्षण का आयोजन किया। इस



दौरान छात्रावास में निवासरत छात्राओं के नेत्र परीक्षण किए गए और दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरभि एक्सप्रेस न्यूज पेपर के संपादक केसी राजपुरिया और काजल राजपुरिया को संस्था ने मूमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सलमा कुरेशी, श्रीमती उषा सिकरवार, श्रीमती सुनीता सिकरवार, मीना जैन, अरुणा ताई, शोभा सक्सेना, सुशीला तलुजा मौजूद रहीं।

### पंजाबी सेवा समिति का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 29 को

**ग्वालियर।** पंजाबी सेवा समिति का निशुल्क परीक्षण शिविर 29 सितंबर को हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी शिंदे की छावनी पर प्रात: 9:30 से 12:00 तक लगाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा, सचिव अजय बत्रा, उपाध्यक्ष तिलक राज बेरी, प्रवीण नागपाल, मनोज जुनेजा, कोषाध्यक्ष अशवनी जुनेजा एवं मीडिया प्रभारी राजू पंडित ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण किया जाएगा जिसमें डॉ. दुष्यंत देव हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत लहरिया हड्डी जोड़ विशेषज्ञ, डॉ. हेमंत गुप्ता डायबिटिक थायराइड विशेषज्ञ, डॉ. एसपी साहनी नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. रजनीश नीखरा फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। शिविर में शुगर, बीपी, सीबीसी, यूरिक एसिड, थायराइड, की नि:शुल्क जांच की जाएगी। वहीं ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल की जांच आवश्यकता अनुसार होगी।

### प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा 24 सितंबर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में मोदी जी के जीवन पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग के प्रभारी विजय दुबे उपस्थित रहेंगे।

## 6 अक्टूबर को हिन्दू महासभा कराएगी लश्कर बंद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई वृहद बैठक में निर्णय लिया गया है कि 6 अक्टूबर को लश्कर क्षेत्र को दोपहर 1:00 बजे तक पूर्णता बंद रखा जाएगा। इस बंद से अस्पताल सब्जी एवं दूध की आवश्यक चीजों को मुक्त रखा गया है। वहीं युवक हिंदू महासभा का जिला सम्मेलन 29 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे हिंदू महासभा भवन दौलतगंज में करने का निर्णय लिया। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में यदि हिंदुओं के देवी देवताओं का अपमान हो तो हिंदूओं चुप रहो, वरना लोकेश शर्मा पर लगाए गए अपराधी प्रकरण जैसे अपराधी प्रकरण आप पर भी लगा दिए जाएंगे। इसलिए हिंदू महासभा सनातन धर्म की रक्षार्थ अपने सिद्धांत और विचारों के अनुकूल लोकतंत्र में दिए गए अधिकारों के तहत विरोध प्रकट कर रही है। मैच के विरोध की घोषणा हिंदू महासभा भवन में 14 अगस्त को मैच का घोषणा करते ही जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा, डॉ. जयवीर भारद्वाज, अर्चना सिंह चौहान ने उसी दिन कर दी थी। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज ने कहा कि जिस प्रकार तिरुपति बालाजी में लड्डुओं प्रसाद के साथ जो कांड सामने आया है उससे लाखों में हिंदू करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को आघाद हुआ है। पत्रकारवार्ता में जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा, संभागीय महिला प्रवक्ता श्रीमती अर्चना सिंह चौहान, श्याम श्रीवास्तव, आनंद माहौर, भूपेंद्र नामदेव, विक्रम भगत, रामकिशन राठौर, धर्मेंद्र बरेलिया, निहाल सिंह सुरोजिया, प्रदीप नामदेव, आशीष चौहान, देवेंद्र नामदेव, नितिन करोसिया, शनि अष्टैया, आदित्य भार्गव एडवोकेट, मुकुंदा अग्रवाल, सुधा पाल, विमलेश देवी, गुड्डन बाथम सहित अनेक उपस्थित थे। संचालन आनंद माहौर ने किया।




## मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम भिलाई रवाना

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति मध्यप्रदेश के सचिव संजय सिंह तोमर एवं सह सचिव उमेश बाबू गुप्ता ने बताया कि 8 सितंबर 2024 को भोपाल में पूर्व रणजी खिलाड़ी बृजेश तोमर की देखरेख में मध्यप्रदेश टीम का चयन किया गया था। मध्यप्रदेश टीम को प्रशिक्षण कोच डिंपल लोधी एवं संजय पाल पूर्व भारतीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी द्वारा 19 सितंबर से भोपाल के टीआईटी ग्रुप के क्रिकेट मैदान में दिया गया। मध्यप्रदेश टीम 23 सितंबर को भोपाल से भिलाई, छत्तीसगढ़ के लिए अमरकंटक एक्सप्रेस से रवाना की गई। यह टीम 25 सितंबर से 29 सितंबर 2024 तक आयोजित सेंट्रल जॉन प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसके अलावा राजस्थान, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम भी शामिल है। मध्यप्रदेश टीम अपना पहला मैच विदर्भ के साथ 25 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे खेलेगी। जिसका लाइव प्रसारण फेनकोड पर दिखाया जाएगा।



**इन्होंने दी बधाई:** समापन समारोह में टेक्नोक्रेट इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य मेहर पटेल एवं गीता शर्मा वरिष्ठ खेल पत्रकार, पूर्व खिलाड़ी व्यास, वरिष्ठ क्रिकेटर संतोष हिंगवासिया, खेल अधिकारी आरके शर्मा ने टीम को बधाई दी तथा जीत की शुभकामनाएं देकर टीम को टेक्नोक्रेट विद्यालय से रवाना किया।

**इस प्रकार है टीम :** टीम में सचिन सिसोदिया राजगढ़ (कप्तान), योगेन्द्र भदोरिया ग्वालियर, आकाश यादव छिंदवाड़ा, शिवप्रताप तोमर मुरैना, नितिन चतुर्वेदी शिवनी, विजय यादव बैतूल, ईश्वर चंद शाजापुर, गोपाल सिंह रीवा, नितिन बाथम इंदौर, मोहित मेहरा हरदा, जितेंद्र पाराशर हरदा, राहुल यादव भिंड, आशीष उपाध्याय रायसेन, यश रजत जबलपुर शामिल हैं। इसके अलावा डिंपल लोधी (कोच) व अजय उपाध्याय (मैनेजर) रहेंगे।

### भाजपा सदस्यता अभियान में शामिल हुए ऊर्जा मंत्री

## सदस्यता अभियान नये भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम : ऊर्जा मंत्री

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भाजपा के संगठन पर्व के तहत चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सोमवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उप नगर ग्वालियर के विभिन्न मंडलों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा सदस्यता अभियान के संभागीय प्रभारी विजय दुबे, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह भदौरिया, भाजपा ग्वालियर विधानसभा सदस्यता प्रभारी धारा सिंह सेंगर, मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह तोमर, बृजमोहन शर्मा, मनमोहन पाठक, आकाश श्रीवास्तव,जिला मंत्री दीपक शर्मा, बिट्टू तोमर सहित पार्षद और पूर्व पार्षद मौजूद थे।



इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ताओं में है, हम साथ मिलकर हर चुनौती का सामना करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें संगठन पर्व, सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने हजीरा सिविल अस्पताल के बाहर भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होकर भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर सदस्यता लेने वाले नव सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महावीर कॉलोनी में आयोजित सदस्यता अभियान में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के इस प्रयास में आप सभी के सहयोग और समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आव्हान किया कि हम साथ मिलकर नए भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता राष्ट्र निर्माण और जन-जन के उत्थान की दिशा में एक कदम है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा के सदस्य बनें और अपने सहपाठियों को भी सदस्य बनाकर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने दुर्गादास चौंक, क़िला गेट, फोर्ट व्यू कॉलोनी, महावीर कॉलोन तथा 12 बीघा कॉलोनी में संत रविदास मंडल के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होकर घर-घर जाकर नए सदस्यों को जोड़ते हुए कहा कि एक साथ मिलकर हम विकास और सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप ग्वालियर में चार से

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अमेच्योर पावरलिफ्टिंग फेडरेशन आफ इंडिया (एपीएफआइ) के तत्वावधान में एवं मध्यप्रदेश रा-पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन व जीवाजी क्लब की मेजबानी में राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 4 से 6 अक्टूबर तक क्लब में आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप में देश भर से करीब ढाई सैकड़ा महिला-पुरुष पावर लिफ्टर चुनौती पेश करेंगे। एपीएफआई के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह रईखेड़ा, मप्र पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष रवींद्र सत्यार्थी व सचिव शुभम प्रताप सिंह ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया, प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। एक-दो दिन में आयोजन की विभिन्न समितियां का गठन कर जिम्मेदारी सौंप दी जाएंगी। प्रतियोगिता में ग्वालियर मध्य प्रदेश समेत पश्चित बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से 250 महिला-पुरुष खिलाड़ी और 40 आफिशियल शामिल होंगे। खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था कंपू स्थित एक निजी होटल में और आफिशियल प्रतियोगिता स्थल जीवाजी क्लब में ही की गई है। 50 से 100+ वजन वर्ग में खिलाड़ी स्काट, बैंच प्रेस और डेडलिफ्ट में पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे।

#### चार कैटागरी में चुने जाएंगे स्ट्रांग मैन-वूमन

एपीएफआई के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह रईखेड़ा ने बताया, इस प्रतियोगिता में जूनियर, सबजूनियर, सीनियर और मास्टर में स्ट्रांग मैन-वूमन को खिलाड़ी को विशेष ट्राफी दी जाएगी। स्ट्रांग मैन-वूमन ट्राफी उस खिलाड़ी को मिलेगी जिनका तीनों इवेंट (स्काट, बैंच प्रेस, डेडलिफ्ट) में वजन उठाने में सर्वाधिक योग होगा।

**सत्ता न्यूज**

### निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन जल विहार आयोजित किया गया

## लेखा समिति के अध्यक्ष बने अनिल सांखला, निर्विरोध चुने सात सदस्य

**ग्वालियर।** नगर पालिक लेखा समिति के निर्वाचन हेतु नगर निगम ग्वालियर के निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन जल विहार स्थित नगर निगम ग्वालियर के सभाकक्ष में सभापति मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें निर्विरोध सात सदस्य चुने गए।



नगर निगम की लेखा समिति का निर्वाचन नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। लेखा समिति के निर्वाचन अधिकारी एमएलबी कॉलेज के प्रोफेसर नीरज झा ने चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी परिषद के सभी सदस्यों को दी तथा निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कराई। निर्वाचन के लिए कुल सात ही आवेदन आये जिस पर सभापति मनोज सिंह तोमर ने सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने सदस्यों की घोषणा की। जिसमें वार्ड 50 के पार्षद अनिल सांखला, वार्ड 16 के पार्षद महेन्द्र आर्य, वार्ड 26 की पार्षद ममता अरविंद शर्मा, वार्ड 65 की पार्षद गीता भूपेन्द्र कुशवाह, वार्ड 8 के पार्षद मनोज राजपूत, वार्ड 9 की पार्षद अनीता रामू कुशवाह एवं वार्ड 35 की पार्षद चांदनी जंगबहादुर चौहान निर्विरोध चुने गए। नगर निगम की लेखा समिति के निर्वाचन हेतु नगर निगम ग्वालियर के निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन आयोजित कर लेखा समिति के सात सदस्यों को निर्विरोध चुना गया। इसके पश्चात लेखा समिति के गठन के उपरांत लेखा समिति के अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु लेखा समिति के सदस्यों का प्रथम सम्मेलन आयोजित कर सर्व सम्मति से लेखा समिति का अध्यक्ष अनिल सांखला को चुना गया। इस अवसर पर सभापति मनोज सिंह तोमर एवं नेता प्रतिपक्ष हरिपाल एवं पार्षदगणों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई शुभकामनाएं दी।

## पुलिस के पहुंचते ही जुआरिओं में मची भगदड़

### हार-जीत के दांव लगाते 6 धरे, 17600 कैश मिला

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**उपनगर मुरार में आर्मी फायरिंग रेंज के पास फड़ सजाकर हार- जीत के दांव लगा रहे जुआरिओं में पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी कर छह लोगों को मौके से पकड़ लिया, जिनके कब्जे से ताश की गड्डियों सहित 17600 रुपए कैश भी मिला है।**



मुरार टीआई मदन मोहन मालवीय ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि आर्मी फायरिंग रेंज के पास टीपीटी में कुछ लोग फड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस पर थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया, तो पुलिस को देखते ही वहां मौजूद जुआरिओं में भगदड़ मच गई। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके से छह जुआरिओं को दबोच लिया गया, जिनके पास से ताश की गड्डियों के अलावा कुल 17600 रुपए नगदी भी बरामद हुई है। पकड़े गए जुआरिओं में सोनू राजपूत निवासी बड़ागांव, बनवारी लाल पाल निवासी खुरैरी, योगेंद्र सिंह किरार निवासी बड़ागांव, आकाश परिहार निवासी ग्राम करगवां थाना बिजौली, शिवराम कुशवाह निवासी खुरैरी व निहाल परिहार निवासी करगवां शामिल हैं। जिनके विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कायमी की गई है।

#### मास्टरमाइंड हुआ गायब

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक स्थानीय दबंग द्वारा उक्त जुए का फड़ संचालित किया जा रहा था। जो वहां दांव लगाने आने वालों से दावा करता था, कि मैंने सब सेट कर रखा है, जिससे यहां पुलिस नहीं आएगी। बताया गया है कि पुलिस के पहुंचने पर वह गायब हो गया। जिससे अब पता लगाया जा रहा है, कि यह मास्टर माइंड आखिर कौन है, और वह किसके दम पर ऐसा दावा कर रहा था।



▪ मधुकर पवार

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली भारत की छवि

विगत 19 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उज्जैन प्रवास पर थीं। इस दौरान उन्होंने महाकाल परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान कर यह संदेश दिया कि चाहे कोई व्यक्ति कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो, स्वच्छता उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान देशव्यापी जन आंदोलन बन गया है। मध्य प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर ने लगातार सात बार देश का स्वछतम शहर बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल को सबसे स्वच्छ राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। राज्य के अनेक शहर वाटर प्लस और ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में पुरस्कृत हुए हैं। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों का श्रेय अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण सन 2025 तक चलेगा। इस दौरान हमें संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा करना है।

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भी राजस्थान के झुंझुनू जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के अधिकांश परिवारों में शौचालयों का नहीं होना एक अभिशाप था। इससे सबसे ज्यादा बेटियों और महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन से उनका सम्मान और गौरव बढ़ा है। यूनिसेफ के सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि उन्हें सम्मान मिला है और वे सुरक्षित महसूस करती हैं। हाल ही में एक शोध में पाया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि भारत में सन 2014 के बाद से हर साल 60,000 से 70,000 नवजात शिशुओं की जान बच रही है।

भारत में स्वच्छ भारत मिशन को शुरू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं। इस दौरान चरणबद्ध तरीके से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता अभियान के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इस अभियान से बच्चे, युवा, जवान और बुजुर्ग सभी जुड़े और यह देखते ही देखते जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया। गांव-गांव और शहर- शहर में स्वच्छता को लेकर होड़ सी लग गई और इसके परिणाम स्वरूप गांव, जिला और प्रदेश सहित समूचे भारत में स्वच्छता की बयार बहने लगी। पूरे भारत में आम जनता की सक्रिय भागीदारी से खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर दिया गया। करीब 10 साल पहले स्वच्छता को लेकर हमारी मानसिकता पर जो गर्द जमी हुई थी, वह अब पूरी तरह साफ हो गई है। हमारी नजरें अब स्वच्छता के बीच केवल गंदगी पर ही जाकर टिकती है। जब चारों ओर स्वच्छता का वातावरण बन रहा है तब कहीं जरा सी भी गंदगी रहती है, वहीं हमारी नजरें ठहर जाती हैं। यह स्वच्छता को लेकर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। स्वच्छता को लेकर प्रशासन के साथ आम नागरिकों में भी जुनून सवार है तभी तो मध्य प्रदेश का इंदौर शहर भारत में सबसे स्वच्छ शहर का तमगा लेकर 7 सालों से शीर्ष पर बना हुआ है। इसमें आम नागरिकों और स्वयं




सेवी संगठनों का भी सहयोग अतुलनीय है। इंदौर को केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी स्वछतम शहर के रूप में मान्यता मिली हुई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि अन्य शहर भी इंदौर से स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर बराबर आने या इससे आगे निकलने की होड़ में शामिल होने के लिए जी तोड़ मेहनत करने लगे हैं। चूंकि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और निरंतर स्वच्छता को लेकर सजग रहकर इसके विभिन्न मापदंडों के स्तर को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अब स्वच्छता धीरे - धीरे आम नागरिकों की आदत में शामिल होने लगा है । इसी का परिणाम है कि आज स्वच्छता के मापदण्डों पर भारत की छवि एक स्वच्छ राष्ट्र के रूप में बन रही है।

भारत में सन 2014 से पहले निर्मल भारत अभियान चलाया जा रहा था जिसमें केवल शौचालय बनाना ही एकमात्र लक्ष्य था लेकिन राशि इतनी कम ( मात्र 4600 रूपये ) थी कि इससे किसी तरह शौचालय ही बना पाते थे। यह कार्यक्रम औपचारिकता मात्र बन कर रह गया था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की, शौचालय बनवाने के लिये राशि को बढ़ाकर 12,000 रूपये कर दिया जो शौचालय बनवाने के लिये पर्याप्त कही जा सकती है। शौचालयों के निर्माण के साथ पेयजल, स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त शहर - गांव आदि को भी इस अभियान में शामिल कर व्यापकता प्रदान की गई । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले मकानों में शौचालय बनाना अनिवार्य कर दिया जिससे स्वच्छता अभियान को नया आयाम मिला और गरीबों विशेषकर महिलाओं को सम्मान । इसका परिणाम यह हुआ कि सन 2014 में जहां देश में शौचालयों का प्रतिशत करीब 40 था, जो अब बढ़कर करीब 97 प्रतिशत हो गया है। देश में 11.6 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया गया है कि भारत खुले में शौच से मुक्त हो जाए। आज की तारीख में भारत के 50% गांव ओडीएफ प्लस मॉडल हो चुके हैं। भारत करीब - करीब खुले में शौच से मुक्त यानी ओ.डी.एफ. के आसपास पहुंच चुका । स्वच्छ भारत मिशन में पेयजल उपलब्ध कराना भी एक महत्वपूर्ण कारक है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है। राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश के करीब 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से लगभग 13.76 करोड़ यानी 71.51 प्रतिशत परिवारों के घरों में नल से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है। शहरी और अर्ध शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ घर से निकलने वाले सूखे, गीले, जैव अपशिष्ट और इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक अपशिष्ट के व्यवस्था शुरू करने से शहरी स्वच्छता में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। घर से निकलने वाले सभी तरह के कचरे को घर से ले जाने के लिए सभी नगरीय क्षेत्रों में माकूल व्यवस्था की गई है। अनेक शहरों में गीले कचरे से जैविक खाद और बायोगैस बनाई जा रही है। उज्जैन के महाकाल सहित देश के अनेक धार्मिक स्थलों में फूल, पत्तियां से अब जैविक खाद बनाने के अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। इससे धार्मिक स्थलों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हो रहा है, कुछ लोगों को रोजगार भी मिल रहा है और धार्मिक ट्रस्टों को आमदनी भी होने लगी है। देश में रिसायकल नहीं हो सकने वाली पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वच्छता के लिये तीन आर यानि रिड्यूस, रियूज और रिसायकल अर्थात आवश्यकता कम करना, पुन~ उपयोग करना और पुनर्चक्रीकरण पर बल दिया गया है। इस प्रयास से आम नागरिकों के व्यवहार में भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है। एक बार ही उपयोग (सिंगल यूज) में आने वाले प्लास्टिक / पोलिथीन से बने गिलास, प्लेट्स आदि का विवाह, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में रोक लगाने के लिये प्रभावी कदम उठाए गये हैं। अनेक नगरीय निकाओं और ग्राम पंचायतों ने बर्तन बैंक बनाकर पोलिथीन मुक्त शहर / ग्राम बनाने की दिशा में अनुकरणीय पहल की है। भारत में इस समय चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा - 2024 एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान है जो स्वच्छ और स्वस्थ भारत के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। इस अभियान की विषयवस्तु स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता है। यह स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दशक के परिवर्तनकारी कार्यों पर आधारित है, जिसने 2014 में अपनी शुरूआत के बाद से भारत के स्वच्छता परिदृश्य को मौलिक रूप से नया आयाम प्रदान किया है। पिछले दस वर्षों में स्वच्छता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हो गया है। अब भारत की छवि स्वच्छ भारत के साथ स्वस्थ भारत के रूप में भी बन रही है। स्वच्छता को बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती है लेकिन यह असम्भव भी नहीं है।

**– भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी**

**इन दिनों समूचे भारत में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक व पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों तथा आसपास के परिसरों आदि की साफ - सफाई के लिये विशेष सफाई अभियान चलाकर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि स्वच्छता अभियान सतत चलता रहे।**

# पितृसत्ता पर सीधा प्रहार करती फिल्म स्त्री-2

शैतान ने जो सबसे बड़ी चाल चली, वह दुनिया को यह विश्वास दिलाना था कि उसका कोई अस्तित्व नहीं है। द यूजुअल सस्पेक्ट्स। यह उद्धरण स्त्री- 2 के लिए एक उपयुक्त प्रस्तावना के रूप में कार्य करता है। एक हॉरर कॉमेडी जिसने न केवल बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाया बल्कि दर्शकों को सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। अपनी रोमांचक सतह के नीचे, स्त्री-2 फिल्म पितृसत्तात्मक उत्पीडऩ पर एक गहन टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करने वाली गहरी सामाजिक संरचनाओं को चजागर करती है। फिल्म शहर के एक शांतिपूर्ण इलाके में पुरुष होती है, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ती है जल्द ही एक डरावनी वास्तविकता को उजागर करती हुई आगे बढ़ती है। एक रहस्यमय राक्षस पूरे शहर को परेशान करता दिखता है। जो खुली सोच वाली तरक्की पसंद तन युवा महिलाओं को अपना शिकार बनाता है जो पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को चुनौती देने की हिम्मत करती हैं। रक्रस दमनकारी सामाजिक ताकतों का एक प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करता दिखता है। जो उन महिलाओं को निशाना बनाते है जो सपने देखने, स्वतंत्र रूप से सोचने और परंपरा के दायरे से बाहर कदम रखने की हिन्नत विखाती है। यह विचलित करने वाला रूपक तन तमाग विमाओं को विकसित करता चलता है कि कैरो पितृसत्तात्मक समाज महिलाओं के व्यक्तित्व और उनकी इच्छाओं की निगल जाता है। समाज उनके अस्तित्व को नियंत्रित करने के लिए किस तरह भय का वातावरण तैयार करता है।





डॉ. पूजा दिक्षित

फिल्म महत्वपूर्ण किरदार राजकुमार राव को इर्द-गिर्द घुमती हैं। जो फिल्म में एक महिला दर्जी की भूमिका में है। पारंपरिक सोच वाले पितृसत्तात्मक समाज में यह पुरुशों के लिए एक अपरंपरागत पेशा है। फिल्म की भूमिकाएं परम्परागत लैंगिक भूमिकाओं को मरोड़ती दिखती है। सामाजिक रूढयि़ों को चुनौती देती है और संबंधों के आधुनिक कैनवास पर नयी गतिशीलता दर्ज करती दिखाती है। श्रद्धा कपूर का किरदार एक भूत से प्यार अलग ही तरह की डायनेनिक्स है। एक ऐसी दुनियां जहां प्यार समानता और हिस्सेदापी जैसे मुददों पर खुलकर बात होती है। जहाँ पुरुष-महिला के सह-अस्लिल्या, सहयोग और समानता के नए शैतिजों का विस्तार करती हुई फिल्म आगे बढ़ती है। बश्रद्धा कपूर का किरदार परम्पराओं के पहाड़ पर प्रहार तो प्रभावी ढंग से करता है पर फिर भी महिलाओं के इंद्र में चंसी स्त्री-2 की कहानी महिला पीला को बार-बार याद दिलाती है। फिल्म कैसे पितृसत्तात्मक रौटिंग में नेविगेट करते हुए यह अनुग्रह और शक्ति को संतुलन के साथ आगे बढ़ती है। यह दर्शकों को राजग, राजीव और सचेत बनाए सबता है।

जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है कहानी गायब होने की एक श्रृंखला के साथ घनी होती जाती है। गैर-अनुरूपता को हिंसक परिणामों पर यह टिप्पणी इस बात की कड़ी पाद दिलाती है कि पितृसतात्मक व्यवस्था नियंत्रण बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म के पुरुष पात्री का? चित्रण जो दिखने में साधारण पुरुष से लेकर क्रूर हमलावर तक है, दर्शाता है कि पितृरसता कैसे भ्रष्ट और विचलित व्यवहार को सामान्य मानती है। समाजशास्त्रीय लेस में स्वी-2 समाज के भयावह पक्षों को परत-दर-परत उड़ती हुई आगे बढ़ती है। पुरुष पात्र पशुवत और विश्वलित व्यवहार के वाहक हैं। जो पग-पग पर वास्तविक दुनिया के हमलों, हिंसा, छेडछाड और कुरताओं में प्रकट होती है। फिल्म स्मार्टली सम्झाती है कि कैसे पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था इन कूर भयावहताओं को महिलाओं को नियंवित करने के तरीकों के रूप में संचित लहराती है जो स्थापित रुढयि़ों को मानने से इनकार करती है। यह विलित व्यवहार महिला स्वतंत्रता पर प्रहार है उनके आमाजिक दमन का हथियार है। खासकर उन लोगों के लिए जो प्रतिबंधात्मक जैनिक भूमिकाओं से मुक्त हो जाते हैं। फिल्म को अतिरिक्त सम्मान इस बात के लिए भी मिलना चाहिए कि केवल समस्या को उठाने तक सीमित नहीं दिखती है। जैसे-जैसे कथानक आगे बढ़ता है. फिल्म की रील उस रियल सामाजिक व्यवस्था का चित्रण पेश करती है जिसमें महिलाएं रिस-रिस कर रिक्त होने को अभिशप्त है। फिल्म का चरमोत्कर्ष अर्धनारीश्वर की अवधारणा को आयाजित करता है। जो स्त्री-पुरुष ऊर्जा के अजय स्रोत का एक मूल केन्द्रीय आख्यान है। जो इस सामाजिक वैचारिकी में रूपक के रूप में प्रयुक्त होता है कि सच्चा सामंजस्य और समानता पुरुषों महिलाओं के बीच परस्पर सम्मान और रागानता में निहित है। लैंगिक भूमिकाए कठोर होने के बजाय गतिशील होनी साहिए। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर पुरुषत्व और स्त्रीला दोनों के अक्यव है। सम्यक सामाजिक दृष्टि पितृसतात्मक परंपराओं को चुनौती देते हुए एक ऐसे समाज की आकांक्षा करती है जहां लैंगिक समानताएं सम्मानपुर्वक प्रश्रय पाती हो। स्त्री-2 न सिर्फ पितृसत्तात्मक हिंसा की आलोचना करती है बल्कि सामाजिक पाखंडों पर प्रहार करती है। शहर जो बाहरी रूप से एक शांतिपूर्ण और स्वागत करने वाला समुदाय विखता है। मूलत वहां पूर्वाग्रहों और कतरनाक रुढयि़ों का केरा है। पूरी फिल्म में छिडक़ा हुआ हास्य और व्यंग्य इन पाखंडी समाज व्यवस्था का पोस्टमार्टम करता है। कई किरदार हमें याद दिलाते चलते है, आगे बढ़ते है कि पितृसता का जहरीला अभियान कितना भी प्राचीन क्यों न हो. फिर भी उसे चुनौती दी जा सकती है। हास्य, हॉरर और सामाजिक आहवाहन को अंतर्गुम्फित कर फिल्म सत्कृष्ट मानकों के साथ नए सामाजिक मूल्यों को मान्याता की पैरवी की प्रस्तुती है।

## राजकाज



### बढ़ती अर्थव्यवस्था में बैंकों में नोटों की कमी?

सरकार दावा करती है, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। इस बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के बाद भी रोजगार पैदा नहीं हो रहे हैं। देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। बैंकों में जमा कम होता जा रहा है। बैंकों में नगदी कम हो रही है। कर्ज और डिपाजिट का संतुलन बिगड़ गया है। भारत के लोगों को समझ में नहीं आ रहा है, कि जब अर्थव्यवस्था इतनी तेजी के साथ बढ़ रही है। तो आर्थिक तंगी क्यों है।

### विश्व बैंक ने बताया भारत में 17 फ़ीसदी पर पहुंच गई बेरोजगारी

विश्व बैंक की रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। उसमें बताया गया है, कि भारत में बेरोजगारी की दर 17 फ़ीसदी पर पहुंच गई है। निजी निवेश भारत में कम होता जा रहा है। पिछली तिमाही में निवेश 9.7 फ़ीसदी था। जो चौथी तिमाही में घटकर 6.46 फ़ीसदी पर आ गया है। विश्व बैंक भारत की आर्थिक हालात पर चिंता जाता रहा है। वहीं भारत सरकार तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का झुनझुना बजा रही है। सरकार जो कह रही है, उसे तो मानना ही पड़ेगा। सरकार पर सत्ता का नशा होता है। नशे में वास्तविकता का एहसास नहीं होता है। यही सत्य है।

### आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया में फंसी जनता

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़े अजीबो गरीब दावे किए जा रहे हैं। बैंक से कर्ज लेने की वृद्धि दर 16.8 फ़ीसदी है। जबकि डिपॉजिट दर 11.1 फ़ीसदी, पिछले दो सालों से देखने को मिल रही है। बैंकों में कम डिपॉजिट आना चिंता का विषय है। जनता के ऊपर कर्ज बढ़ता जा रहा है। कर्ज चुकाने के लिए पैसे नहीं है। बैंक जनता को और कर्ज देने को तैयार नहीं है। लोगों की बचत खत्म हो गई है। आमदनी घट गई है और खर्चा बढ़ गए हैं। बैंकों ने क्रेडिट रेटिंग के कारण कर्ज देना भी बंद कर दिया है। जिन डिफाल्टर को कर्ज मिल भी रहा है। वह दुगनी ब्याज दर में मिल रहा है। आम जनता, आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया के चक्कर में चकर-घिन्नी बनी हुई है। सरकार अभी भी यह मानकर चल रही है। जनता के पास बहुत पैसा है। नए-नए टेक्स् लगाए जा रहे हैं। पेट्रोल डीजल के दाम सरकार कम नहीं कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम पिछले 7 महीने में 50 फ़ीसदी घट गए हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम इसके बाद भी नहीं घटाए हैं। सरकार मस्त है,जनता त्रस्त है।

### सरकारी खर्चों की कमी से बैंकों की आर्थिक हालत खराब

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने दावा किया है। सरकार ने सरकारी खर्च को घटाया है। जिसके कारण बैंकों की आर्थिक हालत खराब हो रही है। भारत की प्रति व्यक्ति आय थाईलैंड, मलेशिया और चीन की तुलना में बहुत कम है। सरकारी खर्च घटने से बैंकों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। बैंकों का डिपाजिट बहुत कम हो गया है। ऐसी स्थिति में बैंकों को अपनी लाज बचाए रखने में तकलीफ होने लगी है। इस स्थिति को देखते हुए रिजर्व बैंक की भी चिंता अब बढ़ गई है।

## फीचर



# सिगरेट पीने से जल्दी आयेगा बुढ़ापा

**ताजा अध्ययन में पहली बार उम्र ढलने की गति और सिगरेट पीने के संबंध पर शोध किया और पाया गया है कि सिगरेट पीने से इंसान की उम्र ढलने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने सिगरेट पीने का सफेद रक्त कोशिका में मौजूद ल्यूकोसाइट टेलीमियर की लंबाई कम होने से बहुत ही गहरा संबंध है।**

अगर आप सिगरेट पीते हैं तो सावधान हो जायें, इससे समय से पहले ही बुढ़ापा आने का खतरा बढ़ जाएगा। ताजा अध्ययन में पहली बार उम्र ढलने की गति और सिगरेट पीने के संबंध पर शोध किया और पाया गया है कि सिगरेट पीने से इंसान की उम्र ढलने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने सिगरेट पीने का सफेद रक्त कोशिका में मौजूद ल्यूकोसाइट टेलीमियर की लंबाई कम होने से बहुत ही गहरा संबंध है। पाया गया है कि ज्यादा सिगरेट पीने से टेलीमियर की लंबाई कम हो जाती है जो उम्र घटने का कारण होता है। यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में यह अध्ययन मिलान में हैंगझोऊ नॉर्मल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सियू दाई ने प्रस्तुत किया था जो प्रस्तुत किथा जिसमें अध्ययन ने दर्शाया है कि धूम्रपान, सिगरेट की मात्रा ल्यूकोसाइट टेलोमियर की लंबाई कम करते हैं जो कि ऊतकों में सुधार, उनके पुनर्निर्माण और उम्र ढलने की प्रक्रिया के संकेतक है। दूसरे शब्दों में धूम्रपान उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। इस खुलासे को समझने के लिए टेलोमियर की कार्य को समझना जरूरी है। वे जूते के लेस में प्लास्टिक या धातु के उस सिरे की तरह होते है जो उन्हें शीर्ष से खराब होने से बचाते हैं।

डीएनए में टेलीमियर क्रोमोजोम्स के अंत या सिरे की सुरक्षा के लिए होते हैं। लेकिन कोशिकाओं के हर विभाजन के साथ ही वे थोड़े से छोटे हो जाते हैं। इससे कोशिका के विभाजित होने की क्षमता में कमी आ जाती है। उनके बहुत ही छोटे हो जाने पर कोशिका मर जाती है जो कि उम्र ढलने की प्रक्रिया का हिस्सा है। पहले भी माना जाता रहा है कि श्वेत रक्त कोशिकाओं या फिर ल्यूकोसाइट में टेलोमियर का धूम्रपान से कुछ संबंध है। लेकिन वर्तमान अध्ययन पहला ऐसा शोध है जिसमें धूम्रपान, सिगरेट पीने की मात्रा और टेलोमियर के घटने के बीच संबंध की पड़ताल हुई है।, इसके लिए डॉ दाई और उनकी साथी डॉ फेन चेन ने यूके बायोबैंक के सेहत और अनुवांशिकी संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसमें शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक के 472174 प्रतिभागियों के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया।

## प्रेरणा

# वाणी का शरीर पर प्रभाव

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है । इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतत्वाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।



## अपनी बात



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक समय था जब हरियाणा में एक सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार बढ़ता था और जब दूसरी सरकार आती थी तो गुंडागर्दी बढ़ती थी। हमने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी दोनों को खत्म करने का काम किया है। हमने 10 साल में इतनी नौकरियां दीं, क्या आपको कहीं खर्ची या पर्ची देना पड़ा? कांग्रेस की सरकार में नौकरियां बांटने का काम कांग्रेस के दलाल करते थे, भाजपा की सरकार में डाकिया घर आकर नियुक्ति पत्र दे जाता है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बीते 10 साल में बिना भेदभाव के हरियाणा में काम हुए हैं। मेरे पास सौ लोग आए, 50 के काम हुए और 50 पेंडिंग रहे, कल उन कामों को किया जाएगा। लोग भी इस बात को समझते हैं। हमारी मंशा, सोच है कि जो भी व्यक्ति हमारे यहां आए, उसका काम पूरा हो। इसके लिए हम डटकर प्रयास करते हैं। 10 साल में जमीन आसमान का अंतर नजर आएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरानी रंजिश पर युवक के साथ दो लोगों ने की मारपीट

**गुना।** जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम हस्तानपुर में पुरानी रंजिश पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मोहन पुत्र वंशी बारेला निवासी ग्राम हस्तानपुर ने घायल अवस्था में अपने लड़के सोहन के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात वह अपनी मोटर सायकिल से खेरीखता से अपने गाँव हस्तनापुर जा रहा था। जैसे ही वह बुखारी और हस्तानापुर के बीच डी.पी. के पास पहुँचा, तभी सामने हस्तनापुर तरफ से बुखारी के सिलदार भील, उसका भाई मन्नू भील पैदल आ रहे थे। जो उसे देखकर रुक गये। जिस पर उसने भी अपनी मोटर सायकिल रोक ली, तभी मन्नू भील ने उसकी मोटर सायकिल की चाबी निकाल ली और गाली गलौंच करने लगा। इसी बात पर दोनों ने लाठी-डंडे से उसकी मारपीट कर दी। जिसमें उसके सिर में चोट लगकर खून निकल आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने की छोटे भाई से मारपीट

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम निवेरी में बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जागीर सिंह पुत्र जयराम मीना ने अपने मझले भाई भारतसिंह मीना के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह तीन भाई है। बड़ा भाई अमरसिंह मीना, मझला भाई भारतसिंह एवं वह सबसे छोटा है। एक साल पहले हम भाई अलग अलग हो गए थे। वह और मझला भाई भारतसिंह मीना साथ रहते है। बड़ा भाई अमरसिंह हमसे अलग रहता है। गत सुबह वह अपने खलियान में खड़ा था, तभी उसका बड़ा भाई अमरसिंह मीना खलियान बंटवारे के ऊपर से उसको गाली देने लगा। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो उसने चैन पाने से उसकी मारपीट कर दी। जिसमें उसके सिर में चोट लगकर खून निकल आया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी बड़े भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### अग्निवीर रैली के अंतिम परिणाम घोषित, सफल अभ्यार्थी 26 को भोपाल में होंगे उपस्थित

**गुना।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा 22 से 30 अगस्त तक मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में अग्निवीर पुरूष, सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा कि रैली का आयोजन किया गया था। रैली का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीना ने बताया कि उम्मीदवार की वेबसाइट से परिणाम देख सकते है। सफल उम्मीदवारों को उनके रजिस्टर्ड ई-मेल के माध्यम से भी सूचित किया गया है। सभी सफल अभ्यार्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ 26 सितम्बर, को प्रातः 8 सेना भर्ती कार्यालय भोपाल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## शराब के नशे में धुत्त कार सवार युवक का तांडव

# गाड़ी से एक्टिवा चालक को उड़ाया, बछड़े को रौंदा

### दुर्घटना में एक्टिवा सवार किशोर की हालत गंभीर, गाय के बछड़े ने मौके पर तोड़ा दम

सत्ता सुधार ■ गुना

लोगों के लिए जानलेवा बन चुका गायत्री मंदिर चौराहे के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने एक गाय के बछड़े और एक एक्टिवा चालक को रौंद दिया। जिसमें गाय के बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक्टिवा सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले जिला अस्पताल, फिर सोमवार सुबह परिजन निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। घटना देर रात 10 बजे के करीब है। गाड़ी चला रहा युवक बुरी तरह शराब के नशे में धुत्त था। घटना यातायात पुलिस थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर हुआ। घटना के बाद लोगों ने युवक को पकड़कर पहले तो बुरी तरह धुनाई की, बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी अंशु शर्मा एक कांट्रेक्टर के साथ गुना आया हुआ था। वह पिछले तीन दिन से शहर में था। रविवार रात एबी रोड स्थित एक्सचेंज व यातायात थाने के पास उसने नशे में धुत होकर




अपनी कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूबी 0400 से कई खड़ी गाड़ियों को उड़ा दिया। इस हादसे में सिसोदिया कॉलोनी निवासी अक्षत भटनागर, जो एक्टिवा सवार था, गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही, एक गाय की भी मौके पर मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि शहर में गायत्री मंदिर से नानाखेड़ी मंडी गेट तक एक जानलेवा डेंजरजोन बन चुका है। जिसमें आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं सामने आ रही है। वहीं देर रात शहर में नशे में धुत्त होकर युवक बुरी तरह अपनी कारें चला रहे हैं। जिन पर यातायात पुलिस का कोई अंकुश नहीं है।

### कंटेनर ने ठेकेदार को रौंदा, मौत

इधर जिले के म्याना थानांतर्गत म्याना ओवरब्रिज के निकट बाईक सवार ठेकेदार को कंटेनर ने रौंद दिया। जिसमें ठेकेदार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार म्याना ओवरब्रिज के ऊपर से एक ठेकेदार मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करने जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उन्हें रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मजदूर उन्हें तत्काल गुना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन यहां उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महेश कुमार पुत्र उदयराज जाटव निवासी म्याना गत दिवस बाइक से गुना आ रहे थे। इसी दौरान घटित सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई मोहर सिंह ने बताया कि महेश ठेकेदारी का काम करता था। छत डालने के लिए लेवर का पेमेंट करने वह शाम को बाइक से गुना आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए महेश कुमार को जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टमकिया गया।

# रेलवे पुल से नीचे ट्रेक पर गिरा ट्रक, बड़ा हादसा टला



### आधे घंटे तक बंद रहा रेलवे का यातायात, दो घायल

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के नजदीक से गुजरे फोरलेन हाइवे वायपास पर बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहां रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर से एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। हादसे के बाद एहतियात के तौर पर करीब आधा घंटा रेल यातायात को भी रोकना पड़ा। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचीं पुलिस ने क्रेन मशीन से रेलवे ट्रेक के नजदीक ट्रक को हटाया। वहीं ट्रक में फंसे ड्राइवर सहित दो लोगों को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल

ड्राइवर नीरज ने बताया कि 14 चक्का ट्रक में सोयाबीन और चना भरा हुआ था। इंदौर से वह ग्वालियर की ओर जा रहे थे कि रात को अचानक ट्रक का टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और ओवरब्रिज से नीचे गिर गई। ड्राइवर ने बताया कि उसके बाद या हुआ,इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल दोनों घायल खतरे से बाहर बताए जाते हैं। इधर रात को हुए हादसे के बाद आज सुबह से भी मौके पर भीड़भाड़ बनी रही। इस बारे में केंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने बताया ट्रक इंदौर से ग्वालियर की तरफ जा रहा था। जिसमें डॉलर चना और सोयाबीन भरा था। हादसे से की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार आवश्यक : डां. रघुवंशी




सत्ता सुधार ■ गुना

सेवा भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित सुपोषित भारत समर्थ भारत कार्यक्रम का समापन सेवा भारती आनंद धाम के अध्यक्ष डॉ. एलके शर्मा के नयापुरा गुना स्थित राज सोनोग्राफी पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सेवा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु के लिए महिलाओं को पोषण आहार बहुत आवश्यक है। गर्भावस्था के समय महिलाओं को पोष्टिक आहार के साथ-साथ व्यायाम, निश्चित टीके एवं आयरन की गोली बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. एलके शर्मा ने बताया कि कुपोषण गर्भ से शुरु होता है। जिसके लिए सबसे महत्वपूर्ण सही विधि हर त्रैमासिक जांच गर्भवती महिला की होनी चाहिए। प्रथम त्रैमासिक जांच से भविष्य में होने वाले कुपोषण और मातृ मृत्यु दर की संभावना को चिन्हित कर उसे रोकने का प्रयास और बाद में हर त्रैमासिक जांच से इनको निम्नतम पर लाया जाता है। जो कि 2011 से अटल बाल मित्र योजना के तहत ये प्रकल्प चल रहा है।जिससे लगातार इन आंकडो में सुधार आ रहा है। डॉ. शर्मा के द्वारा चल रहे सेवा कार्यो का गुना में विशिष्ट स्थान प्राप्त है। समापन कार्यक्रम में सेवा भारती के विभाग समन्वयक अनुज कान्त उदैनिया, जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय, बृजेश श्रीवास्तव, जिला कार्यालय प्रमुख नरेंद्र सेंगर, जिला समन्वयक प्रमोद यादव के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के साथ उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुना।** जिले की बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी को मात्र 16 घंटों में ही गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत् 22 सितंबर की शाम को एक विवाहित महिला द्वारा बीनागंज चौकी पर रिपोर्ट करते हुए बताया था कि 20 सितंबर की रात में वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान ग्राम आवन निवासी रामजीवन जोगी उसके कमरे में घुस आया और अंदर से दरबाजा बंद कर उसका मुंह दबा लिया एवं उसके साथ जबरदस्ती गलत काम कर वहां से भाग गया। जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी रामजीवन जोगी निवासी ग्राम आवन थाना राघौगढ़ के विरुद्ध चांचौडा थाने में अप.क्र. 444/24 धारा 64(1), 332(बी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बलात्कार के उपरोक्त प्रकरण को चौकी पुलिस द्वारा गंभीरता से लेकर प्रकरण के आरोपी की सघनता से तलाश की गई एवं इसमें अपना मुखबिर जाल विछाकर आरोपी की तलाश में निरंतर दविशें दी गई।

### चोरी की घटना के बाद लगातार उठ रहे विरोध के स्वर के बीच ट्रस्ट पदाधिकारियों ने तोड़ी चुप्पी

# टेकरी से लाखों लोग जुड़े हैं, दो-चार लोग अनर्गल बातें करते हैं तो हम उनका मुंह बंद नहीं कर सकते

सत्ता सुधार ■ गुना

हनुमान टेकरी धाम पर हुई चोरी की घटना के बाद ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को लेकर शहर में लगातार उठ रहे सवालों और विरोध के स्वरों के बाद अब टेकरी ट्रस्ट कमेटी ने अपनी सफाई पेश की। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल एवं गुलशन जुनेजा ने कहा कि शहर काफी बड़ा है, हर आदमी की अलग-अलग मानसिकता है। जैसी जिसकी मानसिकता है वैसे वह विचार डाल रहे हैं। अच्छे विचार वालों को सब अच्छा लगता है जिसके विचार खराब है उसे हमेशा बुरा ही बुरा लगता है। टेकरी धाम पर अखंड भंडारा शुरू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तक टेकरी पर निर्माण कार्य चल रहा था, अभी दो साल तक और निर्माण की कार्ययोजना है।



हमारी भी प्राथमिकता है कि एक अखंड भंडारा चलता रहे। जिसमें बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों को भोजन की व्यवस्था की जाए। हमारे पास अभी संतों एवं श्रद्धालुओं को ठहरने की व्यवस्था है। बसें की बसें यहां आती है यहां ट्रस्ट द्वारा उन्हें ठहरने की समुचित व्यवस्था की जाती है तो रात को रूककर सुबह दर्शन कर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। इसका रजिस्टर भी बकाया हमने व्यवस्थित कर रखा है। पुस्तकालय की मांग पर उन्होंने कहा कि धार्मिक किताबों के लिए तो हमने एक दुकान बनाई है। शहर के जो लोग सवाल उठा रहे हैं वह भी अपना समय देकर, टेकरी के काम में आगे आए। जो काम उनकी मर्जी से होना है हम इसके लिए भी तैयार हैं। वो लोग सहयोग करें। आज मान लो लायब्रेरी बनते हैं तो लायब्रेरी की जिम्मेदार एक व्यक्ति ले, लायब्रेरी उसे संचालित करे, हमें कोई आपत्ति नहीं है, ट्रस्ट उसे वहन करेगा। उन्होंने कहा कि आगे भविष्य में हमे शिव पंचायत की स्थापना करना है, जिसका कार्यक्रम जनवरी 26 में लंबित है। उसके बाद हमारा गर्भगृह का काम लंबित है। अभी जो काम चल रहा है उसमें आगे की ओर एलिवेशन मार्बल का काम चल रहा है। इसके अलावा नीचे भी एलिवेशन का काम चल रहा है। अभी नीचे गेट बगैरा लगवाए हैं। सरस्वती मंदिर में भी मार्बल काम जल्द होगा। टेकरी पर पुनः चोरी जैसी घटना न हो, इसके सवाल पर उन्होंने कहा कि एसपी द्वारा यहां एक-चार का गार्ड लगवाया गया है। हम टेकरी पर स्थाई पुलिस चौकी की मांग कर रहे हैं, यदि स्थाई चौकी मिल जाती है तो स्थाई समाधान हो जाएगा। निजी सुरक्षा गार्ड पर ज्यादा विश्वास नहीं कर सकते। वहीं टेकरी ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने कहा यहां से लाखों लोग जुड़े हैं, अनर्गल बातें करने वाले दो-चार लोग का कोई मुंह बंद नहीं कर सकता। किसी को कष्ट है कि टेकरी ट्रस्ट का हिसाब नहीं होता है। मैं आपको बता दूं कि टेकरी ट्रस्ट का विधिवत ऑडिट होता है। हम प्रतिवर्ष का हिसाब मंदिर पर टांग कर रखते हैं। किसी और मंदिर पर यह होता है। किसी की आंखें बंद हो तो हम क्या कर सकते हैं। हम सक्षम अधिकारी को पैसों का हिसाब देते हैं। टेकरी पर क्या हुआ है, यह विशाल मंदिर आप देख रहे हो, यह सब ट्रस्ट की कार्यप्रणाली है। ट्रस्ट का पूरा समर्पण है।

# म्याना स्वास्थ्य केंद्र पर लगा आयुष्मान आरोग्य शिविर

सत्ता सुधार ■ गुना

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्याना में डॉ स्वाति शर्मा मेडीकल आफीसर के नेतृत्व में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ स्वाति शर्मा एवं डॉ नाजिद खान द्वारा सभी प्रकार के रोगियो का परीक्षण किया गया। इसमें सभी प्रकार के संभावित रोगियों की निशुल्क जांच की गई और निशुल्क उपचार किया गया। इस दौरान लेप्रोसी, सिकलसेल एनसीडी के रोगियो की जॉच की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई और सभी प्रकार की रोगों की निशुल्क दवा वितरण की गई। इस दौरान टीवी रोग की 26 लोगों के खखार जॉच सैंपल कराए गए और संभावित रोगियो के एक्स-रे की जांच हेतु मरीजों को चिन्हित किया। इस दौरान राजेश



भार्गव द्वारा उपस्थित सभी लोंगो को टीबी के लक्षण व उपचार बताते हुए कहा कि टीबी बीमारी निकलने पर डॉट्स का उपचार मुफ्त एवं 500 रु प्रतिमाह पोषण सहायता दी जायेगी। शिविर में छोटेलाल, पंकज रघुवंशी, आशीष रघुवंशी ने दवा वितरण कार्य किया। इस दौरान किशोर जैन, धर्मेन्द्र, राम निवास, मोंटू भिलाला एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

'स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर परिषद आरोन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत नगर के संकादिक आश्रम एवं शासकीय कान्यशाला विद्यालय में विशेष सफाई का अभियान चलाया गया। साथ ही नागरिकों से नगर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु अपील की गयी। उक्त गतिविधि में सीएमओ दिनेश कुमार



सोनी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत भदौरा में गठित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्राओं ने स्थानीय कुएं की सफाई की गई तथा सफाई के बाद उसमें ब्लीचिंग पाउडर भी डाला गया। इसी प्रकार हाई स्कूल गढ़ा में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**बैठक** | साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# डेंगू के लिए नपा की कचरा गाड़ी से चलाई जाए जनजागरूकता, सड़कों से जारी रहे लावारिस गौ-वंश का कार्य

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिपं सीईओ विशाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जिया फातिमा सहित समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा सभी अनुविभागीय अधिकारी, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त सीईओ जनपद तथा समस्त सीएमओ व्हीसी के माध्यम से वर्चुअली संबद्ध रहे। बैठक के दौरान समय सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि जिन पत्रों पर कार्यवाही हो गई है, उनका जवाब फीड किया जावे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इस बार 'डी' ग्रेडिंग में लोक निर्माण विभाग, श्रम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, अनुसूचित जनजाति एवं जाति, मत्स्य ग्रामोद्योग विभाग अपनी ग्रेडिंग में सुधार के लिए अभी से प्रयास करें। इसी प्रकार निर्माणाधीन सीएम राइज एवं नवीन सीएम राइज से संबंधित स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा की गई एवं निर्देशित किया गया कि इनकी पृथक-पृथक पीपीटी तैयार की जावे। जिले के विद्यालयों में बिजली, पानी, पंखे, रोड एवं रसोई आदि से संबंधित पीपीटी तैयार करने के निर्देश डीपीसी को दिये गये थे, परंतु उनके द्वारा जानकारी की पीपीटी तैयार नही करने पर नाराजगी व्यक्त की गई और निर्देशित किया गया कि टीएल से पूर्व पीपीटी तैयार कर प्रस्तुत की जावे।

**आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन होगा 30 सितंबर तक :** शासन के निर्देश अनुसार दिनांक 20 सितंबर से 30 सितंबर तक ''आयुष्मान पखवाड़ा'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी थीम आयुष्मान आपके द्वार रखी गयी है। अलग-अलग दिवस में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग की



टीम के साथ सभी कार्यक्रमों का आयोजन कराया जावे।

**सशस्त्र झण्डा दिवस के लिए सभी विभाग व संस्थाएं राशि देने में करें सहयोग - कलेक्टर :** बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी 07 दिसंबर को ''सशस्त्र झण्डा दिवस'' है, जिसके लिए धन संग्रह कर राशि का उपयोग युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत कर्मियों व उनके परिवार के कल्याण व सेवानिवृत कर्मचारियों व उनके परिजनों के कल्याण के लिये उपयोग किया जाता है। इसके लिए विभागवार राशि संकलन के लक्ष्य दिये गये हैं। वह राशि सहयोग करें साथ ही कलेक्टर द्वारा अन्य संस्थाओं से भी सहयोग करने की अपील की गई। सार्वजनिक स्थल एवं रोड पर विचरण करने वाले लावारिस गौ-वंश को गौशालाओं में शिफ्टिंग के कार्य को जारी रखा जाये। इसी प्रकार विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित लक्ष्य अनुसार वितरण एवं स्वीकृति की जानकारी एलडीएम को प्रस्तुत की जावे। आगामी माह में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया जायेगा। इसकी आवश्यक तैयारियां की जावे। बैठक के अंत में सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जावें। साथ ही नगर पालिकाओं की कचरा गाड़ी के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार कर लोगों को डेंगू से बचाव के लिए प्रेरित किया जावे।

### 'स्वच्छता ही सेवा' से संबंधित सभी विभाग कैलेण्डर अनुसार गतिविधियां करें आयोजित : कलेक्टर

बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान 2 अक्टूबर तक जारी है। जिसके तहत सभी विभाग प्रमुख शासन द्वारा जारी कैलेण्डर अनुसार स्वच्छता के लिए गतिविधियां सतत जारी रखें। अपने कार्यालयों में साफ-सफाई, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर साफ-सफाई करायी जावे। इस आयोजन में जनअभियान परिषद का सहयोग लिया जावे। इस संबंध में पीओटीएससी एवं आवास को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता इकाई सीटीयू, अस्वच्छ स्थानों की जहां साफ-सफाई की गई है उनके अच्छे गुणवत्ता के फोटोग्राफ उपलब्ध कराये जावें और साफ-सफाई अभियान में जनप्रतिनिधियों, समासेवियों एवं एनजीओ से जनसहयोग लिया जावे।

### प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान का होगा शुभारंभ

शासन के निर्देश अनुसार ''प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान'' का शुभारंभ आगामी माह के प्रथम सप्ताह से किया जाना है। जिसके तहत जिले में जनजातीय बाहुल्य गांवों और जनजातीय गांवों को पूर्ण कब्रेज प्रदान करना, साथ ही सक्षम बुनियादी ढांचा विकसित करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा तक पहुंच का सार्वभौमिकरण तथा स्वस्थ जीवन और गरिमापूर्ण वृद्धावस्था आदि पर कार्य करना है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले में ''प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान'' के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के 127 ग्राम पंचायतों के 229 गांवों को चयनित किया गया है। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, सीईओ जनपद एवं आदिम जाति कल्याण विभाग आगामी 2 दिवस में चिन्हित ग्राम पंचायतों का होमवर्क कर प्लान तैयार करें। एक-एक गांव की प्रोफाइल एवं डाटाबेस तैयार किया जावे और ब्लॉकवार प्लान की मैपिंग का वर्कआउट भी करें।



# पानी पीने से इम्यून सिस्टम होता है मजबूत

पानी सबसे जरूरी पोषक तत्व है और पानी पीने के ढेरों फायदे हैं।वास्तव में पानी को जीवन के लिए अमृत कहा गया है। ऐसे में जरूरी है कि आप पानी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जानें क्योंकि पानी मनुष्य के शरीर का 70 फीसदी हिस्सा बनाता है और शरीर की हर कोशिका को हाइड्रेट, डीटॉक्स करता है, शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखकर जीवनशैली को स्वस्थ बनाता है।

### कोशिका की संरचना में पानी का महत्व

कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पानी जरूरी है, यह बालों, त्वचा और नाखुनों की कोशिकाओं का अभिन्न हिस्सा है। पानी कोलाजन के उत्पादन में मदद कर कोशिकाओं की उम्र बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, पानी जोड़ों एवं रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भी जरूरी है क्योंकि पानी शरीर में लुब्रिकेन्ट की भूमिका निभाता है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों के बीच फ्रिक्शन कम होता है।

### शरीर का तापमान बनाए रखने में मदद करता है

शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए तरल का संतुलन बहुत महत्वपूर्ण होता है। आपके शरीर में एंजाइम ठीक से काम करते रहें, इसके लिए शरीर का तापमान सामान्य बना रहना बहुत जरूरी है, अगर ऐसा नहीं होगा तो शरीर के सभी काम रूक जाएंगे।

### शरीर में फैट यानि वसा को बर्न करने में मदद करता है

कई अध्ययनों में पाया गया है कि पानी का सेवन सही मात्रा में करने से शरीर की वसा को बर्न करने में मदद मिलती है, इस तरह यह वजन कम करने में भी मददगार है।

हाइड्रेट और रीहाइड्रेट करने का सबसे अच्छा तरीका : प्यास लगना डीहाइड्रेशन का संकेत है, इसलिए जरूरी है कि आप दिन भर पानी पीते रहें। डीहाइड्रेशन के कारण शरीर में ऊर्जा का स्तर कम हो जाता है और इम्यून सिस्टम (बीमारियों से लड़ने की ताकत) कमजोर पड़ जाता है। वे लोग जो अधिक सक्रिय रहते हैं, शारीरिक व्यायाम करते हैं, खेलते हैं, उनमें पसीना ज्यादा बहता है, ऐसे में उनके लिए अपने शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। शरीर से पानी ज्यादा निकल जाने से क्रैम्प्स पड़ने लगते हैं और शरीर लेक्टेट को बफर करने में सक्षम नहीं रहता। अक्सर देखा जाता है कि एथलीट्स और बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों को हाइपरथर्मिया हो जाता है या पानी की कमी एवं बहुत ज्यादा डीहाइड्रेशन के चलते उनका ब्लड प्रेशर गिर जाता है। ऐसी स्थिति में रीहाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। अगर आपमें डायरिया, कम पानी पीना, पेट में फ्लू, बहुत ज्यादा दवाएं लेना जैसी स्थितियां हैं या आपने पिछली रात ज्यादा शराब का सेवन किया है तो ऐसे में शरीर को रीहाइड्रेट करना बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है। रीहाइड्रेशन ओरल माध्यम से या इन्ट्रावीनस तरीके से किया जा सकता है।

महामारी के इस दौर में जब हममें से ज्यादातर लोग घर से काम कर रहे हैं, अक्सर हम पानी पीने पर ठीक से ध्यान नहीं देते। दिन भर चलने वाले वर्चुअल मीटिंग्स, असाइनमेन्ट और घर के कामों के बीच अक्सर हम पानी पीना भूल जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने पास पानी की बोतल रख या हेल्थ ऐप के जरिए रिमाइंडर लगाकर बार-बार पानी पीते रहना चाहिए।

### पाचन में मदद करता है और मुख के स्वास्थ्य को ठीक बनाए रखने में मदद करता है

अक्सर लोग ये सवाल पूछते हैं 'पानी पीने का सही समय क्या है? खाना खाने से पहले? खाना खाने के बाद? खाना खाने के दौरान? इन तीनों समय में पानी पीने से भोजन को पचाने में मदद मिलती है। पानी पीने से सलाईवा यानि लार की सही मात्रा बनती है, लार में इलेक्ट्रोलाईट, म्यूकस और एंजाइम होते हैं जो भोजन पचाने में मदद करते हैं और मुख के स्वास्थ्य को सामान्य बनाए रखते हैं। भोजन का पाचन मुख में ही शुरू हो जाता है और उम्र बढ़ने के साथ लार का उत्पादन कम मात्रा में होने लगता है। अगर आपको महसूस हो रहा है कि आपका मुंह सूख रहा है तो ज्यादा मात्रा में पानी पीना शुरू कर दें।

### डीटॉक्सिफिकेशन में मदद करता है

पानी शरीर में डीटॉक्स करने में बेहद कारगर है, जिससे शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। दिन भर हमारे शरीर में पर्यावरण एवं भोजन आदि के माध्यम से कई तरह के टॉक्सिन्स जमा हो जाते हैं। मल, मूत्र एवं पसीने के जरिए इन टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर निकाला जाता है, इसे डीटॉक्सिफिकेशन कहते हैं। पसीना आने से शरीर का तापमान भी सामान्य बना रहता है।

गर्मियों में अक्सर हम ज्यादातर समय घर के अंदर बिताते हैं, हम एसी में रहते हैं, ऐसे में दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत महत्वपूर्ण है। वे लोग जो कम पानी पीते हैं, उनका यूरीन सैचुरेटेट होता है और कई बार इसमें स्टोन बनने की संभावना भी हो जाती है। यूरीन को डाइल्यूट करने और साथ ही स्टूल्स (मल) को सामान्य बनाए रखने के लिए भी उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है।

इसके अलावा, रक्त की सामान्य संरचना को बनाए रखने के लिए भी पानी का सेवन सही मात्रा में करना जरूरी है। रक्त शरीर के सभी अंगों तक पोषक तत्व पहुंचाता है। यह शरीर की उर्जा बढ़ाता है और मैटाबोलिक रेट बढ़ाकर मानसिक थकान दूर करता है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलोजी एण्ड मैटाबोलिज्म द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार 500 एमएल पानी पीने से मैटाबोलिज्म की दर 30 फीसदी तक बढ़ जाती है।

कुछ शहरों में खारा पानी होता है, ऐसे स्थानों पर पानी को साफ करके पीना चाहिए। पानी को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे 10 मिनट के उबालें। जहां पानी उबालना संभव न हो, वहां उपभोक्ता का जागरुक होना जरूरी है। उन्हें पानी की गुणवत्ता की जांच कर सुनिश्चित करना चाहिए वे सुरक्षित पेयजल का ही सेवन करें। इससे आप स्वस्थ, हाइड्रेटेड रहेंगे और अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बना सकेंगे।





# मजबूत फेफड़े चाहते हैं तो यह 5 चीजें खाना भूल जाएं, पड़ेगा बहुत बुरा असर

**कोरोना के संक्रमण के दौरान शरीर के जिस अंग का सबसे ज्यादा ध्यान रखा जाना है वो है आपके लंग्स। क्योंकि कोरोना वायरस सबसे ज्यादा लंग्स को ही खराब कर रहा है। हम अनजाने में ऐसी चीजें खाते हैं जो नुकसानदायक हो सकती हैं। आइए जानते हैं फेफड़ों को मजबूत करने के लिए वो कौनसी पांच चीजें हैं जिन्हें नहीं खाना चाहिए।**

शरीर को हमेशा हेल्दी रहने के लिए जरुरत है कि आपके फेफडे अच्छी ढंग काम करे, फेफड़ों से फिल्टर होने के बाद ही ऑक्सीजन आपके पूरे शरीर में पहुंचती हैं। ऐसे में लंग्स का खास ख्याल रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। अगर आपके फेफड़े ठीक ढंग से काम नहीं करेंगे तो आपको अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, निमोनिया, टीबी, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर कोरोना वायरस जैसी महामारी से बचने के लिए आपके फेफड़ों का मजबूत होना बहुत ही जरूरी हैं क्योंकि यह सीधे आपके लंग्स पर ही अटैक करता है। जिसके कारण आपको सांस लेने में अधिक समस्या होती है।

## एल्कोहल

अधिक मात्रा में एल्कोहल का सेवन आपके लिवर और लंग्स को खराब कर सकता है। एल्कोहल में सल्फाइट होता है तो अस्थमा का कारण भी बन सकता है इसके साथ ही लंग्स सेल्स को डैमेज कर देता है। अगर किसी फेफड़े संबंधी बीमारी से जूझ रहे हैं तो एल्कोहल का सेवन कम ही करे तो बेहतर है। वहीं दूसरी ओर वाइन लंग्स के लिए अच्छी मानी जाती है।

## सॉफ्ट ड्रिंक

अगर आप विभिन्न तरीके की सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन करते हैं तो आज ही बंद कर दें क्योंकि इसमें अधिक मात्रा में शुगर होती है। अगर कोई व्यक्ति सप्ताह में 5 से अधिक ड्रिंक का सेवन करता है उसे जल्द ही ब्रोंकाइटिस की समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं बच्चे अस्थमा के शिकार हो सकते हैं।

## अधिक नमक का सेवन

अगर आप अधिक मात्रा में नमक का सेवन करते हैं तो यह आपके लंग्स के लिए खतरनाक हो सकते हैं। हाई सोडियम डाइट के कारण आपको अस्थमा के लक्षण नजर आने लगेंगे। इसलिए जरूरी है कि कम से कम नमक का सेवन करें।

## गोभी, ब्रोकली

एसिडिटी और ब्लोटिंग के कारण भी आपको सांस लेने में समस्या हो सकती है। जिसका असर फेफड़ों पर बुरा पड़ता है। इसलिए गोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें अधिक मात्रा में फाइबर और न्यूट्रियंस पाए जाते हैं लेकिन यह पेट में गैस बनने का कारण बन जाते हैं।

## फ्राइड फूड्स

फ्राइड फूड्स सेहत के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक है। इनका अधिक सेवन करने से आपको सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इसके साथ ही यह मोटापा का कारण बनेगी। जिसके कारण आपका लंग्स पर बुरा प्रभाव पड़ता है। अनहेल्दी फैट के कारण बैड कोलेस्ट्राल बढ़ने के साथ हार्ट संबंधी समस्या हो सकती है।





# धनिया पत्ती के 10 फायदे जानकर चौंक जाएंगे आप

हरे धनिये की पत्तियों का इस्तेमाल अक्सर सब्जियों के स्वाद और सलाद के लिए किया जाता है, वहीं हरी चटनी पकौड़े के स्वाद को दोगुना कर देती है। लेकिन इसी के साथ ही धनिया पत्तियों के कई फायदे हैं जिसके बारे में शायद ही आपको पता हो। तो जानते हैं हरे धनिया पत्ती के 10 फायदों के बारे में।

- धनिये की पत्तियों में विटामिन ए और सी पाया जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करते हैं।
- गर्मी हो सर्दी, इसका इस्तेमाल करना हर समय शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है।
- पाचन शक्ति को मजबूत रखना है तो इसका इस्तेमाल आपको नियमित तौर पर करना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति बढ़ती है।
- धनिये की पत्तियों के सेवन से पेट संबंधी परेशानियों में आराम मिलता है और बदहजमी, पेट में दर्द, गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- जाड़े में खाने की मात्रा अधिक होने पर दस्त की शिकायत बढ़ने लगती है। ऐसे में धनिये की चटनी व सलाद पेट को राहत पहुंचाती है।
- धनिया की पत्ती विटामिन ए और सी का मुख्य स्रोत है। ये हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करते हैं।
- इसके नियमित सेवन से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।
- धनिया में मौजूद तत्व शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। यह खून में इंसुलिन की मात्रा को नियमित करता है।
- धनिया महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिये के बीज डालकर उबालें। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।
- इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम व मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

# इम्युनिटी को बढ़ावा देगी हनी-दालचीनी की चाय

आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों के लिहाज से शहद और दालचीनी दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण है। अगर आप शहद और दालचीनी की चाय का सेवन करते हैं तो यह आपकी इम्युनिटी को बढ़ावा देगी। आइए जानें चाय कैसे बनाएं –

- सबसे पहले 1 कप पानी उबालें।
- अब उबलते पानी में 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं और यह पानी ठंडा होने दें।
- जब पानी गुनगुना रह जाए तब इसमें 1 चम्मच शहद मिला कर अच्छी तरह मिक्स कर दें।
- लीजिए पीने के लिए तैयार है शहद दालचीनी की चाय।

यह चाय जहां आपकी इम्युनिटी को बढ़ावा देगी, वहीं आपके पाचन तंत्र को ठीक करके ताजगी भी देगी।आप इसे अपनी सुविधा के अनुसार दिन में एक या दो समय पी सकते हैं।



# कफ बढ़ने से होते हैं 28 रोग इन 5 चीजों को खाने से बचें

**वात और पित्त के साथ शरीर में कफ का संतुलन सही होना जरूरी है। कफ के बढ़ने पर 28 प्रकार के रोग आपको घेर सकते हैं। लेकिन इनसे बचने के लिए आपको ऐसी चीजों से बचना होगा, जो कफ पैदा करती हैं या कफ को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं कौन सी चीजें कफ में न खाएं और किन चीजों का सेवन करें -**

## वसायुक्त चीजें

वसायुक्त चीजों का सेवन कफ बढ़ाने का काम करती हैं इसलिए जितना हो सके इनसे बचने की कोशिश करें।

## दूध

दूध कफ को बढ़ाता है। अगर आपकी कफ प्रकृति है तो आपको दूध का सेवन कम करना चाहिए या फिर हल्दी के साथ इसका सेवन करें।

## मांस

कफ बढ़ने पर मांस का सेवन आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए कफ होने पर मांस का सेवन करने से बचें और अगर कफ की तासीर हो तो मांस का सेवन कम से कम करें।

## मक्खन

मक्खन में वसा अधिक होता है, इसलिए यह कफ बढ़ाने का काम करता है। कफ की समस्या में मक्खन या मक्खन युक्त चीजों का सेवन न करें।

## पनीर

पनीर से कफ तो बनता ही है, कई लोगों को पाचन संबंधी समस्या भी हो सकती है क्योंकि कुछ लोगों को पनीर आसानी से नहीं पचता। इसलिए अतिसेवन न करें।

## क्या खाएं

- सुबह या दिन के भोजन के बाद गुड़ का सेवन फायदेमंद हो सकता है। गुड़ की तासीर गर्म होती है, यह कफ को कम करने के साथ ही पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।
- तुलसी, सौंठ, अदरक और शहद जैसी चीजों का सेवन कफ को कम करने में बहुत फायदेमंद होता है, तो इन्हें किसी भी तरह से डाइट में शामिल करें।

## सलमान खान के शो में एंट्री लेंगी भारत की पहली एआई सुपरस्टार, जानें कौन हैं नैना?

टीवी का सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल रिएलिटी शो बिग बॉस अपने 18वें सीजन के साथ फिर लौट रहा है। इस सीजन को लेकर जबरदस्त हाइप बना हुआ है। इस बार फिर अभिनेता सलमान खान शो को होस्ट करते नजर आएंगे। लेकिन दर्शकों की बेसब्री सबसे ज्यादा इस शो में पार्टिसिपेट करने वाले कंटेस्टेंट्स को लेकर है। इसी बीच एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम सामने आया है जिसे सुनकर आपको हैरानी होगी।

### शो में एआई सुपरस्टार की एंट्री

अब तक बिग बॉस 18 की रिलीज डेट सामने नहीं आई है और न ही शो में आने वाले प्रतिभागियों के नाम उजागर हुए हैं। ऐसे में शो से जुड़ी कोई ना कोई अपडेट आती रहती है। इसी बीच खबर है कि शो में पहली बार एक एआई वर्जन की एंट्री होने वाली है। ये देश की पहली एआई वर्चुअल इन्फ्लुएंसर है जिसका नाम नैना है। यानी अब इंसानों के बीच आपको एआई वर्जन की कंटेस्टेंट का धमाल भी देखने को मिलेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एआई सुपरस्टार नैना अवतार इस बार बिग बॉस 18 में अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ भाग लेती दिखेंगी। वह असल इंसानों के बीच शो का हिस्सा होंगी। जब से ये खबर सामने आई है तब से ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है। नैना एक एआई वर्जन का कमाल है जो सोशल मीडिया पर बिल्कुल किसी इंसान की तरह दिखती हैं।

### कौन हैं नैना अवतार?

आपको बता दें, नैना अवतार को एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से ह्युमन अवतार (इंसानी अवतार) देकर मेटा लैब्स द्वारा क्रिएट किया गया है। वह एक वर्चुअल इन्फ्लुएंसर हैं जो नेक्स्ट जेनरेशन (एआई) को रिप्रेजेंट करती हैं। इंस्टाग्राम पर नैना अवतार के 3.9 लाख फोलोअर्स हैं। उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल के मुताबिक, नैना उत्तर प्रदेश के शहर झांसी की रहने वाली हैं जो एक फेमस फैशन मॉडल और वर्चुअल इंफ्लूएंसर हैं।



### 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी द साबरमती रिपोर्ट

आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज़ तारीख की घोषणा कर दी गई है। यंग पैन इंडिया स्टार राशी खन्ना और विक्रांत मैसी की प्रमुख भूमिका वाली यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में राशी एक रिपोर्टर की भूमिका निभा रही हैं, जो साबरमती एक्सप्रेस घटना की सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर निकलती हैं, जबकि विक्रांत मैसी उनके साथ मिलकर इस त्रासदी को उजागर करने में मदद करते हैं। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसका एक दमदार पोस्टर जारी किया, जिसने फिल्म की गंभीरता की झलक पेश की है। पोस्टर के साथ उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर कैप्शन लिखा, द बर्निंग ट्रुथ विल बी आउट ऑन 15 नवंबर ! स्टे ट्यून्ड ! द साबरमती रिपोर्ट ओनली इन सिनेमाज !यह फिल्म 2002 के गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास हुई साबरमती एक्सप्रेस त्रासदी पर आधारित है।

### अभिषेक बच्चन ने खरीदा नया अपार्टमेंट

हाल ही में एक्टर अभिषेक बच्चन ने जुहू बीच के खूबसूरत व्यू वाले एक नए अपार्टमेंट की खरीदारी की है। यही वजह है कि वे अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। यह अपार्टमेंट उनके पिता अमिताभ बच्चन के घर जलसा के काफी करीब है। यह अपार्टमेंट उनके निवेश पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण संपत्ति है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चन परिवार की इस इलाके में पहले से ही कई प्रॉपर्टीज हैं, जिनमें पांच बंगले और कुछ अन्य अपार्टमेंट शामिल हैं। हालांकि, अभिषेक ने जो अपार्टमेंट खरीदा है, वह एक अलग बिल्डर का है। इसके अलावा, करीब दो महीने पहले खबर आई थी किअभिषेक ने ओबेरॉय रिएल्टी के एक बड़े प्रोजेक्ट में छह अपार्टमेंट्स खरीदे हैं, जिन पर उन्होंने लगभग 15.42 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर स्टाइलिश एंट्री मारी कियारा ने

बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी को मुंई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां उन्होंने बेहद स्टाइलिश एंट्री मारी और अपने ब्लैक लुक का जलवा बिखेरती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान कियारा आडवाणी एक को-ऑर्ड सेट और ब्लैक लेदर जैकेट पहने नजर आईं। एयरपोर्ट पर जैसे ही उन्होंने एंट्री मारी, पैपराजी उनके पीछे फोटोज के लिए दौड़ पड़े।



## आइफा 2024 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उत्सुक हूं: नोरा फतेही

अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के 24वें संस्करण में अभिनेत्री नोरा फतेही धमाकेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उत्सुक हैं ।

एक्ट्रेस ने कहा, आइफा वीकेंड में प्रस्तुति देना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारतीय सिनेमा का जश्न, दर्शकों की भारी भीड़, और एक से बढ़कर एक प्रदर्शन इसे अविस्मरणीय बनाता है। मैं अबू धाबी के यास द्वीप पर मंच पर अपने प्रदर्शन का इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने प्रशंसकों को चेतावनी देते हुए कहा, तैयार हो जाइए, क्योंकि यह अनुभव शानदार होने वाला है। प्रशंसकों को एक अद्भुत ट्रीट मिलेगी, जिसे वे कभी नहीं भूलेंगे। 32 वर्षीय नोरा फतेही ने अपनी करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म रोअर-टाइगर्स ऑफ द सुंदरबन से की थी। इसके बाद उन्होंने टेम्पर, बाहुबली-द बिगिनिंग, और किक 2 जैसी तेलुगु फिल्मों में विशेष भूमिकाएँ निभाईं। उन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस में भी भाग लिया था। नोरा ने दिलबर, गर्मी, साकी साकी, कुसु कुसु, जेडा नशा, एक तो कम ज़िंदगानी, पछताओगे, और माणिके जैसे आइटम सॉन्ग्स में अपने डांस से अपार लोकप्रियता हासिल की है। उन्हें हाल ही में विद्युत जामवाल की क्रैक और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस में देखा गया, जिसमें दिव्येंदु, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, उपेंद्र लिमये और छाया कदम भी शामिल हैं।





## सैयामी आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन को पूरा करने वाली पहली अभिनेत्री बनी

जर्मनी में होने वाले आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन को पूरा कर मेडल पाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस रेस में 1.9 किलोमीटर तैराकी, 90 किलोमीटर साइकिलिंग और 21.1 किलोमीटर दौड़ शामिल होती है। सैयामी ने कहा कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है और हमेशा से ही वह इसे करना चाहती थी। सैयामी ने कहा, आयरनमैन 70.3 की फिनिश लाइन पार करना और मेडल हासिल करना मेरे जीवन के सबसे गौरवपूर्ण क्षणों में से एक है। मैं हमेशा से ही इसे करना चाहती थी। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं कि आखिरकार मैंने यह कर दिखाया। 12 से 14 घंटे की शूटिंग के साथ आयरनमैन के लिए प्रशिक्षण लेना कठिन था। अभिनेत्री ने कबूल किया कि ऐसे दिन भी थे, जब प्रेरणा कहीं नहीं मिलती थी। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में खुद के साथ लड़ाई जैसा लगा। सभी तरह के उतार-चढ़ावों के बावजूद मैंने कड़ी मेहनत के साथ फिनिश लाइन को पार किया। यह रेस वास्तव में मेरे लिए अपना रास्ता खोजने के बारे में थी।

उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि वह इसमें कामयाब रहीं। इस रेस ने मुझे दृढ़ संकल्प होने की शक्ति दिखाई कि अगर आप किसी चीज पर अपना मन लगा लेते हैं तो कोई आपको रोक नहीं सकता। मैं इस पल को हमेशा अपने साथ रखूंगी। मैं ना केवल खेल में बल्कि अपने अभिनय करियर में भी एक लंबी रेस को पार करना चाहती हूं। सैयामी हाल ही में ताहिरा कश्यप निर्देशित शर्माजी की बेटी में नजर आईं थी। अब, वह सनी देओल के साथ नजर आएंगी।

## कैंसर के मरीजों को सपोर्ट और दया की जरूरत : रानी मुखर्जी

वर्ल्ड रोज डे पर कैंसर के बारे में बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी जागरूकता फैलाने के लिए मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक को लाल रंग से रोशन करेंगी। एक्ट्रेस धर्मार्थ संगठन कैंसर मरीज सहायता एसोसिएशन के साथ जुड़ी हुई हैं।



अब वह इस कार्यक्रम में युवा कैंसर रोगियों के साथ शामिल होंगी। इस मौके पर रानी ने कहा, मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं कि मुझे ऐसे नेक मिशन का हिस्सा बनने के लिए चुना गया। इसके लिए मैं कैंसर मरीज सहायता एसोसिएशन को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा, जो लोग भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं, उन्हें हमारे सपोर्ट और दया की जरूरत है। हमें लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करना होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि यह एक्टिविटी कैंसर की बीमारी को लेकर लोगों को जागरूक करेगी। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कलाकारों को भी सामने आकर ऐसी बीमारियों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाना चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा, अभिनय की दुनिया में होने की वजह से हमें हमारे दर्शकों से अपार प्यार मिलता है। ऐसे में हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने दर्शकों के साथ खड़े रहे, जब उन्हें हमारी जरूरत हो। मुझे लगता है कि एक कलाकार को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों के बीच में जागरूकता पैदा करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमें कैंसर से जूझ रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक दयालु माहौल बनाने की जरूरत है और इसके लिए इस तरह की पहल जरूरी है। रानी मुखर्जी कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को गुलाब के फूल और उपहार भी देंगी। बता दें कि वर्ल्ड रोज डे कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कैंसर रोगियों और उनके प्रियजनों के साथ एकजुटता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

## फिल्म ताल ने किए 25 साल पूरे, पुनः होगी रिलीज

म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म ताल ने अपने 25 साल पूरे कर लिए है। अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय बच्चन और अक्षय खन्ना अभिनीत यह अब पुनः रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फिल्म को 27 सितंबर को फिर से रिलीज किया जाएगा। फिल्म निर्माता सुभाष घई ने कहा, फिल्म की दोबारा रिलीज होने को लेकर मैं बेहद रोमांचित हूं कि दर्शक बड़े पर्दे पर एक बार फिर 'ताल' के जादू को अनुभव कर सकेंगे। कुछ समय पहले अनिल कपूर ने फिल्म के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया था और बताया था कि कैसे उन्होंने बिना किसी रिहर्सल के 'रमता जोगी' गाना शूट किया था। 1999 में रिलीज हुई, ताल में अमरीश पुरी और आलोक नाथ भी सहायक भूमिकाओं में हैं। इसे तमिल में थालम के रूप में भी डब किया गया था। अगस्त में फिल्म के 25 साल पूरे होने पर अनिल ने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने बिना किसी रिहर्सल के रमता जोगी गाने पर परफॉर्म किया।

## भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के शो में जूते- चप्पलों की दे-दनादन बरसात

भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह का हाल ही में एक शो था, जिसमें स्टेज पर एक्ट्रेस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। भीड़ बेकाबू हो गई और एक्ट्रेस अक्षरा की झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हालात संभालने के लिए पुलिस के लाठी फटकारने से मौके पर और ज्यादा भगदड़ मच गई। इसके बाद भड़की भीड़ ने जूते-चप्पलें फेंकना शुरू कर दिया।

### अक्षरा सिंह के शो में भीड़ हुए बेकाबू

अक्षरा सिंह यूपी के आजमगढ़ महोत्सव में शामिल हुई थी। इस महोत्सव की शुरूआत 18 सितंबर से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में हुई, जो कि 5 दिन तक चलने वाला था। महोत्सव के आखिरी दिन इसमें अक्षरा सिंह को भी शामिल होना था। अक्षरा के शो को देखने के लिए करीब 20 गांव के लोग पहुंचे थे। अब जैसे ही अक्षरा सिंह ने स्टेज पर पहुंचकर गाना गाना शुरू किया, भीड़ बेकाबू हो गई। लोगों हूटिंग करते हुए धक्का-मुक्की करने लगे, जिसके बाद पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा।

### कार्यक्रम के बीचों-बीच चली गई अक्षरा सिंह

अक्षरा सिंह के शो को देखने के लिए आई भीड़ इतनी बेकाबू हो गई। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़कर मंच की तरफ बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान जमकर जूते-चप्पल और पानी की बोतलें भी सुरक्षाकर्मियों और वीआईपी सिटिंग की तरफ फेंके गए। इस मामले पर दर्शकों का कहना है कि अगर प्रशासन पहले से ही एहतियात बरतता तो ऐसे बवाल नहीं होता।

हालांकि, इस बवाल के बाद अक्षरा सिंह कार्यक्रम के बीचों-बीच ही स्टेज छोड़कर वहां से चली गईं।



## सेट पर तैयार होकर बैठी रही एक्ट्रेस, बिना बताए कर दिया रिप्लेस

टीवी शो ये मेरी लाइफ है से पॉपुलर हुईं शमा सिकंदर आजकल पर्दे से दूर हैं। काफी सालों से इन्हें फिल्मों में नहीं देखा गया है। हालांकि, शमा प्लान कर रही हैं कि वो जल्द ही ऑडियन्स को सरप्राइज करें और कमबैक करें। हाल ही में शमा ने बॉलीवुड बबल संग बातचीत में बताया कि वो कुछ समय पहले एक बड़े स्टार के साथ एक बड़ी फिल्म में काम करने जा रही थीं। पर वो रातोरात रिप्लेस कर दी गईं। शमा ने इस दौरान कास्टिंग काउच एक्स्पीरियंस भी शेयर किया। उन्होंने कहा- मेरे हाथ एक बड़ी फिल्म लगी थी। शूट के लिए मैं सेट पर पहुंचीं। मेकअप हो चुका था। आउटफिट भी मैंने पहना हुआ था। पर लास्ट मिनट पर शूट कैंसिल कर दिया गया। जो बड़ी स्टार फिल्म का हिस्सा था वो शूट पर आया ही नहीं। जब मैं सेट से निकल रही थी तो डायरेक्टर मेरे पास आया मुझे बताया कि फिल्म के लिए किसी और का कास्ट कर लिया गया है।

**शॉक्ड रह गईं शमा सिकंदर**

मैं शॉक्ड रह गई। पूरी रात मैं रोती रही। कई बार ऐसा होता है, जब एक्टर्स को रातोरात रिप्लेस कर दिया जाता है। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसा होना लाजमी है। काफी कॉमन भी है। इसी के साथ मैं आपको एक कास्टिंग काउच एक्स्पीरियंस भी शेयर करती हूं एक बार मैं एक एड के लिए शूट कर रही थी। एक्टर ने सीन में अपने आप ही बदलाव किए और मुझे गले लगाया। मुझे काफी अनकम्फर्टेबल महसूस हुआ। दरअसल, गले लगाना शूट का पार्ट था ही नहीं। पर वो एक्टर मुझे पता नहीं क्यों गले लगाना चाहता था। कई बार आप लोगों की इस अजीब वाइब को समझ लेते हो। उसने कहा कि मैं तुम्हें इस तरह जूलरी पहनाऊंगा और गले लगाऊंगा। जब उसने ऐसा किया तो मैं काफी अजीब महसूस कर रही थी। वो टच बहुत अजीब था।

## ब्रीफ न्यूज

### पंद्रह दिन में दो हज़ार मीट्रिक टन करनी होगी गेहूं की स्टॉक लिमिट

**सीहोर।** गेहूं के दाम स्थिर रखने और कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। मार्च 2025 तक गेहूं की स्टॉक सीमा तय करने के पूर्व में भारत सरकार द्वारा जारी निदेर्शों में नई अधिसूचना द्वारा थोक विक्रेता/व्यापारी की अधिकतम स्टॉक क्षमता एवं प्रोसेसर्स की मासिक स्थापित क्षमता में संशोधन किया गया है। संशोधित आदेशानुसार 9 सितम्बर से 15 दिनों के भीतर व्यापारी/थोक विक्रेता को गेहूं का स्टॉक 2000 मिट्रिक.टन तक लाना है। इसी प्रकार प्रोसेसर्स का स्टॉक भी उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2024-25 के शेष महीनों की संख्या से गुणा करने पर आने वाली मात्रा के समतुल्य से अधिक नहीं रखना है। नियमों का उल्लंघन करने पर व्यापारियों के खिलाफ सख्त कारज़्वाई करते हुए तय सीमा से अधिक रखे अनाज को जब्तयह बात खाद्य, नागरिक आपूतिज् एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया गया है तथा स्टॉक सीमा का उल्लंघन पाये जाने पर सक्षम अधिकारियों को प्रवेश तलाशी एवं अभिग्रहण आदि की शक्तियां दी गई हैं। जिले के सभी गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं से कहा है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई सीमा अनुसार ही गेहूं का स्टॉक संधारित करें। गड़बड़ी पाए जाने पर मध्यप्रदेश गेहूं नियंत्रण आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए लायन्स ने किया पौधारोपण

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए लायन्स क्लब खण्डवा की पूर्व कोषाध्यक्ष लायन मधुबाला शेलार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र मथेला में सदस्यों द्वारा छायादार व फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया साथ ही उनके संरक्षण का दायित्व भी दिया गया। अधिक जानकारी देते हुए लायन नारायण बाहेती ने बताया कि पौधारोपण अभियान की सफलता के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी जरूरी हैं और आज मातृ शक्ति भी जागरुकता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने को कृत संकल्पित होकर इस अभियान में अपना योगदान देने हेतु तैयार हैं। इस मौके पर लायन गुरमीत सिंह उबेजा ने कहा कि लगातार वनों की कटाई से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ी है और तापमान अप्रत्याशित रूप से 47 से 50 डिग्री सेल्सियस के स्तर तक पहुंच गया है।

# सीसीबी के साधारण सम्मेलन में 337.65 करोड़ का बजट पारित

### 62.70 लाख का लाभांश किया वितरित

सत्ता सुधार ■ खरगोन

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा सनावद रोड़ स्थित निजी होटल में आयोजित की गई। बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एस.धनवाल ने सभा में वर्ष 2023-24 अंकेक्षित लेखा विवरणों को प्रस्तुत किया। वर्ष 2023-24 के स्वीकृत बजट अंतर्गत कम या अधिक व्यय की स्वीकृति ली गई एवं वर्ष 2025-26 का राशि 337.65 करोड़ रुपए का बजट सभा से पारित कराया गया। बैंक का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि आलोच्य वर्ष 2023-24 में बैंक के द्वारा बी-पेक्स के माध्यम से राशि 2944.17 करोड़ लाख का ऋण कृषक सदस्यों को शुन्य प्रतिषत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया है साथ ही खरगोन बडवानी जिले के अमानतदारों का विश्वास जिला सहकारी बैंक के प्रति है जिसके फलस्वरूप बैंक की अमानते राशि. 2256.06 करोड है। बैंक द्वारा सदस्यों को पशुपालन कार्यशील पूंजी ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक द्वारा 31.03.2024 पर रुपए. 250.83 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि बैंक स्थापना वर्ष से ही निरंतर सदस्य संस्थाओं को लाभांष वितरण कर रही है। इस वर्ष भी 62.70 लाख का लाभांष वितरण किया गया है।



बैंक प्रशासक एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता बी.एल.मकवाना के द्वारा बताया गया कि सदस्य संस्थओं के सराहिनय सहयोग एवं मार्गदर्शन के कारण वर्तमान में बैंक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर पग्रति के पथ पर निरंतर आगे बढ रहा है। सभा को पूर्व बैंक अध्यक्ष प्रकाश रत्नपारखी के द्वारा भी संबोधित कर अनेक महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बैंक की प्रगति हेतु सुझाव दिये गये। बैंक एवं संस्था कर्मचारियों को विभिन्न गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए पुरूस्कृत भी किया गया है तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। सभा में बैंक प्रतिनिधिगण, बैंक अधिकारी अनिल कानुनगो, राजेन्द्र आचार्य, संध्या रोकडे, महेन्द्र मंडलोई, एवं रविन्द्र महाजन भी उपस्थित रहे।

# ट्रेक्टर ट्रालियों से किया जा रहा है रेत परिवहन

### कारोबारियों को नुकसान, प्रतिबंध लगाने की मांग

सत्ता सुधार ■ सीहोर

लायसेंसधारी रेत कारोवारियों पर ट्रेक्टर ट्रालियों से अवैधानिक रेत ढोने वाले लोग भारी पड़ रहे है। कृषि से संबंधित कामकाज के लिए उपयोगी ट्रेक्टर ट्रालियों से नियम कायदों को तांक पर रखकर रेत परिवहन किया जा रहा है। इस तरह के अवैधानिक रेत परिवहन से मूल रेत कारोबारियों डंपर मालिकों को भारी नुकसान हो रहा है और शासन प्रशासन को भी करोड़ों रूपये के खनिज टेक्स की हानी हो रही है। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिले भर के रेत कारोवारियों और डंपर ट्रक मालिकों ने डिप्टी कलेक्टर आनंद राजावत को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन देकर अवैधानिक रूप से किए जा रहे ट्रेक्टर ट्राली द्वारा रेत परिवहन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

रेत कारोवारियों ने कहा कि पिछले कई समय से ट्रेक्टर ट्राली द्वारा नर्मदा नदी से रेत का परिवहन किया जा रहा है। जबकि ट्रेक्टर ट्राली कृषि उपयोग के लिए शासन द्वारा अधिकृत है और किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नही लगता है ट्रेक्टर ट्राली कमर्शियल व्हीकल में नहीं आते है और ना ही इनके द्वारा टेक्स जमा किया जाता है। जबकी डंपर ट्रक मालिकों रेत परिवहनकताओं को अनेक प्रकार के टैक्स खनिज विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य विभागों को देने होते है। नियमों के उल्लंघन होने पर भारी भरकम जुमानज़ भी रेत कारोवारियों से वसूला जाता है इन विकट हालातों के कारण रेत कारोबार काफी घाटे का काम हो गया है ऐसे में रेत का परिवहन बड़े स्तर पर ट्रेक्टर ट्राली से किया जा रहा है जिस कारण काफी दिक्कतों का सामना रेत कारोवारियों को करना पड़ रहा है। ट्रेक्टर ट्रालीयों के कारण हम सभी रेत व्यापारियों मोटर मालिकों का व्यवसाय प्रभावित हो गया है। ट्रेक्टर ट्रालियों की रायलटी कंपनी के द्वारा बंद नहीं की जाती है तो रेत कारोवारियों को डंपरों को रोड पर खड़ा कर हडताल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन देकर रेत व्यापारी गोतम त्यागी, चेतन जाट, प्रताप राठौर, दिनेश गौड़, हमंत राठौर, गौरव निगोदिया, श्याम जाट, राजेंद्र सिंह, राहुल वर्मा,अमित, ऋषभ मुकेश विश्कर्मा, कासिम, इनाम खान, रहीम लाला, दिनेश प्रजापति, विजेंद्र विश्कर्मा पारिक जैन आदि ने रेत कारोवारियों के हित में आवाज उठाई है।



# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई



सत्ता सुधार ■ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतगज़्त छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम लोग शपथ लेने के बाद अपने कायज़् स्थल एवं गांव स्तर पर जाकर शपथ को साकार करते हुए स्वच्छता से रहने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रयास करेंगे और हमारे आसपास के वातावरण को सदैव स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इस उद्देश्यों को लेकर उन्होंने उपस्थित छात्रों एवं मेंटर्स को शपथ दिलाई एवं महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई इसके साथ ही छात्र एवं छात्रों को स्वच्छता ही सेवा अभियान को धरातल पर चला कर अपने परिवेश एवं अपने ग्राम को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में रवि सोनी, जगदीश दुबे, नमृता बरेठा, जितेंद्र परमार एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**हरदा।** केन्द्रीय राज्य मंत्री दुगार्दास उईके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दर्शनसिंह गेहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, कलेक्टर श्री आदित्य सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# 9 अक्टूबर को होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, पंजीयन शुरु

**खरगोन।** विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों में भावनात्मक, आत्मिक , बौद्धिक क्षमता, मानवीय गुणों, चरित्रवान एवं प्रतिभाशाली बनाने के साथ ही भारतीय संस्कृति के ज्ञान से परिचित कराने के उद्देश्य से होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष 8 अक्टूबर को आयोजित होगी। परीक्षा में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो इसके प्रचार- प्रसार में परीक्षा समिति जुट गई है। परीक्षा जिला संयोजक बीएस मंडलोई, ने बताया भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 22 राज्यों में दो लाख से अधिक विद्यालयों में गायत्री परिवार के लाखों कार्यकर्ताओं, शिक्षकों के अमूल्य सहयोग से 11 भाषाओं में पिछले 30 वर्षो से आयोजित हो रही है। इस परीक्षा में कक्षा 5वीं, से हायर सेकेंडरी और महाविद्यालयीन स्तर के विद्यार्थी शामिल होते है। परीक्षा समिति के रमेश पाटीदार, पारिंद्र कुमार शर्मा, एनके गुप्ता, राजाराम मंडलोई, हीरालाल सोनी, योगेश पाटीदार, जोगीलाल मुजाल्दे आदि ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 9 अक्टूबर को दोपहर 12 से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी हिस्सा लें इसके लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, स्कूलों में भी संपर्क किया जा रहा है। परीक्षा में सफल होने पर कक्षावार तहसील, जिला और राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने हरदा कलेक्ट्रेट में दीदी कैफे का किया शुभारम्भ



सत्ता सुधार ■ हरदा

भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्य मंत्री दुगार्दास उईके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित दीदी कैफे का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होने समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं और बधाई दी। लखपति दीदी की अवधारणा को साकार करेंगी स्वसहायता समूह की महिलाएं उन्होने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लखपति दीदी की अवधारणा गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होने आशा प्रकट की कि हरदा जिले की कैफे संचालित करने वाली दीदियां भी इस अवधारणा को साकार कर लखपति बनेंगी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उल्लेखनीय है कि हरदा जिले के ग्राम रन्हाईकला के राधाकृष्ण स्वसहायता समूह द्वारा यह द्वाद्वदीदी कैफे संचालित किया जाएगा। राधाकृष्ण स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती अनिता देवड़ा व सचिव श्रीमती सीमा देवड़ा ने भी इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री उइके का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला वन मण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा व जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। सरकार की योजनाओं से महिलाओं का समाज में सम्मान बढ़ा है और बहनों के चेहरों पर खुशी आई है। उन्होने कहा कि बहनों के चेहरों पर खुशी लाने की दिशा में स्वसहायता समूह का भी अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा ने भी इस अवसर पर संबोधित किया और समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं और बधाई दी।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिये जिले के 50 ग्रामों का चयन कर हृदय अभियान÷ के माध्यम से वहां के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा तथा महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया गया है तथा पोषण पुनर्वास केन्द्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि हरदा में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत बांस का चयन किया गया है। इसीलिये दीदी कैफे का निर्माण बांस से ही किया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

दंत शक्ति अभियान के तहत देश में हरदा जिला पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित एक मात्र जिला है। इस अभियान के प्रचार प्रसार के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने दो प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर सोमवार को रवाना भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने इस अवसर पर बताया कि इन दोनों प्रचार वाहनों के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों को दंत शक्ति अभियान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

# गौरीकुंज सभागृह मे देश के महान कवियों की हास्य और व्यंग की बौछार का पूरे सदन ने तालियों से किया स्वागत

सत्ता सुधार ■ खंडवा

तुलसी उत्सव समिति के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं तुलसी माखन सम्मान समारोह गौरीकुंज सभागृह मे आयोजित हुआ, देश के महान कवियों ने हास्य और व्यंग्य की शानदार कविता पढ़कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ कवि संपत सरल तुलसीदास जी की फोटो पर माल्यार्पण किया, साथ में उपस्थित अतिथियों ने तुलसी माखन सम्मान कवि डॉक्टर कमलेश शर्मा को प्रदान किया, कार्यक्रम अध्यक्ष अमृता यादव, रवि चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे सुनीता सकरगद्वए,अदिति चतुर्वेदी एवं अध्यक्ष नारायण नद्वगर द्वारा तुलसी पुण्यतिथि उत्सव समिति 100 वर्ष पूर्ण होने पर समारिका तुलसी मंजरी का विमोचन किया गया, सम्मान के पश्चात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन गौरीकुंज में संपन्न हुआ ,इसमें कवि संपत सरल ने स्मार्ट शहर,आदर्श गांव,भ्रष्टाचार एवं कई नयी कविताएं सुनाई संपत ने राजनीति के साथही मीडिया द्वारा प्रकाश प्रकाशित होने वाली ब्रेकिंग न्यूज़ पर कविता सुनाते हुए कहा कि एक रिपोर्टर ने कहा कि राजा जी ने अपने घर स्नान किया दूसरे ने कहा कि राजा जी ने गर्म पानी से स्नान किया तीसरे ने कहा कि कम पानी से स्नान किया चौथे ने कहा कि ठंडे पानी से पानी से स्नान किया, पांचवें ने कहा कि अपने बाथरूम में स्नान किया, व्यंग्य कविता पर तालिया की बौछार हुई।



**बैठक** वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के केसीसी बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# राशन का समय पर करें उठाव और हितग्राहियों को वितरित : प्रवीण सिंह

सत्ता सुधार ■ सीहोर

समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभाग की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की आमजन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निदेज़्श दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में जिले की नम्बर वन रैंक बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें।



बैठक में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान सभी स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के लिए भूमि की उपलब्धता के साथ ही शीघ्र निमाज़्ण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर तक सभी गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि स्वच्छता मित्रों का हेल्थ चेकअप कराया जाए तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अवश्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान पखवाड़े के तहत सभी गतिविधियां निधाज़्रित तिथी और समय पर आयोजित किए जाएं। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण किया जाए। उचित मूल्य राशन दुकानों के लिए खाद्यान्न सामग्री का समय पर उठाव करने तथा हितग्राहियों को वितरण कराने के निर्देश दिए। जिले में खाद की उपलब्धता तथा अग्रिम भंडारण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, जिला पंचायत प्रभारी सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# बचपन के मित्र परसराम की मृत्यु पर घर बैठने पहुंचे कैबिनेट मंत्री शाह

सत्ता सुधार ■ खंडवा

बचपन के दोस्त वे लोग होते हैं जिनसे आप मिले थे और जिनके साथ आपके बचपन में घनिष्ठ संबंध थे । वे आपके साथ खेलने वाले, स्कूल के साथी, पड़ोसी या पारिवारिक मित्र हो सकते हैं। बचपन का दोस्त आजीवन दोस्त बन सकता है जो आपको बचपन की यादों से जुड़ाव का एहसास कराता है,ऐसा ही एहसास हरसूद विधानसभा के खालवा विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम रानीझरी के बचपन के मित्र परसराम की मृत्यु पर उनके घर बैठने पर कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह को हुआ, क्यू की मित्र परसराम ओर कैबिनेट मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने ग्राम मकडाई में तीसरी कक्षा तक साथ अध्ययन किया था। वक्त के साथ समय, दौर परिस्थितियों बदलती गई लेकिन तीसरी कक्षा से लेकर मित्र परसराम की मृत्यु से पहले तक कैबिनेट मंत्री शाह की मित्रता में कोई कमी नही आई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंत्री श्री शाह ने उनके निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिवार को आर्थिक सहायता हेतु बीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री शाह ने देखा कि गांव के ग्रामीण मुन्ना पिता कालिया के पैर में चोट लगी थी लगड़ा कर चल रहा था, पूछने पर ज्ञात हुआ कि तीन माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। कैबिनेट मंत्री शाह ने इलाज की जानकारी लेते हुए उन्हें इलाज के लिए खंडवा बुलाया है जिससे कि पैर का स्थाई इलाज करवाया जा सके। इस दौरान केबिनेट मंत्री शाह जी की नजर येक पास खडे व्यक्ति लखन पिता बुधा

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया छह पैसे मजबूत होकर 83.46 डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे मजबूत होकर 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और प्रमुख विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.49 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। हालांकि फिर वापसी करता हुआ 84.46 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़त के साथ 100.49 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.04 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

### आईनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक नीत कंसोर्टियम से किया समझौता

**नई दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आइनॉक्स विंड ने आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम के साथ 2,200 करोड़ रुपये की वित्त सुविधा के लिए समझौता किया है। आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने कहा कि अग्रणी बैंक (आईसीआईसीआई बैंक) द्वारा किए गए कार्यशील पूंजी मूल्यांकन के अनुसार इस सीमा बढ़ाकर 2,400 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है। बयान में कहा गया है कि आईसीआईसीआई बैंक नीत बैंकों के एक समूह के साथ 2,200 करोड़ रुपये की सीमा के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये सीमाएं मुख्य रूप से गैर-निधि आधारित हैं। आईनॉक्स जीएफएल ग्रुप के एक मुख्य वित्त अधिकारी ने कहा कि कंसोर्टियम व्यवस्था आईडब्ल्यूएल की वित्तीय मजबूती में बैंकिंग समुदाय के विश्वास को दर्शाती है।

### स्पाइसजेट ने क्यूआईपी के जरिये जुटाए 3,000 करोड़

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। स्पाइसजेट ने कहा कि क्यूआईपी 16 सितंबर को खुला और 18 सितंबर को बंद हुआ। इसमें योग्य निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ काफी अधिक अभिदान मिला। यह कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में मजबूत विश्वास को दिखाता है। कंपनी ने कहा कि 3,000 करोड़ रुपये के वित्तपोषण के अलावा उसे पिछले वित्तपोषण दौर से 736 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी मिली। इससे उसकी वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि योजनाओं को और बढ़ावा मिलेगा। स्पाइसजेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि निवेशकों और संस्थानों की ओर से मिली मजबूत प्रतिक्रिया स्पाइसजेट की तेजी से विस्तार करने और भारत के उभरते विमानन बाजार में एक मजबूत कंपनी बनने की क्षमता में उनके विश्वास का प्रमाण है।

---

### शिक्षक दिवस के अवसर पर बैंक ने 150 से अधिक विशेष सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाएँ आयोजित कीं

# एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को किया शिक्षित

**एजेंसी ▪ मुंबई**

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में जागरूक करने के लिए 150 से अधिक कार्यशालाएँ आयोजित कीं। बैंक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 4 सितंबर से 10 सितंबर के बीच ये विशेष सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाएँ आयोजित कीं गई।

बैंक ने पूरे भारत में स्कूल कॉलेज शैक्षणिक संस्थानों तक पहुँच बनाई और छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए सुरक्षित बैंकिंग सत्र आयोजित किए। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई ताकि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार न हों। कार्यशालाओं में वास्तविक जीवन के उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो शामिल थे, जिनसे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिली।

#### निम्नलिखित बिंदुओं को याद रखना चाहिए

- ✔ एसएमएस /ईमेल/संदेशों में अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वे किसी व्यक्ति का डेटा और पैसा चुराने के लिए फ़िशिंग लिंक हो सकते हैं।
- ✔ अज्ञात स्त्रोतों से स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड न करें क्योंकि इसका उपयोग डिवाइस से डेटा चुराने और मैलवेयर इंस्टॉल करने के लिए किया जा सकता है
- ✔ ओटीपी, सीवीवी, पिन, पासवर्ड और कार्ड विवरण जैसे व्यक्तिगत बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें। बैंक या उसके प्रतिनिधि ऐसे व्यक्तिगत विवरण नहीं मांगते हैं।
- ✔ ऐसी योजनाओं नौकरियों छूट सहायता प्रस्तावों का शिकार न बनें, जिनके लिए भुगतान करना पड़ता है या किसी व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत बैंकिंग क्रेडेंशियल साझा करने की आवश्यकता होती है।
- ✔ अज्ञात कॉल, एसएमएस, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट और पुरस्कार, निवेश के अवसर, अंशकालिक नौकरी, कमीशन या कार्य पूरा करने और दूरस्थ कार्य के लिए आसान पैसे देने वाले विज्ञापनों के प्रति सतर्क रहें।

#### कई प्रासंगिक विषयों को शामिल किया गया

- ✔ साइबर धोखाधड़ी जागरूकता- विशिंग, फ़िशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस, सिम स्वैप और यूपीआई धोखाधड़ी जैसे सामान्य साइबर खतरों को समझाते हुए विस्तृत चर्चा की गई। निवेश, नौकरी की पेशकश, डिजिटल गिरफ्तारी, नकली कूरियर आदि के बहाने होने वाले घोटालों की पहचान करने और इनसे कैसे बचा जाए, इस पर भी चर्चा की गई। समझ को गहरा करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों का उपयोग किया गया।
- ✔ सुरक्षित नेट-बैंकिंग और खरीदारी टिप्स- सत्रों में सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास और सुरक्षित ऑनलाइन खरीदारी के लिए युक्तियों पर प्रकाश डाला गया।
- ✔ निवारक उपाय- उपस्थित लोगों को ओटीपी, सीवीवी, डेबिट/क्रेडिट कार्ड क्रेडेंशियल और यूपीआई पिन जैसी संवेदनशील जानकारी का खुलासा न करने के लिए निर्देशित किया गया।
- ✔ संदिग्ध घोटाले की रिपोर्ट करें- www.sancharsaathi.gov.in पर चक्षु पोर्टल पर किसी भी संदिग्ध कॉल/संदेश की रिपोर्ट करें
- ✔ एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष – क्रेडिट इंटेलिजेंस और कंट्रोल श्री मनीष अग्रवाल ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा , आज के डिजिटल युग में, यह जरूरी है कि हम युवाओं और शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए ज्ञान से लैस करें। जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए, जागरूकता पैदा करना आवश्यक है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली और सुरक्षित बैंकिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना था, जिसका पालन करने की आवश्यकता है ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को इसके बारे में और अधिक जागरूक कर सकें और वे इस तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार न बनें। बैंक ग्राहकों को डिजिटल रूप से लेन-देन करते समय सतर्क रहने और सुरक्षित बैंकिंग आदतें अपनाने और अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा करने से बचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

---

# अब तक 28 से ज्यादा कंपनियों ने भारतीय शेयर बाजार में किया प्रवेश

### सितंबर माह पिछले 14 सालों में आईपीओ के लिहाज से काफी व्यस्त

**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**




वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय शेयर बाजार में मजबूती बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया है कि सितंबर का महीना पिछले 14 सालों में आईपीओ के लिहाज से काफी व्यस्त रहने वाला है। अब तक, 28 से ज्यादा कंपनियों ने भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश किया है, जबकि वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव जारी है।आरबीआई की मासिक रिपोर्ट के मुताबिक प्राइमरी इक्विटी मार्केट में छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) की आईपीओ में बढ़ती रुचि देखी जा रही है, जिसमें घरेलू म्यूचुअल फंड्स भी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निवेशकों को आवंटित आईपीओ शेयरों में से करीब 54 फीसदी लिस्टिंग के एक सप्ताह के भीतर बिक गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 के पहले आठ महीनों में 60 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित धन जुटाने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों की बढ़ती संख्या योग्य संस्थागत प्लेसमेंट की ओर बढ़ रही है। आरबीआई ने बताया कि वैश्विक संकेतों के बीच सेकेंडरी मार्केट में बेंचमार्क सूचकांक बढ़ा है और इसका दृष्टिकोण भी मजबूत बना हुआ है। ग्लोबल फंड मई 2024 के बाद से लगातार पांचवें महीने में भारतीय लोन बाजार में भारी निवेश कर रहे हैं। हालांकि, चालू वित्त वर्ष के दौरान कॉरपोरेट कर्ज कम रहा है, क्योंकि जारीकर्ताओं ने अमेरिकी दरों में कटौती का इंतजार किया था। रिजर्व बैंक ने बताया कि बड़े जोखिम वाले पूंजी निवेशक बेहद सावधानी से कदम बढ़ा रहे हैं, और शुरुआती चरण के निवेश में सूक्ष्म उद्यम पूंजी कंपनियों और संस्थापक नेतृत्व वाले फंडों की संख्या बढ़ रही है। इस बीच आरबीआई ने एक बयान में कहा है कि फिनटेक ऋणदाताओं ने निजी लोन में 52 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल की है और वे धन जुटाने तथा लोन स्त्रोतों में विविधता लाने के लिए निजी ऋण की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। इस प्रकार, भारतीय बाजार में निवेश के नए अवसरों के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करते हुए बाजार में मजबूती का संकेत मिल रहा है।

### अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने बना रही बैकअप प्लान

नई दिल्ली। अडाणी पावर भारत में बिजली बेचने के लिए बैक-अप प्लान की तैयार कर रही है। इसी मकसद से कंपनी झारखंड के गोड्डा में अपने 1600 मेगावाट के थर्मल प्लांट, जो बांग्लादेश को अपनी पूरी उत्पादित बिजली की आपूर्ति करता है, गोड्डा प्लांट से 30 किलोमीटर दूर बांका में एक करीबी सबस्टेशन के अंतरिम लिंक के जरिए भारतीय ग्रिड से जल्द कनेक्शन के लिए एपीजेएल के अनुरोध को नेशनल ट्रांसमिशन प्लानिंग अथॉरिटी, सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 21 अगस्त को तकनीकी बाधाओं का हवाला देते हुए खारिज कर दिया था। बता दें कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के रूप में मोहम्मद यूनुस के शपथ लेने के दो दिन बाद, पावर मिनिस्ट्री ने 10 अगस्त को बांग्लादेश में उभरते भूराजनीतिक तनाव और बकाया भुगतान का हवाला देते हुए अडाणी पावर के गोड्डा प्लांट के लिए भारतीय ग्रिड से कनेक्टिविटी की सिफारिश की थी।

# यूरोपीय संघ के देशों में ईवी कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज



**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**

बीते साल अगस्त 2023 में यूरोपीय संघ के देशों में कारों की बिक्री में बडी गिरावट दर्ज की गई। बिक्री में 18.3प्रतिशत की गिरावट आई है, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे निचला स्तर है। जानकारी के मुताबिक, इस गिरावट का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में कमी है, जबकि विश्वभर की सरकारें स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान कर रही हैं। जर्मनी, फ्रांस और इटली जैसे प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री लगातार चौथे महीने घट रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इस गिरावट ने यूरोपीय ऑटोमोबाइल निर्माता संघ (एसीईए) को तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता महसूस करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में अगस्त में 43.9प्रतिशतकी कमी आई, जिसमें जर्मनी में 68.8प्रतिशत और फ्रांस में 33.1प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्लग-इन इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री भी 22.3प्रतिशत कम हुई है। प्रमुख कार निर्माता कंपनियों जैसे फॉक्सवैगन, स्टेलेंटिस और रेनॉ की बिक्री में क्रमशः 14.8 प्रतिशत, 29.5प्रतिशत और 13.9 प्रतिशत की कमी आई है। सोसायटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल 23,023 इलेक्ट्रिक कारें बिकीं, जबकि दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा घटकर 10,939 यूनिट्स पर पहुंच गया। इस स्थिति ने स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को संदेह के घेरे में ला दिया है।

---

# टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ हैः पीएम मोदी

**एजेंसी ▪ वाशिंगटन**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म है। टेक्नोलॉजी-डेमोक्रेसी संकट पैदा कर देता है। भारत के पास युवा भी, टेक्नोलॉजी भी है, मार्किट भी है। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी बताया कि कैसे भारत चीन को पछाड़ने जा रहा है। हालांकि उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकसित भारत का एक अहम स्तम्भ है। भारत की स्किल, भारत की कपाबिलिटी, भारत का परफॉरमेंस में यूनिक तरीके देखते होंगे। विश्व का सबसे बड़ा युवा टैलेंट आज भारत के पास है। इन्वेस्टर के लिए या कोई भी साहस करने वाले व्यक्ति के लिए पॉलिसी स्टेबिलिटी जरुरी है। बता दें कि इस समय चीन सेमीकंडक्टर के उत्पादन करने वाले देशों में नबंर वन है। हालांकि जल्द ही भारत चीन को इस मामले में पछाड़ने जा रहा है। पीएम मोदी ने टेक कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल बातचीत में बता दिया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में 15 बिलियन डॉलर का इन्वेस्ट करने की दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। चिप के बिना कोई कारोबार चलना मुश्किल है। 5जी में हम लेट थे, लेकिन आज हम नंबर 1 है। चिप और सेमीकंडक्टर के दिशा में जो बेसिक नीड की जरुरत है उसमें हम पूरी तरह तैयार हैं। आज भी दुनिया की बड़ी कंपनी के रिसर्च और इनोवेशन सेंटर भारत में हैं। मालूम हो कि अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के दौरान गूगल, एनवीडिया और 13 अन्य कंपनियों जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक साझेदार बनने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया और बताया कि कैसे भारत में तकनीकी प्रगति नवाचार को बढ़ावा दे सकती है।

### आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** आलू-प्याज के उत्पादन को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फिर से रसोई का खर्च बढ़ले की संभावना है। 2023-24 में भारत का बागवानी उत्पादन मामूली 0.65 फीसदी घटकर 353.19 मिलियन टन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे एडवांस अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज और आलू का उत्पादन 242.44 लाख टन और 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है। अन्य सब्जियां जैसे बैंगन, रतालू और शिमला मिर्च का उत्पादन भी कम हो सकता है, जिससे इनकी कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई 3.65 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी। कुल सब्जियों का उत्पादन 205.80 लाख टन होने की उम्मीद है।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स ने बैटरी एज ए सर्विस का नया कॉन्सेप्ट पेश किया

**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**



इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की बढ़ती लोकप्रियता में उनकी कीमतें बड़ी बाधा बनी हुई है। अन्य गाडियों के मुकाबले इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमत अक्सर अधिक होती है, जिससे लोग इन्हें खरीदने से हिचकते हैं। इस समस्या का समाधान खोजते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स ने बैटरी एज ए सर्विस का नया कॉन्सेप्ट पेश किया है। इस स्कीम के तहत, ग्राहक केवल गाड़ी की कीमत चुकाते हैं, जबकि बैटरी के लिए उन्हें हर महीने एक निश्चित राशि का भुगतान करना होगा। इस तरह, गाड़ी की अपफ्रंट कीमत में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आ सकती है। एमजी मोटर्स ने यह योजना अपनी नई ईवी एमजी विंडसर के साथ शुरू की, जिसे अब कार्नेट ईवी और झेडएस ईवी के लिए भी लागू किया गया है। एमजी विंडसर की कीमत 9.99 लाख रुपए, झेडएस ईवी की नई शुरुआती कीमत 13.99 लाख रुपए, और कार्नेट ईवी की कीमत 4.99 लाख रुपए एक्स शोरूम में निर्धारित की गई है। इस स्कीम में बैटरी के लिए प्रति किमी 2.5 रुपए का भुगतान करना होगा। कंपनी ने विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के साथ मिलकर अलग-अलग प्लान भी पेश किए हैं, ताकि ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार विकल्प उपलब्ध हो सकें। उदाहरण के लिए, यदि आप हर महीने 2000 किमी गाड़ी चलाते हैं, तो आपको बैटरी रेंटल के लिए हर महीने 5000 रुपए देने होंगे। इसके अतिरिक्त, चार्जिंग के खर्च को जोड़ने पर इसकी रनिंग कॉस्ट पेट्रोल कारों की तुलना में आधी से भी कम होगी। कंपनी ने एक बैंक स्कीम भी पेश की है, जिसके तहत यदि कोई ग्राहक 3 साल बाद अपनी गाड़ी बेचना चाहता है, तो बैंक उसे उसकी 60 प्रतिशत कीमत पर वापस खरीद लेगा। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर्स का यह नया कॉन्सेप्ट न केवल इलेक्ट्रिक गाड़ियों को खरीदना आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें चलाना भी किफायती बनाने में मदद कर रहा है।

---

### स्त्री 2 की सक्सेस को दोस्तों के साथ सेलिब्रिट किया

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने पार्टी में काटा केक, वीडियो वायरल

**एजेंसी ▪ मुंबई**



अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ शादी के बाद एयरपोर्ट पर नजर आए थे। दोनों का वीडियो खूब तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद उनका एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें पार्टी में देखा जा सकता है। इसमें दोनों को केक काटते हुए देखा जा सकता है। खास बात है कि पार्टी फराह खान कुंदर ने होस्ट की और इसमें राजकुमार राव, जावेद अख्तर, साजिद खान, हुमा कुरैशी और साकिब सलीम समेत कई लोग शामिल थे। फराह ने अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की शादी के अलावा राजकुमार की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'स्त्री 2' की सक्सेस को दोस्तों के साथ सेलिब्रिट किया। फराह खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। प में अदिति और सिद्धार्थ केक काटते हैं और फिर सबसे पहले गीतकार जावेद अख्तर को खिलाते नजर आ रहे हैं। राजकुमार राव मिठाई काटते नजर आ रहे हैं, जबकि साकिब सलीम सीटी बजाते नजर आ रहे हैं। वहीं राजकुमार की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा को भी वीडियो बनाते देखा जा सकता है। फराह खान ने अदिति राव हैदरी, राजकुमार राव और कई अन्य लोगों को टैग किया। उन्होंने लिखा कि बहुत सारी वजह हैं सेलिब्रेशन की। बहुत सारे दोस्त आए। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की शादी, राजकुमार राव की बिगेस्ट हिट। आईसी 814ऱ द कंधार हाईजैक में पत्रलेखा, रचित सिंह का हैप्पी बर्थडे और मेरे पास दुनिया के बेस्ट फ्रेंड हैं, उनसे प्यार करती हूं। राजकुमार राव ने इसके कमेंट में दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, थैंक्यू सो मच डियर फराह मैम। आप एक बेस्ट होस्ट हैं। राजकुमार और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 2' एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है और बाद में रिलीज हुई फिल्मों से भी अच्छी कमाई कर रही है।

# विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव हैः नायडू

**एजेंसी ▪ नई दिल्ली**

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए विमानन मनोविज्ञान क्षेत्र के साथ-साथ तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत प्रणालियों की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने पायलट सहित अन्य के लिए तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत कार्यक्रमों की भी वकालत की। नायडू ने कहा कि विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है। उन्नत मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि मानवीय कारक भी विमान दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान दुर्घटनाओं में मानवीय कारक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह टिप्पणी की। नायडू ने कहा कि सुरक्षा उपायों को भारतीय विमानन क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। उन्होंने लोगों को निरंतर कौशल प्रदान करने तथा उनका कौशल बढ़ाने का आह्वान किया।

# घर में पटाखे का अवैध निर्माण करते 3 गिरफ्तार

## भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले की महुआ थाना पुलिस ने रविवार को रूधावली गांव में घर के अंदर बिना किसी लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखे का निर्माण करते हुए एक बुजुर्ग एक महिला एवं एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घर के अंदर से बड़ी मात्रा में पटाखे एवं बनाने वाली सामग्री बरामद की है।

उनि पवन सिंह भदौरिया थाना महुआ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रूधावली का अल्ले खां अपने घर पर अवैध पटाखा निर्माण कार्य कर रहा है। सूचना पर से पुलिस टीम ने अल्ले खाँ के घर ग्राम रूधावली पर छापामार कार्रवाई की। जहां बड़े मकान में एक व्यक्ति अल्ले खाँ पुत्र हैदर खाँ उम्र 74 वर्ष व महिला जरीना पति स्व0 छोटे खाँ उम्र 45 वर्ष निवासी रूधावली अवैध रूप से पटाखे का निर्माण करते हुए मिले। पुलिस टीम ने आरोपी के घर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कच्चा माल बारूद आदि सामान के साथ बने हुए काशीराम पटाखे भी बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में अल्ले खाँ ने बताया कि शैलेंद्र पुत्र स्व. छोटे खाँ निर्माण सामग्री लाना ले जाना तथा मुरैना और अंबाह में पटाखे बेचना उसी का काम था। महुआ थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त लोग बिना किसी लाइसेंस के अवैध रूप से घर के अंदर पटाखा फैक्ट्री संचालित कर रहे थे।

### यह सामग्री हुई बरामद

एक थैली में 1.5 कि.ग्राम गंदक (पीला), एक गत्ता काला पाउडर पटाखा बनाने वाली बारूद (पोटास), एक थैली में 3 कि.ग्रा. पिसा हुआ कोयला पाउडर, एक थैली में करीब 02 कि.ग्रा. सफेद पाउडर, 13 सफेद प्लास्टिक की बोरियों में भरे बने हुये काशीराम जैसे पटाखे, 03 टाट की बोरियों में बने हुये दीवाल गोला, 05 बोरी प्लास्टिक की खाली रील जिससे काशीराम बनाये जाते है, बारूद सहित बनी हुई बत्ती 03 बोरी प्लास्टिक की, 04 बोरी प्लास्टिक की अखबार की पर्ची, एक बोरी प्लास्टिक की बडी खाली रील, बत्ती बनाने का धागा एक बोरी कुल कीमती करीबन 02 लाख रूपये मूल्य के बरामद किए गए हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पीएचई व जल जीवन मिशन की बैठक संपन्न

**मुरैना।** दतहरा जल प्रदाय योजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जल जीवन मिशन की प्रमुख श्रीमती नेन्सी जैन को कलेक्टर अंकित अस्थाना ने दिये। इसके साथ ही उन्होंने पीएचई विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि 54 नल जल योजनाएँ ऐसी है जो कि 75 प्रतिशत तक पूर्ण हो गई है उन योजनाओं में बाक़ी का बचा हुआ कार्य 8 अक्टूबर तक पूर्ण करें। जिन नल जल योजनाओं के कार्यादेश होने के बाद 03 वर्ष पूर्ण हो गये है, एवं कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हैं। उन ठेकेदारों पर उनके भुगतान का ढाई प्रतिशत तक का जुर्माना लगाने के आदेश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, संयुक्त कलेक्टर शुभम शर्मा, कार्यपालन यंत्री पीएचई एसएल बाथम सहित संबंधित सहायक यंत्री व ठेकेदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन में कुछ योजनाएँ ऐसी है, जिनका कार्य सिर्फ़ 0 से 25 प्रतिशत तक पूर्ण की श्रेणी में हैं। सहायक यंत्री अपने-अपने स्तर पर योजनाओं की समीक्षा कर उनका कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण करवा कर योजनाओं को 25 से 50 प्रतिशत तक की श्रेणी में लाने का प्रयास करें।

# ढाई हजार रुपए न मिलने पर हथौड़े मारकर चौकीदार को किया था घायल

## गिरफ्तार युवक पहले भी कर चुका है हत्या



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत टी.आर. पुरम में एक बिल्डिंग पर तैनात चौकीदार को घायल कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने रविवार की रात अतरसूमा से गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त हथोड़ा एवं घायल नेतराम का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बताया जाता है कि आरोपी ने मजदूरी के रुपए न मिलने पर उक्त घटना को अंजाम दिया है तथा पूर्व में भी रूपयों के लेन देन को लेकर हत्या कर चुका है।

फरियादी कृष्ण कुमार पुत्र बृजकिशोर चौरसिया उम्र 52 साल निवासी जे. 546 दर्पण कालोनी माता वाली गली ग्वालियर ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नेतराम पुत्र बाबूलाल जाटव निवासी चंदन नगर लुडकन बाबा मंदिर ग्वालियर का फरियादी की टी.आर. पुरम स्टेट बिल्डिंग पर चौकीदारी करता है और सुबह घायल अवस्था में मिला है, जिसके सिर, मुंह एवं शरीर पर काफी चोट आई हैं। उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर किया गया था। कोतवाली पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए पड़ताल की गई और मुखबिर तंत्र की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले रिंकू कुशवाह निवासी अतरसमा को बीती रात्रि गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नेतराम उसे मजदूरी पर लेकर आया था और मजदूरी के ढाई हजार रुपए नहीं दिए थे। पुलिस के अनुसार नेतराम ने कहा था कि मालिक के आने के बाद तुम्हें पैसे मिल जाएंगे, लेकिन घटना दिनांक को आरोपी रिंकू ने शराब के नशे में हथौड़े से कई बार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया तथा फरार हो गया, साथ में उसका मोबाइल फोन भी ले गया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने चौकीदार को घायल अवस्था में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी, वही बिल्डिंग संचालक भी मौके पर आ गया और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हथोड़ा एवं घायल का मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना प्रभारी आलोक परिहार के अनुसार उक्त आरोपी द्वारा पूर्व में भी रूपों के लेनदेन को लेकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या की कर चुका है।

# हवा में झूलती हुई जैन प्रतिमा वेदिका पर हुई विराजमान



सत्ता सुधार ■ मुरैना

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सिहोनियां जी में विशाल एवं भव्य जिन प्रतिमा को वेदिका पर विराजमान किया गया। जानकारी के अनुसार अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन महेंद्र जैन सर्राफ परिवार की ओर से 31 फुट ऊंची 125 टन वजनी विशाल एवं भव्य जिनेंद्र प्रभु की पाषाण की खड़्गासन प्रतिमा जैन तीर्थ सिहोनिया में विराजमान कराई जानी थी।

सोमवार को पूज्य गुरुदेव युगल मुनिराज शिवानंद महाराज एवं मुनि प्रश्मानंद महाराज के पावन सान्निध्य में उक्त प्रतिमा को वेदिका पर विराजमान किया गया। प्रतिमा को वेदिका पर विराजमान करने से पूर्व 4 फुट के कमल को स्थापित किया गया। प्रतिष्ठाचार्य मनोज शास्त्री अहारजी ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ उपस्थित सभी बंधुओं और माताओं से कमल पर चांदी के स्वास्तिक रखबाए। जब विशाल क्रेन द्वारा जैसे ही मूर्ति को उठाया गया, पूरा मंदिर प्रांगण भगवान शांतिनाथ जी के जयकारों से गूंज उठा। नवनिर्मित सफेद पाषाण की प्रतिमा हवा में झूलते हुए नवीन वेदिका पर विराजमान हुई। पूज्य युगल मुनिराजों ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए जिन प्रतिमा की स्थापना एवं तीर्थ क्षेत्रों की महिमा का गुणगान करते हुए उपस्थित सभी बंधुओं को शुभाशीष प्रदान किया। वार्षिक मेला एवं महामस्तकाभिषेक के पावन अवसर पर मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी का जलाभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य पटेल नगर दिल्ली निवासी चौधरी मोहित जैन चीकू को प्राप्त हुआ।

## पुलिस कर्मचारियों से मारपीट के मामले में भाजपा नेता मनोज सिकरवार को 10 दिन का कारावास

**मुरैना।** षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश ने 9 वर्ष पुराने एक मामले में पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर झगड़ा किए जाने के मामले में जेएमएफसी के फैसले को यथावत रखते हुए भाजपा नेता को 10 दिन का कारावास देते हुए एक हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। सोमवार को षष्टम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा पुलिस वालों की मारपीट के मामले में मनोज सिकरवार गुर्जा को 10 दिवस की सजा व 1000 रूपए जुर्माना की सजा दी है। घटनाक्रम के अनुसार 23 मार्च 2015 को पुलिस कर्मचारी हेड कांस्टेबल किशन सिंह, आरक्षक राजकुमार, गजेंद्र सिंह कस्बा भ्रमण व वारंट की तामील कराने जा रहे थे, तो बाडी पैट्रोल पंप के पास बस नं एमपी 07 पी 1577 में ड्राइवर बस को रोड पर खडी करके सवारी भर रहा था। जब उक्त पुलिस वालों ने बस को हटाने की कहा तो अभिषेक, विश्वनाथ, ध्रुव, हरीश, दिनेश, मनोज और 8-10 लोगों ने पुलिस वालों को गालियाँ दी, गिरेवान पकड़कर झगड़ा किया, जिसमें आरक्षक शिवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कार्यवाही कर चालान पेश किया। जेएमएफसी मजिस्ट्रेट ने धारा 147, 353, 294 में सभी को एक एक वर्ष की सजा व एक एक हजार जुर्माना की सजा दी, जिस आदेश की अपील षष्ठम अपर सत्र न्यायालय में सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुई, जिसमें सोमवार को सस्टम अपर सत्र न्यायाधीश ने मनोज सिकरवार पुत्र सोवरन सिकरवार निवास गुर्जा को धारा 147, 353, 294 में 10 दिन का कारावास व एक हजार जुर्माना की सजा दी है। शेष आरोपी दोष मुक्त किये गए हैं। शासन की ओर से पैरवी इन्द्रसिंह गुर्जर ने की।

# बैटरी चोरी करते शातिर चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली के अंतर्गत श्रीराम स्कूल वाली गली गोपालपूरा इलाके में एक ही फरियादी के घर से तीन बार चोरी करने वाले आरोपी को लोगों ने उसके जीजा के घर में घुसते हुए पकड़ लिया और मारपीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। फरियादी का आरोप था कि पुलिस को कई बार चोरी के मामले में अवगत कराया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और अब जब चोर को पकड़कर सौंप दिया गया है, तब भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

फरियादी शांतिलाल टेगौर निवासी गोपालपुरा श्रीराम स्कूल वाली गली ने बताया कि आरोपी रोहित पुत्र लोकेंद्र गुर्जर निवासी मदन बसई 3 महीने पहले उनकी अपाचे मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। उसके बाद ट्रैक्टर से दो बार बैटरी चोरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को डीजल बैटरी एवं फिर 19 सितंबर को एक और बैटरी चोरी कर ले गया। इन चोरियों के संबंध में कोतवाली पुलिस को कई बार अवगत कराया है, लेकिन जब भी थाने पहुंचते हैं तो कहा जाता है कि थाना प्रभारी नहीं है। फरियादी का आरोप है कि क्या थाना प्रभारी नहीं होंगे तो कोई कार्रवाई अन्य स्टाफ नहीं करेगा। चोर को पकड़कर लाने के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया, जिससे फरियादी पक्ष में काफी आक्रोश था।

# मुरैना की जैन साध्वी आर्यिका माताजी की हुई संल्लेखना समाधि



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जैन साध्वी आर्यिका माताजी की संल्लेखना समाधि पोन्नुर मलाई (चैन्नई) में हो चुकी है। लोहिया बाजार मुरैना निवासी श्रीमती सरला देवी जैन ने एक वर्ष पूर्व जैन साध्वी बनकर क्षुल्लिका दीक्षा स्वीकार की थी। अपने जीवनकाल के अंतिम समय में दो तीन दिन पूर्व ही उन्होंने दिगंबराचार्य सुविधिसागर महाराज से आर्यिका दीक्षा ग्रहण की। मुरैना के राजीव जैन टीटू द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पोन्नूर मलाई (चेन्नई) में 22 सितम्बर को दोपहर 03.25 बजे आचार्य सुविधिसागर महाराज के पावन सान्निध्य में आर्यिका सुकुंधकुंद मति माताजी की संल्लेखना समाधि हो गई है।

## कार बनी आग का गोला, सवार लोग बाल-बाल बचे

**मुरैना।** रविवार की देर रात कैलारस थाना क्षेत्र के नेपरी धर्मकांटे के पास कार अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण धू-धू कर जलने लगी। गाड़ी में सवार लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने थोड़ी देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जाता है कि सादिक खान पुत्र सलीम खान निवासी कैलारस रविवार को सबलगढ़ में एक शादी समारोह के कार्यक्रम में कुछ लोगों के साथ गया हुआ था। रात्रि 12:10 बजे जब वह अपनी टाटा



वेंचर कार से वापस कैलारस लौट रहा था तो नेपरी धर्मकांटे के पास अचानक गाड़ी में आग लगने लगी। यह देखकर सभी घबरा गए और तत्काल गाड़ी छोड़कर बाहर निकले तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची गाड़ी में घरेलू गैस सिलेंडर भी रखा था, जिसमें भी आग लग गई और उसे तुरंत बाहर फेंका गया। उक्त घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है तथा कर पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में नगर निगम की समीक्षा बैठक संपन्न



सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का निर्माण 15 स्थानों पर किया जाना था, जिनमें 11 संजीवनी क्लिनिक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उनका हेंडओव्हर शीघ्र करायें। 03 संजीवनी क्लीनिक प्रगतिरत है और 01 अप्रारंभ है। इसके लिये स्थान चयनित करके शीघ्र निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर अंकित अस्थाना ने नगर निगम की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में नगर निगम कमिश्नर सतेन्द्र धाकरे सहित नगर निगम के सब इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत प्रथम चरण में कुल 26 सड़के स्वीकृत की गई थी। जिनकी लागत 1500.00 लाख रूपये थी। जिसमें 18 सड़के पूर्ण बताई गई है। इसके अलावा प्रगतिरत कार्यो की संख्या 08 है, जिसमें चम्बल पेयजल योजना के कारण पाइप डालने के कारण कार्य विलंब से प्रारंभ हुआ है। कलेक्टर ने समस्त कार्यो की बारी-बारी समीक्षा की। कायाकल्प योजना के तहत द्वितीय चरण के लिये नगरीय क्षेत्र सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 53 स्वीकृत सड़कों में से 1477.00 लाख रूपये की लागत से एक कार्य पूर्ण बताया गया है एवं प्रगतिरत कार्य 15 बताये गये है। अप्रारंभ कार्य 37 बताये गये है। प्रगतिरत कार्यो में तेजी लायें एवं अप्रारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ किया जाए तभी नगर निगम के कार्यो में प्रगति दिखाई देगी। नगर निगम के शेष 23 वार्डो में सीवरेज नेटवर्क का कार्य 19472 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा है। इस कार्य को 16 अप्रैल 2024 को प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जौरा की रोड़ से आने वाले मां-बेटी चौराहे से जिस व्यक्ति को धौलपुर जाना है, वह बेरियल तक न आते हुये मां-बेटी चौराह से धौलपुर रोड़ को निकले और मां-बेटी चौराह से ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन हाउसिंग बोर्ड के पीछे होते हुये नहर के रास्ते ग्वालियर रोड़ पर पहुंचे।

**खुलासा** पारले-जी बिस्किट सप्लायर के सेल्समैन से हुई लूट का खुलासा

# एक बाल अपचारी गिरफ्तार, 10,000 रूपए बरामद




सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के दिमनी थाना क्षेत्र में पिछले मंगलवार को पारले-जी बिस्किट सप्लायर के सेल्समैन से लूट करने वाले एक बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन में जिले में घटित अपराधों पर तत्परता पूर्वक कार्रवाई कर उनका खुलासा करने के निर्देश दिए गए, जिस पर से दिमनी पुलिस ने लूट के मामले में तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया है। दीपेन्द्र सिंह यादव थाना प्रभारी दिमनी एवं उनि प्रताप लोधी को मुखबिर से सूचना मिली कि 17 सितंबर शाम को ग्राम जतवार का पुरा के पास पारले जी बिस्किट सप्लायर के साथ घटित लूट की घटना को अंजाम देने वाला एक बाल अपचारी रपट का पुरा क्वारी नदी पुल के पास देखा गया है जिस पर से पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने अन्य 2 साथियों के साथ मिलकर उक्त लूट की घटना करना स्वीकार किया गया। अपचारी के कब्जे से मौके पर ही लूटे गए मशरूका में से 10,000 रूपये नगद जप्त किए गए एवं अपराध में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी जप्त की गई। उल्लेखनीय है कि नैनागढ़ रोड मुरैना निवासी कामेश अग्रवाल के ड्राइवर व दो सेल्समैन चार पहिया गाड़ी से दिमनी थाना क्षेत्र में माल बेचकर रुपए इकट्ठा कर शाम 6:30 बजे के लगभग मुरैना के लिए लौट रहे थे, तभी पीछा कर रहे तीन हथियार बंद बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में बाइक आगे लगाते हुए गाड़ी को रोक लिया और बंदूक की नोक पर सेल्समैन के पास रखे 32,000 लूटकर भाग निकले।

### बाल अपराधी के साथ शातिर बाइक चोर भी गिरफ्तार, 10 बाइक बरामद

थाना प्रभारी दीपेंद्र यादव ने बताया कि बाल अपचारी से जब कढ़ाई के साथ पूछताछ की गई तो उसने उक्त मोटर साइकिल अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर थाना कोतवाली मुरैना क्षेत्र से चोरी करना बताया। उक्त बाल अपराधी लंबे समय से अपने साथियों के साथ मुरैना एवं ग्वालियर जिले के कई थाना क्षेत्रों से मोटर साइकिलें चोरी कर रहा था। बाल अपचारी की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी रोहित खटीक निवासी चांदपुर को दो मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है, वहीं दोनों आरोपियों की निशान देही पर सिहोनियां थाना क्षेत्र से 7 अन्य चोरी की मोटर साइकिल जप्त की गई।

## महिला थाने के पास फायर ब्रिगेड चालक को पीटकर छीने रूपए

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत नाला नंबर एक महिला थाने के पास कुछ बाइक सवार युवकों ने फिल्मी स्टाइल में फायर ब्रिगेड को रोककर उसके चालक की मारपीट कर डाली और 2,000 रूपए छीनकर ले गए। कोतवाली पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम में फायर ब्रिगेड स्टेशन पर फायर ब्रिगेड वाहन चालक प्रदीप उर्फ कल्ला उपाध्याय निवासी मुरैना सोमवार की सुबह वार्ड क्रमांक 31 नाला नंबर एक फूटी पुलिया पर पानी वितरण करने गया था। जब वहां से फायर ब्रिगेड को लेकर लौट रहा था, तो रास्ते में बीच सड़क पर एक बाइक खड़ी हुई थी, जिससे फायर ब्रिगेड हल्का सा टच हो गई। चालक अपने वाहन को लेकर आगे निकल आया तो पीछे से कुछ बाइक पर सवार युवकों ने महिला थाने के पास आगे मोटरसाइकिल लगाकर उसे रोक लिया और चालक की मारपीट कर दो हजार रुपए छीनकर ले गए।

# दो माह में भी नहीं मिला पुलिस चौकी को स्थायी प्रभारी




सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

चिन्नौनी थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी झुण्डपुरा पर स्थाई चौकी प्रभारी पदस्थ न होने के चलते कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था आरक्षकों के भरोसे चल रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार चिन्नौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत झुण्डपुरा कस्बे में स्थित पुलिस चौकी झुण्डपुरा पर चौकी प्रभारी पवन भदौरिया का स्थानांतरण महुआ थाना को जुलाई माह में हो गया था, तभी से पुलिस चौकी पर किसी नए प्रभारी की अभी तक तैनाती नहीं की गई है। थाना प्रभारी चिन्नौनी ने व्यवस्था के रूप में उप निरीक्षक को चौकी का प्रभार सौंपा है लेकिन थाने पर काम की अधिकता के चलते कम समय दे पाते हैं, जिसके चलते कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था दो आरक्षकों पर आ जाती है जिसमें से एक आरक्षक न्यायालय काम में चला जाता है अब पुलिस चौकी पर एक आरक्षक ही रह जाता है। जब कि झुण्डपुरा शहरी कस्बा है तथा इसकी सीमा राजस्थान से लगती है बीहड़ का क्षेत्र है जो संवेदनशील है। आगे समय में नवदुर्गा महोत्सव, विजयदशमी, दीपावली जैसे त्योहारों आ रहे हैं, जिसमें नगर की सुरक्षा व्यवस्था यातायात व्यवस्था आदि के लिए बल की जरूरत होगी। स्थाई चौकी प्रभारी न होने से सुरक्षा व्यवस्था के अलावा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए 9 किलोमीटर दूर चिन्नोनी थाना जाना पड़ता है।

## ब्रीफ न्यूज

### सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति पर प्रतिक्रिया

**हरदा ।** हरदा विधानसभा क्षेत्र से 5 बार विधायक रहे, म.प्र. शासन में केबिनेट मंत्री रहे कमल पटेल की जिले में सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला कांग्रेस प्रवक्ता आदित्य गार्गव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले अपने आप को म.प्र. का भावी मुख्यमंत्री बताने वाले कमल पटेल की सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति प्रोटोकॉल में ग्राम पंचायत के पंच पद से भी नीचे है। आदित्य गार्गव ने यह भी कहा कि जिस व्यक्ति को विधानसभा चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा नकार दिया गया है, वह सांसद प्रतिनिधि के रूप में पिछले दरवाजे से सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने का दुष्प्रयास कर रहा है। पटेल के इस पद को स्वीकार करने से उनकी पद लोलुपता साफ-साफ झलकती है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा है कि इस नियुक्ति से यह प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी में योग्य कार्यकताओं का अभाव है या कमल पटेल केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डी.डी. उईके पर दबाव डालकर भाजपा में नया नेतृत्व उभरने नहीं दे रहे हैं। गार्गव ने कमल पटेल की इस नियुक्ति पर व्यंग करते हुए कहा है कि पटेल के लिए ये नियुक्ति एम.ए. मेरिट लिस्ट में पास होने के बाद फिर से मिडिल स्कूल में एडमिशन लेने जैसी है।

### नएसयूआई ने जिला अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**खंडवा।** दिनांक 23 सितंबर सोमवार को खंडवा जिले मे कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के आह्वान एवं ज़िला अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल के नेतृत्व मे कैंपस चलो अभियान के तहत अपर कलेक्टर महोदय खंडवा को मुख्यमंत्री के नाम छात्रों की विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा । अक्षत अग्रवाल ने बताया कि विगत एक महीनें में अलग-अलग महाविद्यालय में जाकर छात्रों को ये मांग पत्र दे रहे हैं जिसमे मुख्य तौर पर पेपर लीक को लेकर सख्त कानून एवं छात्रवृत्ति को लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत शामिल करने एवं सबको शिक्षा सबको प्रवेश और छात्र संघ चुनाव जैसी अहम मांगे है द्य एवं पूर्व मे प्रचार्य महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी दे चुके हैं जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर अक्षत अग्रवाल के साथ यश वर्मा, साकिब खान ,अमन रावत, अयान पठान ,चंदन राजपूत, विकास मालवीया, नदीम गौरी ,अयान खान ,अंकित गिन्नारे , मोहम्मद दानिश एवं अन्य छात्र नेता मौजुद थे।

### कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा पर भड़के मंत्री विजय शाह, यात्रा को कांग्रेस का नाटक बताया

**खंडवा।** प्रदेश में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही न्याय यात्रा पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल नाटक कर रही है। जब उनका राज होता है तब वह कहा चले जाते है। ये घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नही होने वाला है। हमारे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और हमारी सरकार ने किसानों के लिए काम किया है। किसान हितेषी योजनाओं के चलते किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है, एमएसपी बड़ाई है ।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु विशेष अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक होगा

**सत्ता सुधार ■ हरदा**

कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के दिये निर्देश। प्रदेश के सभी जिलों में आगामी 11 से 31 अक्टूबर तक बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जो कि भिक्षावृत्ति में संलग्न है, उन्हें जागरूक कर भिक्षावृत्ति न करने के लिये प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के दौरान भिक्षावृत्ति कार्य में लगे बच्चों को चिन्हित किया जाएगा और बच्चों के लिये बनाई गई पुनर्वास नीति-2022 अनुसार उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी।



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इस जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होने इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये भी बैठक में निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा एवं सतीश राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी अपने क्षेत्र के शहरों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस अभियान की कार्यवाही करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि इस जागरूकता अभियान का द्वितीय चरण 6 माह बाद 10 से 30 अप्रैल तक आयोजित होगा। उन्होने बताया कि यह अभियान महिला बाल विकास विभाग के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग के समन्वय से संचालित होगा। इस अभियान के तहत बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन व धार्मिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस अभियान के तहत भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिये प्रयास किये जायेंगे।

# जनपद पंचायतों के सीईओ ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें

**सत्ता सुधार ■ हरदा**

इन दिनों स्वच्छता ही सेवा अभियान जारी है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी इस अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। हरदा, खिरकिया और टिमरनी जनपद पंचायतों के सीईओ अपने-अपने क्षेत्र के गांवों में सुनिश्चित करें कि सड़कों पर गड्ढों में पानी न भरा रहे। सड़कों की पंचायत द्वारा नियमित रिपेयरिंग की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में दिये।

उन्होने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गड्ढों में पानी भरे रहने से पनपने वाले मच्छरों के कारण डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती है अतः इसे रोकने के उपाय किये जायें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा एवं सतीश राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में पूर्ण हो चुके कार्यो का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाए। उन्होने कहा कि निर्वाचन के दौरान शासकीय भवनों में भूमि पूजन व लोकार्पण संबंधी शिलान्यास के पत्थरों को सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ढक दिया गया था, अब चूंकि आदर्श आचरण संहिता लागू नहीं है। अतः इन शिलालेखों को पूर्व की भांति व्यवस्थित कराया जाए। उन्होने हरदा, टिमरनी व खिरकिया के एसडीएम से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के खण्ड स्तरीय अधिकारियों की हर सप्ताह नियमित रूप से बैठक लेकर योजनाओं, कार्यक्रमों व अभियानों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें। उन्होने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। यदि कोई अनियमितता देखने में आती है तो उस पर तत्काल कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिक सेवा व सड़क विकास निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा समाप्त होते ही क्षतिग्रस्त पुल, पुलिया, रपटों व सड़कों की मरम्मत के लिये विशेष अभियान शुरू करें। उन्होने हरदा के वृद्धाश्रम को अन्य भवन में शिफ्ट करने के निर्देश भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि पेयजल योजना में जो ठेकेदार सही ढंग से कार्य नहीं कर रहे है, उन्हें ब्लेक लिस्टेड किया जाए।



# टाटा कर्व कार लॉन्च का युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य पार्षद सिल्लू रजक ने किया उद्घाटन

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

होटल जय विलासा, में टाटा कम्पनी की नई कार टाटा कर्व लॉन्च की गई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य तथा वार्ड नं. के पार्षद सिल्लू रजक ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, मीडिया बंधु आदि उपस्थित रहे। टाटा कम्पनी की नई कार टाटा कर्व के उद्घाटन के दौरान कार की विशेषता, फीचर्स के बारे में कम्पनी के प्रतिनिधियों ने बताया यह आज के समय की अपडेटेड कार है। इसमे दो बैटरी पैक आप्शन है, 5 सीटर आरामदायक हैं, इसका बूट स्पेस 500 लीटर है और इसमें आगे बोनट में 11.6 लीटर का फ्रंक स्पेस भी दिया गया है। इसमें 6 एयरबैग, एबीएस, ईबीडी, रियर पार्किंग सेंसर, आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट एंकर, और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल जैसे सेफ्टी





फीचर स्टैंडर्ड दिए गए हैं। टॉप लाइन वेरिएंट्स में 360 डिग्री कैमरा, फ्रंट पार्किंग सेंसर, और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे सेफ्टी फीचर भी दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य कई अच्छी फेसिलिटी है।

पार्षद सिल्लू रजक ने बताया कि टाटा कर्व कार के बारे में दी गई जानकारी अनुसार एक अच्छी गाड़ी है। अगर आप यूनीक स्टाइल वाली कार लेना चाहते हैं* जो मौजूदा गाड़ियों से अलग नजर आती हो तो फिर टाटा कर्व अच्छा विकल्प है। इसमें नेक्सन वाली क्वालिटी के साथ ज्यादा फीचर, बड़े बैटरी पैक और ज्यादा रेंज मिलती है।

# राजेन्द्र जैन सर्वश्रेष्ठ कपास व्यापारी पुरस्कार से हुए सम्मानित





**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

खंडवा के लिए गौरव का क्षण है कि औरंगाबाद में अखिल भारतीय कपास सम्मेलन में खंडवा के राजेन्द्र चांदमल जैन (राजू) को भारत के सर्वश्रेष्ठ कपास व्यापारियों में से एक होने के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से दिनांक 21 सितंबर 2024 शनिवार को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार अतुल गनात्रा सीएआई अध्यक्ष ,भूपिंदर सिंह राजपाल उपाध्यक्ष (सीएमडी - मंजीत ग्रुप), ललित गुप्ता सीसीआई के सीएमडी के कर कमलों से प्रदान किया गया।सम्मान पाने वाले श्री जैन ने कहा कि यह सम्मान कपास व्यापार में मध्य प्रदेश, विशेषकर खंडवा के उत्कृष्ट योगदान को उजागर करता है।इस उपलब्धि पर व्यापारी जगत,समाज एवं परिवारजनों ने शुभकामनाये दी।उक्त जानकारी प्रेमांशु जैन ने दी।

## श्राद्ध पक्ष में रेलवे ब्रिज की मुंडेर बनी कौवे एवं पक्षियों को कराया भोजन

**खंडवा ।** श्रद्धा पक्ष के दौरान हिंदू धर्म में अपने दिवंगतो आत्माओं के लिए श्राद्ध और तर्पण कर ब्राह्मण एवं दीन दुखियों को भोजन कराया जाता है,जिससे दिवंगत आत्माओं को मोक्ष एवं शांति की प्राप्ति होती है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में कौवा को भी भोजन करने की परंपरा है, कौवे शहर में देखने को नहीं मिलेंगे लेकिन रेलवे ओवर ब्रिज के आसपास के पेड़ों पर पर श्राद्ध पक्ष में जरूर पहुंच जाते हैं । श्राद्ध पक्ष में रेलवे ब्रिज की मुंडेर पशु पक्षियों और कौवा के लिए के लिए भोजन शाला बन जाती है। अश्वनी कृष्ण पक्ष में 16 दिन श्रद्धा मनाया जाता है, सुबह और शाम लोग रेलवे ब्रिज पर जाकर कौवे और पशु पक्षियों को भोजन कराते हैं । कौवा के साथ ही कोयल, तोते, चिड़िया आदि आकर भोजन ग्रहण करती है । श्रद्धालु अपने घरों से भोजन बनाकर लाकर रेलवे और ब्रिज की मुंडेर पर रखते हैं कौवे पशु पक्षी जाकर भोजन ग्रहण कर जल भी ग्रहण करते हैं ,कौवा को भोजन करते देख श्रद्धालु खुश होते हैं। पशु पक्षियों के इस भोजन में पूरी, सब्जी, हलवा, जलेबी से लेकर श्रद्धालु पोहा,बिस्किट, ब्रेड और अन्य खाद्य सामग्री भोजन हेतु रखी जाती है। श्राद्ध पक्ष के साथ वर्षभर श्रद्धालु इस स्थान पर पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करते हैं। विगत तीन-चार सालों से रेलवे पुल की मुंडेर पर पशु पक्षियों को दाना पानी खिलाया जा रहा है।

## पति ने पत्नी को किया आग के हवाले, जलते हुए महिला ने तालाब में कूद कर बचाई जान

**शहडोल।** जैतपुर थाना क्षेत्र के फुलवारी गांव में घरेलू बात को लेकर पति पत्नी का विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि नाराज पति ने पत्नी पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पत्नी ने आग लगने के बाद घर के सामने स्थित तालाब में कूद कर अपना बचाव किया। तभी स्थानीय लोगों ने इस घटना को देख मौके पर दौड़े और तालाब से अधजली महिला को बाहर निकल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया है। बताया गया कि मोना सिंह 35 वर्ष पति नोहर सिंह फुलवारी गांव में रहते हैं।पति-पत्नी का विवाद घरेलू बात को लेकर हुआ था, तभी पति नोहर ने अपनी पत्नी पर घर के अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी,जिस दौरान पत्नी पर पति ने पेट्रोल डालकर आग लगाई उस समय पति-पत्नी ही घर में मौजूद थे,महिला ने अपने बचाव के लिए चीखा चिल्लाया, लेकिन आसपास कोई घर मौजूद न होने की वजह से उसे बचाने कोई भी आगे नहीं आ सका। आग लगने के बाद महिला ने अपने बचाव के लिए घर से दौड़ी लगा दी, और घर के सामने स्थित एक तालाब में कूद गई। घटना दोपहर 3 बजे की है, रास्ते से गुजर रहे लोगों ने आग जलती हुई महिला को तालाब में कूदता देख, लोगों ने मौके पर दौड़ लगा दी। और तालाब से जली हुई महिला को बाहर निकला और नजदीकी अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया है। महिला बुरी तरीके से झुलस गई थी जिसकी वजह से डॉक्टर ने उसे शहडोल रेफर किया और शहडोल के डॉक्टर ने छत्तीसगढ़ के भिलाई में उसे रेफर कर दिया है। जहां महिला जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड ने बताया कि इस मामले में महिला के मायके पक्ष ने पुलिस से शिकायत की है, और अस्पताल से एक तहरीर भी थाने आई है । जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शत-प्रतिशत किसानों का विक्रय पंजीयन हमारा लक्ष्यः कलेक्टर



### सीएम हेल्पलाईन की शिकायत एवं अन्य शिकायतों का समय-सीमा में कराए निराकरण- कलेक्टर

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डा. केदार सिंह ने सभी विभागों की विभागवार समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने खाद्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के शत-प्रतिशत किसानों का अनाज विक्रय हेतु पंजीयन होना चाहिए। उन्होने कहा कि शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन करना हमारा लक्ष्य है। हमें इस लक्ष्य को पूरा करने हेतु पंजीयन कार्य को अतिगंभीरता से लेकर कार्य करना होगा। उन्होने निर्देश दिए कि पंजीयन कार्यालय से होने वाले पंजीयन एवं बैंक सखी द्वारा किए गए पंजीयन की प्रतिदिन की सूची बनाकर जानकारी प्रेषित करें। कलेक्टर ने कहा की किसानों का पंजीयन होने से किसान सीधे शासकीय खरीदी केन्द्र में अपना अनाज उचित मूल्य में विक्रय कर सकते हैं। उन्हे किसी अन्य व्यापारियों को कम मूल्य में अनाज विक्रय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन हो जिससे किसानों का इसका लाभ मिल सके।

पंजीयन के समय किसी प्रकार की कोई समस्या आए तो संबंधित पटवारी, तहसील कार्यालय एवं कियोस्क सेंटरों से संपर्क स्थापित कर समस्या का निदान कर पंजीयन कार्य करें। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारी अति गंभीरता से लें तथा शिकायतों के निराकरण करने की कार्यवाही करे। उन्होनें कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त कोई भी शिकायत अनअटेन्ड न रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायत को अधिकारी अटेन्ड करें एवं शिकायतो को समझे तथा निराकरण करने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने लोक सेवा अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों, 1000 दिवस से अधिक दिन की लंबित शिकायतों एवं अन्य प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की तथा शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पीएम किसान सम्मान निधि के अंर्तगत किसानों के ई-केवायसी के कार्य में तेजी लाएं। उन्होनें संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ई-केवायसी के साथ-साथ किसानों के बैंक खातों से उनके आधार कार्ड को भी लिंक करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के ई-केवायसी एवं आधार लिंक न होने से उनको पीएम किसान सम्मान निधि की किस्ते नहीं जारी हो पाती है।

**कार्रवाई** | शहर में शराब दुकानों के बाहर खुले आम छलकाए जा रहे जाम, खण्डवा पुलिस जंगल में जाकर अवैध शराब पर कार्रवाई कर रही

# पुलिस ने ओंकारेश्वर के जंगलों में कार्रवाई कर हजारों लीटर महुआ शराब नष्ट की गई

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

जिले में जहां पुलिस विभाग अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए दूरस्थ जंगलों में जाकर भी कार्रवाई कर लाखों रुपए मूल्य की हजारों लीटर शराब को नष्ट कर प्रभावी कार्रवाई कर रहा है वहीं नशे के कारोबार पर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार आबकारी विभाग नशे के कारोबारियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है जिसके चलते जिले भर में लाइसेंसी शराब दुकानों के साथ प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से अवैध आहते संचालित किए जा रहे है। साथ ही जिले के गांवों में चाय पान कि दुकानों पर भी शराब माफिया द्वारा देशी विदेशी मंदिरा खुलेआम बिकवाई जा रही है वहीं ढाबों और होटलों को अवैध रूप से लाइसेंसी बारों से भी ज्यादा बड़े पैमाने पर शराब परोशने की अघोषित अनुमति दे रखी हैं। और उसके लिए बकायदा डायरी मेंटेंकर विभागीय वसूली का लेखाजोखा रखा जा रहा हैं।

### शहर के पॉश इलाके आनंद नगर में शराब दुकान के पीछे अवैध आहता

खंडवा शहर के सबसे पॉस इलाके के रूप मे जाने जाने वाले आनंद नगर एरिया में जहां वर्षो से रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान संचालित हो रही है जिसका क्षेत्रवासी कई वर्षो से लगातार विरोध कर रहे हैं वहीं पिछले कई महीनों से यह शराब दुकान के साइड से रास्ता बना कर पीछे खुले आम अवैध आहता संचालित किया जाकर शराब के जाम छलकाए जा रहे है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है की जिला मुख्यालय पर शहर के सबसे संभ्रांत कहे जाने वाले क्षेत्र में यह सब गौरख धंधा किसके संरक्षण में चलाया जा रहा है। यहां के रहवासियों कहना है की कई बार शिकायते करने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है जिसके चलते शराब माफिया के हौसले बुलंद है। यहां सायंकाल में महिलाएं घरों से निकलने में भी डर महसूस करती है क्योंकि कई बार शराबी यहां से निकल कर सड़क पर खड़े रहते है और निकलने पर भद्दे कॉमेंट्स करते हैं।



### रोड पर खड़े हो शराब खोरी का खुला खेल

शहर के नए बस स्टैंड के पास स्थित संजय नगर वाइन शाप के पास ठेकेदार के गुर्गों द्वारा ही पानी बोतल पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास के साथ ही चखना खोमचा लगा कर बेचा जा रहा है यहां रोड किनारे शराब दुकान के साइड में शराबी झुंड बना कर तो कोई खड़े होकर शराब खोरी कर रहे है। यहां शराब दुकान संचालक को आबकारी विभाग के क्षेत्रीय इंचार्ज का संरक्षण इतना है की वह बैखोफ नियमों की धज्जियां उड़ाकर शराब पीने की छूट देता है यहां लगभग आठ दस बोरी खाली बोतलें रोजाना इकट्ठा होती है। यहां शराब दुकान के मैनेजर आनंद जैन का कहना है की पूरे शहर में ऐसे आहते चल रहे हैं, सब पीने देते है तो हैं तो हम भी पीने देते है, हमारी दुकान से पानी चखना नही बेचते है दूसरे ठेकेदारों की दुकान से तो वह भी बिकता है। वहीं इसी ग्रुप की पड़ावा स्थित शराब दुकान के बिलकुल बाजू में जहां माता मंदिर है वहीं शराब दुकान के बाजू से रास्ता निकाल कर पीछे एक रेस्टोरेंट का बोर्ड लगा कर अवैध मयखाना संचालित किया जा रहा है। जहां बैठकर शराबियों को शराब के साथ ही कबाब भी टेबल कुर्सी पर बैठा कर परोसा जाता हैं। वैसे कागजों में तो खंडवा शहर में कुल 4 लाइसेंसी बार है जिनमे से 2 ÷एफ एल 3÷ केटेगरी के है और 2 ÷एफ एल 2÷ केटेगरी के अंतर्गत संचालित होने के लाइसेंस विभाग द्वारा जारी किए गए है परंतु इनके अलावा शहर और आसपास के दर्जनों होटल एवं ढाबों पर अवैध रूप से शराब के अड्डे संचालित किए जा रहे है, आबकारी विभाग के सूत्र बताते है की इनके लिए बकायदा अलग अलग क्षेत्र के बिट इंचार्ज के अधीनस्थ विभागीय कर्मचारियों सहित कुछ अन्य अशासकीय एजेंटों के माध्यम से डायरी संचालित की जाती है जिसके माध्यम से बड़ी भरी वसूली विभाग के अधिकारियों तक उनके कमाईपुट संग्रहक जुटाकर पहुंचते है इस अघोषित व्यवस्था को विभागीय भाषा में ÷डायरी÷ कहा जाता है।

## ब्रीफ न्यूज

### श्राद्ध पक्ष में पहली बार आयोजित राम कथा

**वकस्वाह/ छतरपुर।** नगर के हृदय स्थल, बांके बिहारी जी मंदिर में युवाओं द्वारा श्राद्ध पक्ष के अवसर पर एक अनूठी पहल की गई है। पहली बार श्राद्ध पक्ष में राम कथा का वाचन किया जा रहा है, जिसमें नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं और माताओं-बहनों द्वारा धर्मलाभ अर्जित किया जा रहा है।कथा का वाचन सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक श्री राजेश रामायणी के मुखर विन्दु से किया जा रहा है। उन्होंने श्राद्ध पक्ष में राम कथा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि यह पवित्र समय आत्मिक शुद्धता और परंपराओं को पुनर्जीवित करने का है। कथा के माध्यम से युवाओं में देश प्रेम, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। यह युवाओं को न केवल धार्मिकता, बल्कि सामाजिक एकता और धर्मिक सुहार्दता की भी प्रेरणा देता है।कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक किया जा रहा है। इस अवसर पर युवाओं का उत्साह और भागीदारी निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगी। धर्म और संस्कृति के प्रति उनका यह समर्पण, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनेगा।यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ करने का अवसर है, बल्कि यह युवाओं में एकता और सहयोग की भावना को भी विकसित करेगा। ऐसे कार्यक्रम समाज में सामूहिकता और सद्भावना के बीज बोने का कार्य करते हैं।समस्त धर्मप्रेमियों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और राम कथा के पुण्य से अपने जीवन को आलोकित करें।

### खिमलासा में बन रहा दुनिया का पहला समवशरण मंदिर

**बीना/सागर।** बीना के खिमलासा में जैन समाज का समवशरण मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस मंदिर को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज कराने की तैयारी समिति की ओर से की जा रही है।खिमलासा का त्रिमूर्ति दिगंबर मंदिर जो दुनिया में ऐसा पहला स्थान है, जहां पर समवशरण की रचना की जा रही है, इसका निर्माण कार्य भी जारी है। यहां पर दीपावली के बाद समिति पंचकल्याणक महोत्सव कराने की तैयारी भी कर रही है।श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर खिमलासा में मुनिसंघ के सान्निध्य और ब्रह्मचारी अभिषेक भैया के निर्देशन में रविवार को चित्र अनावरण, शास्त्र अर्पण, आचार्य श्री का महापूजन, जैन युवा संगठन, महिला मंडल, बालिका मंडल कमेटी राजस्थान ने किया। समिति इसे गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने के लिए आवेदन भी करेगी। इस अवसर पर मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 11 निर्जल उपवास करने वाले ब्रह्मचारी अमित भैया का सम्मान किया गया, ब्रह्मचारी यश भैया ने आचार्य श्री का पूजन कराया।इस अवसर पर मुनि विमल सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन का परिवर्तन ऊपर उठाकर सिद्धालय में विराजमान करवाता है।यह यात्रा निरंजन बनने के लिए होती है।उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म मिला है, तो इसे खोटे कार्य में नहीं लगाएं, व्यसनों में नहीं लगाएं, बल्कि धर्म की वृद्धि के कार्यों में लगाओ।

---

फैन्स क्लब द्वारा आयोजित 15 अक्टूबर 2024 से खेल के क्षेत्र में कबड्डी टूर्नामेंट होगा

# पीएम श्री मोदी ने कई योजनाएं देकर युवाओं को आगे बढ़ायाः अविराज सिंह

सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर



सोमवार को युवा भाजपा नेता अविराज सिंह खुरई के डिग्री कॉलेज और आरएलएम कॉलेज में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि देश की सबसे बड़ी जो ताकत है वह हमारे देश के युवा नागरिक है जो देश का भविष्य है। देश की सबसे बड़े चुनौती युवा है जो आगे बढ़ने के लिए सपने देखते है। अपने सपने को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहते हैं और कठिन से कठिन चुनौतियों को पूरा करते है।

उन्होंने युवाओ से कहा कि डॉ. कलाम की बायोग्राफी उनकी किताब विंग्स ऑफ फायर के बारे में ज्यादा से ज्यादा पढ़िये इससे आपको आइडियल स्टूडेंट के बारे मे जानकारी मिलेगी। अविराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि देश में युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़े। क्योंकि दुनिया में सबसे ज्यादा यूथ भारत में ही रहते है। भारतीयों ने कई क्षेत्रों में परचम लहराया है, कई युवा विदेश में भी अपना झंडा फहरा रहे है। गूगल के सीईओ, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ, अजय बांगरा जो वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट है ये सभी भारतीय नागरिक है। अविराज सिंह ने विस्तार से बताया कि पिछले 10 साल में केन्द्र की भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए क्या किया हैं। 10 साल पहले देश में मात्र 9 आईआईटी थे जबकि आज 23 आईआईटी हैं। आईआईएम की संख्या बढ़कर 20 हो गई अब 9 से बढ़कर 21 एम्स हो गयें। अविराज सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने महिला आरक्षण बिल को पारित किया है जिससे स्कूलों, विद्यालयों में 33 प्रतिशत आरक्षण, कॉलेजों में 30 प्रतिशत आरक्षण का लाभ ले सकेंगे।

उन्होंने युवाओं से कहा कि आप लोगों को भी राजनीति में रुचि होगी इसके लिए विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर दी गई हैं। खुरई में विकास की धारा निरंतर बह रही है,आज खुरई में बिजली, सड़क, पार्क,पानी की सप्लाई,डॉ. भीमराव अम्बेडकर म्यूजियम का निर्माण, कृषि महाविद्यालय, आईटीआई कॉलेज, हिनौता डेम और लाईब्रेरी की सुविधा आपकी विधानसभा में की गई है। अविराज सिंह ने युवाओं को बताया कि खुरई में एक बहुत बड़ा स्टेडियम बनकर तैयार हो रहा है जिसमें क्रिकेट टूर्नामेंट, कबड्डी टूर्नामेंट और जो भी युवा आर्मी या पुलिस में जाना चाहता है उसके लिए प्रशिक्षण दिया जायगा। भूपेन्द्र भैया फैन्स क्लब द्वारा आयोजित 15 अक्टूबर 2024 से खेल के क्षेत्र में कबड्डी टूर्नामेंट होगा। जिसमें युवक, युवतियॉ भाग ले सकेंगे जिसके रजिस्ट्रेशन शुरू हो गये हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग भूपेन्द्र भैया के साथ जुड़कर खुरई विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाए। इस सफर में बहुत कठिनाईयां, चुनौतियां आयेगी। अटल बिहारी जी ने कहा था कि ÷बाधाएं आती हैं आएं, घिरें प्रलय की घोर घटाएं,पावों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हंसते-हंसते, आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा। कार्यक्रम में विजय जैन,इन्द्रकुमार राय,मनोज राय,श्रीमती रश्मि सोनी,सौरभ नेमा,पुष्पेन्द्र सिंह, विकास पांडे,भरत अग्रवाल,डॉयरेक्टर परख नायक,प्रिंसिपल श्रीमती वंदना गोस्वामी एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

---

# पूर्व मंत्री सिंह ने नपा भवन, मिडवे रिट्रीट सहित 24 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

### कहा भाजपा ने सभी को परिवार माना, हर परिवार में भाजपा की सदस्यता हो

सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर



पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में 23.34 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 8.12 करोड़ की लागत से नगरपालिका परिषद खुरई का कार्यालय भवन,10.22 करोड़ की लागत से खुरई से बीना रोड पर मिडवे रिट्रीट और 5 करोड़ की लागत से खुरई तालाब के सौंदर्यीकरण के तहत पाथवे, राधाकुंड, फ्लोटिंग फाऊंटेन व लाइटिंग आदि दूसरे चरण के कार्य शामिल हैं। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि खुरई मध्यप्रदेश की इकलौती ऐसी नगरपालिका है जहां पिछले 7 सालों में 2 हजार करोड़ की लागत से सुव्यवस्थित योजना के साथ विकास के काम हुए हैं व चल रहे हैं। सरकार ने इसे विकास का माडल घोषित किया है।पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विकास कार्यो ने खुरई की अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी है। यहां सुविचारित योजना के तहत हुए विकास का परिणाम है कि सरकार ने खुरई नगरपालिका को विकास का माडल मानते हुए प्रदेश की सभी नगरपालिकाओं के अध्यक्षों व सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को खुरई नपा के विकास के अवलोकन के लिए तीन दिवसीय दौरा कराया है। प्रदेश में खुरई अकेला नगरपालिका क्षेत्र हैं जहां 175 करोड़ लागत से सीवरेज प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। यहां 11 हजार पीएम आवास, 20 करोड़ से शहर के नाला निर्माण, 50 करोड़ से नगर की पेयजल योजना, 15 करोड़ के 13 पार्क, 30 करोड़ से सड़क निर्माण, 30 करोड़ के 45 सामुदायिक भवन, 68 करोड़ से मार्ग निर्माण, 5 करोड़ से आडिटोरियम, 4 करोड़ से डॉ. आंबेडकर संग्रहालय, 10 करोड़ से स्ट्रीट लाइट, 2-2 करोड़ के आश्रय स्थल व हाट बाजार, 50 करोड़ से वार्ड विकास, 40 लाख से दीनदयाल रसोई घर जैसे काम हुए हैं। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 80 करोड़ की लागत से पूरे शहर की सड़कें अगले तीन महीने में सीसी रोडों में बदल जाएंगी। आईआईटी स्वीकृत होकर जगह चयनित हो चुकी है। कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण का काम शीघ्र हो जाएगा। रजवांस मार्ग का रेलवे ओवरब्रिज 6 माह में तैयार हो जाएगा और खिमलासा मार्गो के रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण आरंभ हो रहा है।पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई सिविल अस्पताल से लगकर 12 एकड़ भूमि सुरक्षित कराई गई है जिस पर अगले चार साल के भीतर मेडीकल कॉलेज का निर्माण होगा। उन्होंने किसानों से कहा कि खुरई नगर का विस्तार करने शीघ्र ही कई नई सड़कों का निर्माण होगा।पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश की भाजपा सरकार की लाडली बहना, आयुष्मान योजना, मुफ्त राशन योजनाओं पर भ्रम फैलाया था कि ये योजनाएं चुनाव बाद बंद हो जाएंगी। चुनाव के साल भर बाद भी यह तीनों योजनाएं और विस्तार देकर तेजी से चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार लाडली बहना योजना की राशि भविष्य में 5 हजार तक बढ़ाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ही अपने कामों के आधार पर यह दावा कर सकती है कि यह किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं की सरकार है। भाजपा सरकार इनके परिवारों की चिंता करती है और उन्हें सीधा लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपको मतदाता नहीं बल्कि परिवार माना है, इसलिए आप सभी परिवार सहित भाजपा की सदस्यता लीजिए। उन्होंने कहा कि खुरई का विकास राजनैतिक मकसद से नहीं किया बल्कि परिवार की भावना से किया है। इसलिए मैं खुरई के हर एक परिवार से मांग करता हूं कि आप सभी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कीजिए। भूमिपूजन कार्यक्रम को पार्षद बलराम यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीतिराज पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश मिश्रा ने भी संबोधित किया, संचालन पार्षद अजीत सिंह अजमानी ने किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष नन्हींबाई अहिरवार, उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमचंद्र बजाज, सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर, सभी पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, नेता कार्यकर्ता व अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने नपा के ब्रांड एंबेसडर गोस्वामी

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर



बीना में एच डी गोस्वामी एक ऐसा नाम है जिसे हर व्यक्ति उनके स्वभाव से व्यक्तिगत परिचित है इसलिए उन्हें नगर पालिका द्वारा दूसरी बार नगर पालिका ब्रांड एंबेसडर चुना जाना यह संकेत देता है की एचडी गोस्वामी युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं मार्गदर्शक बने हुए हैं एचडी गोस्वामी का जन्म 12 जून 1949 को ग्राम हड़काल खाती में एक साधारण परिवार में हुआ उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में कार्य शुरू किया और वह ए डी आई एस, एवं प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में बीना में शिक्षा की अलग जगाने के लिए साक्षरता मिशन को जन-जन तक पहुंचा और उन्होंने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश सेन के साथ मिलकर बीना विकास खंड का नाम पूरे जिले में रोशन कर दिया। शासकीय सेवा में सभी प्रकार के प्रशिक्षणौ में मास्टर्स ट्रेनर रहे। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने समाज सेवा का संकल्प लेकर मोतीचूर जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान समिति की शुरुआत की विगत 13 वर्षो से लगातार पर्यावरण सुधार के लिए वृक्षारोपण करते हुए आ रहे है। अभी तक उनके नेतृत्व में लगभग 5000 वृक्ष रोपण किये जा चुके हैं।

### गोस्वामी एवं मोतीचूर उत्थान समिति के माध्यम से

इटावा मुक्ति धाम इनकी एक मिसाल है जहां पर उन्होंने मुक्तिधाम की दिशा और दशा ही बदल दी। आज प्रशासन से वह मोतीचूर नदी घाट के विकास के लिए प्रयत्नशील है नगर पालिका परिषद द्वारा कायाकल्प के माध्यम से देव रघुनाथ मोतीचूर नदी घाट के उत्थान के लिए 45 लाख राशि स्वीकृत की जा चुकी किंतु अब यह देखना है इस राशि के माध्यम से कब तक मोतीचूर नदी घाट का उत्थान होता है। गीता रसिक की मानक उपाधि से सम्मानित किया जा चुके।समाज सेवी एचडी गोस्वामी घर-घर गीता स्वाध्याय की माध्यम से कर्म ही पूजा है, को लेकर अलग जगाने में लगे हुए हैं यह कार्य लगभग 13 वर्षो से जारी है गीता विश्व प्रतिष्ठानम उज्जैनी द्वारा आपको गीता रसिक की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया।

---

## स्कूल के बच्चों को सीएंडडी प्लांट और एफएसटीपी प्लांट पर विजिट कराया




**सागर।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया के द्वारा स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता अभियान में गुरुकुल सरस्वती शिशु मंदिर मकरोनिया स्कूल के बच्चों को सीएंडडी प्लांट और एफएसटीपी प्लांट पर विजिट कराया और उनको सीएंडडी प्लांट और एफएसटीपी प्लांट प्रक्रिया के बारे में बताया एवं उनको स्वच्छता से संबंधित सब जानकारी दी एवं उनको स्वच्छता की शपथ दिलाई साथ ही बच्चे अपने माता-पिता को स्वच्छता की प्रति जागरूक करें एवं अपने आसपास क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखें।

---

# मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने दो टीमों के रूप में बंटकर कर्मचारियों से संपर्क अभियान चलाया

सत्ता सुधार ■ जरूआखेड़ा/सागर



पश्चिम मध्य रेल्वे की मान्यता प्राप्त यूनियन वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मज़दूर संघ (WCRMS) के प्रतिनिधि मंडल ने दो टीमों के रूप में बंटकर कर्मचारियों से संपर्क अभियान चलाया।जिसमें जरूआखेडा रेलवे स्टेशन व युनिट नं 5, इशरवारा युनिट नं 6, नरयावली रेलवे स्टेशन व युनिट नं 8, रेलवे कॉलोनीयो में मिलकर रेल कर्मचारी साथियों की समास्याओं पर चर्चा की। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी ने दिनांक 04, 05, व 06 दिसम्बर को होने वाले यूनियन के मान्यता चुनाव में एलडीसीई ओपन टू ऑल व पुरानी पेंशन समेतअनेक मांगों का समर्थन करने वाली यूनियन वेस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर संघ को विजयी बनाने की अपील की। वहीं सागर शाखा के अध्यक्ष बनवारी लाल मीना जी द्वारा वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के पांच सूत्रीय संकल्प के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी गई।1. एल डी सी ओपन टू आल करवा कर रहेंगे।2. ओ पी एस लागू करवा कर रहेंगे।3. रेलवे में ग्रुप डी की सभी नयी भर्ती ट्रेकमैन के पद पर हो।4 रिस्क एंड हार्डशिप एलाउंस सभी को दिया जाए।

**5.आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए।**

वहीं यूथ विंग कोषाध्यक्ष राकेश शुक्ला द्वारा वर्तमान में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जानकारी प्रदान की गई।

---

प्रभात फेरी

न्मभूमि पर वर्णी स्मारक का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

# विद्वत संगोष्ठी, स्नातक सम्मेलन के साथ मनाई वर्णी जयंती

सत्ता सुधार ■ सागर



श्री गणेश प्रसाद वर्णी की 151वीं जन्म जयंती कार्यक्रम वर्णी भवन मोराजी में अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। सुबह से प्रभात फेरी, ध्वजारोहण एवं वर्णी जी की प्रतिमा के समक्ष विनयांजलि सभा एवं दोपहर 1 बजे से विद्वत संगोष्ठी एवं स्नातक सम्मेलन जिसमें संस्कृत महाविद्यालय मोराजी से स्नातक रहे, छात्रों का सम्मेलन एवं अनेक ख्याति प्राप्त विद्वानों का समागम मोराजी में हुआ।श्री संस्कृत दिगंबर जैन महाविद्यालय की स्थापना 1908 में पू. वर्णी जी के द्वारा हुई थी।शाताधिक विद्वानों की उपस्थिति में मंगलाचरण दीपप्रज्वलन चित्रनावरण के साथ मंचासीन सारस्वत विद्वान डॉ. भागचंद जी भास्कर नागपुर, डां हरिशचंद्र जैन मुरैना, पंडित जीवंधर जी जबलपुर पं. जयंत शास्त्री सीकर, प. ज्ञानचंद जी व्याकरणचार्य, पं. विजय शास्त्री सागर मंचासीन रहे। वर्णी संस्थान विकास सभा के पदाधिकारीयों द्वारा सभी विद्वानों का सम्मान माला अंग वस्त्र, वैग, स्मृति चिन्ह के द्वारा किया गया। पूज्य गणेश प्रसाद जी वर्णी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर विद्वानों ने अपने लेख का वाचन किया। इसके बाद डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉ. पंकज तिवारी, प्रो. अभय सिंघई, डॉ. संजीव सराफ के निर्देशन में बनाई गई वर्णी डॉक्युमेंट्री सोशल मीडिया के माध्यम से सभी तक भेजने का प्रयास किया गया जिसका लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हूआ। मनीष विद्यार्थी के संपादन में प्रकाशित वर्णी विशेषांक का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक चंद्रेश शास्त्री ने किया। आभार संजय शास्त्री ने माना। शाम 7 वजे भाग्योदय तीर्थ मैं सभी विद्वानों ने निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही शंका समाधान कार्यक्रम में प्रश्न करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। द्वितीय दिवस सुबह 10 वजे पूज्य वर्णी जी की जन्मस्थली हंसेरा मड़ावरा मैं नवनिर्मित स्मारक का लोकार्पण कार्यक्रम पं.देवेंद्र शास्त्री सोरई के निर्देशन में संपन्न हुआ, साथ ही मूर्ति लोकार्पण सभी विद्वान,श्रेष्टि एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति में किया गया। सभी ग्राम वासियों ने वर्णी जी की आरती की। समिति द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया एवं ग्राम पंचायत के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया गया। मनीष विद्यार्थी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में किए गए वर्णी जी द्वारा कार्य को देखते हुए वर्णी स्मारक में बाल संस्कार केंद्र की शुरुआत होगी। जिसमें ग्रांव के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा दी जाएगी। संस्थान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। दोपहर 2 वजे से आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य मैं विद्या वाटिका मड़ावरा मैं वर्णी व्यक्तित्व पर परिचर्चा गोष्ठी का द्वितीय सत्र रखा गया, जिसमें उपस्थित सकल दिगंबर जैन समाज मड़ावरा द्वारा उपस्थित विद्वानों का सम्मान किया गया मंगलाचरण कु. रूपल जैन द्वारा किया गया चित्र अनावरण एवं दीपप्रज्वलन श्रेणिक विनय मलैया ,अरुण सिंघई प्राचार्य पी.सी. जैन हीरालाल जैन डी राकेश जैन, डॉ. राकेश जैन, जिनेश कोठिया दिल्ली एवं उपस्थित विद्वानों द्वारा किया गया।

---

# गरवा महोत्सव में सुरक्षा को लेकर विहिप ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

बीना विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने संयुक्त रूप जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया के निर्देशन में से नवरात्रि में होने वाले गरवा महोत्सव में सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नाम तहसील परिसर में कानूनगो मनीष गोस्वामी को दिया ज्ञापन। ज्ञापन के मुख्य बिंदु इस प्रकार है। गरवा महोत्सव में बिना पहचान पत्र के पुलिस प्रशासन के सहयोग से प्रवेश वर्जित करेगा। अपने थाना अंतर्गत जो भी गरबा महोत्सव होते हैं उनके साथ एक समन्वय बनाकर अश्लीलता परोसने बाले गाने ऐसे गरवा महोत्सव में ना बजे इसका ध्यान आकर्षित करवाना। गरवा महोत्सव में जिस प्रकार की पोशाक एवं वेशभूषा पहनी जाती है यह पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य होता है इस पर पूर्णत रोक लगाई और गरवा नियोजन करने वाले संगठन या समिति इसका विशेष ध्यान रखें। मां भगवती के के महापर्व में गरबे के दौरान नशे का सेवन करने वाले उपद्रवियों को एवं अन्य समुदाय के युवक जो माहौल खराब करते हैं उन पर शासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाए।5- बिना आधार कार्ड या पहचान पत्र के बगैर किसी भी युवक एवं युवती को गरवे में एंट्री पूर्णत प्रतिबंध की जाए।

## ब्रीफ न्यूज

### नताशा से तलाक के बाद पहली बार बेटे अगस्त्य से मिलकर भावुक हुए हार्दिक

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पत्नी नताशा स्टेनकोविक से तलाक के बाद पहली बार अपने बेटे अगस्त्य से मिलकर भावुक हो गये। पंड्या और नताशा के बीच पिछले दिनों अलगाव हो गया था। इनकी शादी चार चाल में ही टूट गयी थी। हार्दिक करीब डेढ़ माह बाद अपने बेटे अगस्त्य से मुंबई में मिले। इस दौरान वह बेटे को गोद में उठाये बेहद खुश दिख रहे थे। इस मुलाकात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें हार्दिक पंड्या कार में बैठने से पहले बेटे अगस्त्य को गोद में उठाकर उनके साथ कुछ पल बिताना चाहते थे। इस दौरान वह अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पाये। इस दौरान लंबे समय बाद दोनो की इस मुलाकात को देखकर प्रशंसकों को भी खुशी हुई। हार्दिक से अलग होने के बाद नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गई थीं पर हाल में वह मुंबई लौट आयी हैं। पंड्या आजकल अभ्यास में लगे हैं। जिससे कि वह रणजी ट्राफी खेलकर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बना सकें।

### इस बार ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना : ग्रीन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही है। इसका कारण है कि टीम की तैयारियां अच्छी हैं। ग्रीन भी इसमें अपनी ओर से अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित हैं और अब उनका लक्ष्य इसी प्रकार का प्रदर्शन भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करना रहेगा। भारतीय टीम के हाथों पिछले एक दशक में उसे हर बार इस सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ग्रीन ने कहा, ' मैं इस सीरीज में जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देना चाहता हूं। मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं। इस ऑलराउंडर ने कहा, 'मैं और मिचेल मार्श हमेशा इस बात को लेकर बात करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा। ऐसे में हम इन ओवरों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा, 'अभी मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छी स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में अपना योगदान दे सकता हूं।

### तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर करेगी आरसीबी !

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम नये रुप में नजर आ सकती है। आरसीबी से तीन बड़े विदेशी खिलाड़ियों को बाहर किया जा सकता है। ये तीन खिलाड़ी हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ऑलरांउडर कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल। इन तीनो का प्रदर्शन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। आईपीएल 2025 सत्र के लिए इस साल के अंत में नीलामी होगी। आरसीबी आज तक खिताब नहीं जीत पायी है।



## भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे

एजेंसी ■ मुम्बई

भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे है और उसके खिताबी मुकाबले में पहुंचने की पूरी उम्मीदें हैं। इसका कारण है कि अंक तालिका में भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम पहला टेस्ट जीत गयी है अगर वह ये सीरीज जीत जाती है तो नंबर एक स्थान पर उसकी दावेदारी और पक्की हो जाएगी।

टीम इंडिया की डब्ल्यूटीसी की पॉइंट्स प्रतिशत 71.66 तक बढ़ गई है, जिसमें 10 टेस्ट में 86 अंक हैं। वह पहले से ही तालिका में शीर्ष पर मौजूद थी और अब उसने ऑस्ट्रेलिया से 9.16 प्रतिशत की बढ़त बना ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत और इंग्लैंड सीरीज से पहले खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। टेस्ट मैचों की ये सीरीज जून से अगस्त के बीच खेली जाएगी। इसका पहला मैच 20 जून से होगा। वहीं अंतिम टेस्ट मैच 31 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड के पिछले दौरे में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य जीतना रहेगा। भारत ने 2021 में इंग्लैंड दौरे पर 2-1 की बढ़त बना ली थी पर तब कोरोना संक्रमकण के चलते सीरीज बीच में रोक दी गयी थी। बाद में सीरीज का बाकी बचा एकमात्र मैच खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीता। इस तरह सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। इस बार सीरीज 4 अगस्त को खत्म होगी। सीरीज का पहला मैच लीड्स में खेला जाएगा. दूसरा मैच बर्मिंघम और तीसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर और पांचवां मैच 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा।

# भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा

### पिच से स्पिनरों को सहायता मिलने की संभावना

एजेंसी ■ मुम्बई

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच इसी माह 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही इस सीरीज में 1-0 से आगे है और उसका लक्ष्य इस मैच को भी जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करना रहेगा। कानपुर क्रिकेट स्टेडियम की पिच पहले दिन से ही स्पिनरों की सहायक मानी जाती है। यहां की विकेट सूखी और धूल भरी होती है, जिससे स्पिनरों को अधिक टर्न मिलती है। इस विकेट में उछाल बहुत कम है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी।

भारतीय क्रिकेट ने इस स्टेडियम में अब तक 38 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी है। इसमें टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 सभी शामिल हैं। सभी प्रारुपों को मिलाकर भारत ने यहां 17 मैच जीते हैं जबकि 18 में उसे हार मिली है। इसके अलावा 13 मैच बराबरी पर रहे हैं। इस स्टेडियम में सबसे ज्यादा स्कोर 676/7 रहा है। ये भारतीय टीम ने ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बनाए थे. भारत ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में कुल 23 टेस्ट मैच



खेले हैं। इसमें 7 टेस्ट में भारतीय टीम को जीत मिली है। वहीं 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि 13 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। वहीं बांग्लादेश की टीम अभी तक भारत से एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है। दोनों के बीच कुल 14 टेस्ट मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 12वीं बार टेस्ट में हराया है। वहीं एक ड्रॉ रहा जबकि एक अन्य का परिणाम नहीं निकला।

### अश्विन से प्रभावित तमीम बोले, वह रोहित और विराट की तरह ही महत्वपूर्ण

**चेन्नई।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भी कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की तरह ही एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। तमीम के अनुसार एक प्रकार से देखा जाये तो उनका योगदान

भी भारतीय क्रिकेट में रोहित, विराट की तरह रहा है। भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 280 रनों की बड़ी जीत में भी अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन कही अहम भूमिका रही। अश्विन ने पहली पारी में शतक के बाद दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला था।

तमीम ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान अश्विन एक शीर्ष बल्लेबाज की तरह खेल रहे थे। तमीम ने कहा कि उसने जो किया वह शानदार था, वह एक अच्छे बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहा था। मैं हमेशा विराट और रोहित के बारे में सुनता हूं पर मेरी नजर में अश्विन भी इतने ही अहम हैं। इसका पता इससे चलता है कि हम केवल तभी उनकी बात करते हैं जब वे टीम में होते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

## श्रीलंका ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की



एजेंसी ■ गॉल

श्रीलंका ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यहां न्यूजीलैंड की टीम अंतिम दिन जीत के लिए मिले 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 211 रनों पर ही आउट हो गयी।

इस मैच में कीवी बल्लेबाजी रचिन रवींद्र ने 92 रनों की शानदार पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम शुरु से ही हावी रही। उसने अपनी पहली पारी में 305 रन बनाए थे पर न्यूजीलैंड ने 340 रन बनाकर 35 रनों की छोटी सी बढ़त हासिल की। वहीं मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 309 रन बनाकर मेहमान टीम को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया। टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज में मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में कमिंदु मेंडिस की शतकीय पारी और कुसल मेंडिस के अर्धशतक से 305 रन बनाये थे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टॉम लेथम, केन विलियमसन और डेरेल मिचेल के अर्धशतक से टीम ने 340 रन बनाये। दूसरी पारी में श्रीलंका ने दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चांदीमल और एंजेलो मैथ्यूज की अर्धशतकीय पारी के दम पर 309 रन बनाये। करुणारत्ने ने सबसे ज्यादा 83 रन बनाए जबकि चांदीमल ने 61 जबकि मैथ्यूज ने 50 रन की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका के खिलाफ 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी असफल रही। उसके सात बल्लेबाज 10 रनों के अंदर ही आउट हो गये। केवल रचिन रवींद्र ने ही 92 रनों की पारी खेली।

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा

## बूमराह और ऋषभ बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते

एजेंसी ■ सिडनी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते है। चैपल के अनुसार इनके प्रदर्शन पर भारतीय टीम की जीत आधारित रहेगी। इसलिए इन दोनो का अपनी फिटनेस बनाये रखनी होगी। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबलों से भी अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। चैपल ने कहा, ''भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात बुमराह और ऋषभ का फॉर्म में रहना और फिट बने रहना है।'' उन्होंने





कहा, ''ऋषभ ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा।''

ऋषभ ने 2020-21 में भारत को ऑस्ट्रेलिया में पिछली सीरीज में मिली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी थे। चैपल ने कहा, ''अगर पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं तो यह भारत के लिए अच्छा होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए आदर्श विकेटकीपर हैं।'' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए अहम पहलू बुमराह की फिटनेस और फॉर्म होगी।

### टैट की अंतिम एकादश में सचिन, विराट शामिल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट ने अपनी पसंदीदा अंतिम एकादश चुनी है। टैट ने अपनी टीम में विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर , और वीरेन्द्र सहवाग को शामिल किया है पर महेन्द्र सिंह धोनी , मुथैया मुरलीधरन में से किसी एक को ही इसमें जगह दी है।

टैट ने स्पिनर के तौर पर इसमें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व स्पिनर शेन वॉर्न को चुना है, जबकि दूसरे स्पिनर के तौर पर मुरलीधरन को रखा है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एडम गिलक्रिस्ट को रखा है पर महेन्द्र सिंह धोनी को विकल्प के तौर पर शामिल किया है। टैट ने सलामी बैटर के तौर पर गिलक्रिस्ट के साथ सहवाग को शामिल किया है। तीसरे नंबर के लिए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को चुना है। वहीं चौथे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं।

## एसजीएफआई डिवीजन और सीबीएसई पश्चिम क्षेत्र तीरंदाजी टूर्नामेंट



सत्ता सुधार ■ भोपाल

एसजीएफआई अंडर-14 तीरंदाजी संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में 9 से 10 सितम्बर तक नरसिंहगढ़ और राजगढ़ में आयोजित सेंट जेवियर सीनियर सेकेण्डरी को-एड स्कूल भोपाल के 3 तीरंदाजों को टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करने के लिये चुना गया। रिकर्व राउंड के लिए धनंजय पणिक्कर, इंडियन राउंड में प्रत्यूष हेड्यू और अवनि सिंह को शामिल किया गया है। इसी प्रकार 14 से 18 सितम्बर तक ग्वालियर में आयोजित सीबीएसई पश्चिम क्षेत्र तीरंदाजी टूर्नामेंट में स्कूल की तीरंदाजी टीम ने अंडर-14 इंडियन राउंड श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया। टीम के सदस्यों में वेदांत दुबे, जेसील जैसन, प्रत्यूष हेड्यू, अवनि सिंह और मैथिली सेलोकर ने कोच विद्या सेलोकर के नेतृत्व में यह मुकाम पाया। व्यक्तिगत उपलब्धियों में बालिका वर्ग में कक्षा-7 की छात्रा अवनि सिंह ने अंडर-14 इंडियन राउंड और बालक वर्ग में कक्षा-8 के छात्र धनंजय पणिक्कर ने अंडर-14 रिकर्व श्रेणी में 6वांस्थान हासिल किया।

**प्रेरणा** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है

## हरभजन से प्रेरित थे अश्विन, गेंदबाजी एक्शन की करते थे नकल

एजेंसी ■ चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि जब वह शुरुआत में भारतीय टीम में आये थे तो दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह की नकल करते थे। इस कारण ये था कि वह हरभजन ने प्रेरित थे और उन्हीं की तरह गेंदबाजी करना चाहते थे। इसके लिए वह हरभजन के गेंदबाजी एक्शन की नकल भी करते थे। उन्होंने कहा कि जब वह हरभजन की जगह पर भारतीय टेस्ट टीम में लिए गये तो लोगों को लगा कि वह किस प्रकार उनकी जगह ले पायेंगे।



अश्विन ने कहा, मेरे लिए टीम में अपने को साबित करना बहुत बड़ी चुनौती थी। मैं जूनियर आयु वर्ग में उनके एक्शन को दोहराता था और गेंदबाजी करता था, इसलिए वे मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थे। जब मैं उनकी जगह टीम में आया, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम दोनों एक ही समय में एक साथ खेलेंगे, लेकिन ऐसा हुआ। इस बात को लेकर हमेशा संदेह रहता था कि मैं लाल गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा या नहीं, क्योंकि मैं आईपीएल से आया था।

अश्विन 750 अंतरराष्ट्रीय विकेटों का आंकड़ा हासिल करने के साथ ही मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे स्पिनर बने हैं।उन्होंने कहा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है जिसे मैं पसंद करता हूं और मैं हर दिन इसमें सुधार करना चाहता हूं। इस दौरान कई लोगों ने मेरी मदद की और मैं उसी कारण आज यहां तक पहुंचा हूं।

अश्विन के नाम अब 522 टेस्ट विकेट हैं। अश्विन ने खुलासा किया कि टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ वर्षों में उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी कैसे विकसित हुई है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा नहीं सोचता कि मैं वहां जाकर शतक बनाना चाहता हूं। मैं वास्तव में हर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने का लक्ष्य रखता हूं। लेकिन हाल के वर्षों में मेरी बल्लेबाजी पहले की तुलना में सरल हो गई है।

## अश्विन ने वार्न के रिकार्ड की बराबरी की

**चेन्नई।** भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ हुए पहले टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी के साथ ही दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वार्न के एक रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन ने इस मैच में शतक लगाने के साथ ही दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी के साथ ही उन्होंने 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने के वार्न के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। अश्विन अब सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी गए हैं। इससे पहले पारी में शतक के साथ ही पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में पूर्व दिग्गज इयान बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस के अलावा वर्तमान में खेल रहे शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा हैं।

अश्विन कहा, 'मैं जब भी चेन्नई में आकर खेलता हूं तो यहां मुझे बेहद अच्छा लगता है। मैंने यहां काफी क्रिकेट देखा और खेला है। मैंने पहले दिन अच्छी बल्लेबाजी की और इसके बाद दूसरी पारी में विकेट लिए यह एक विशेष अनुभव है। मैं गेंदबाज होने के कारण उसी तरह सोचता हूं पर बल्लेबाजी के दौरान उसपर ध्यान रखता हूं।



सत्ता सुधार

**अयोध्या।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को अयोध्या से गो प्रतिष्ठा आंदोलन की शुरुआत की। रामकोट की परिक्रमा करने के बाद चारुशिला मंदिर में गो ध्वज स्थापित किया। शंकराचार्य इस दौरान राम मंदिर के दर्शन करने नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तभी पूर्ण मानी जाएगी जब गो माता की प्रतिष्ठा होगी।



# दिवाली से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की बोनस और डीए वृद्धि की घोषणा

## राज्य कर्मचारियों के लिए प्रदेश सरकार ने दी बड़ी खुशखबरी | उत्तर प्रदेश के 15 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ | तदर्थ शिक्षकों और शिक्षा मित्रों पर लेंगे सकारात्मक निर्णय

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

प्रदेश सरकार अपने कर्मियों के लिए दीवाली से पहले डीए और बोनस का उपहार दे सकती है। शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, संबंधित फाइल तैयार की जा रही है। बोनस का लाभ करीब 8 लाख कर्मचारियों को मिलेगा, जबकि महंगाई भत्ता (डीए) वृद्धि के दायरे में 15 लाख राज्य कर्मी और शिक्षक आएंगे। डीए को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 54 प्रतिशत किया जाएगा। इसके लाभ की गणना जुलाई माह से की जाएगी। वहीं, बोनस की गणना बेसिक पे और डीए के आधार पर की जाती है। पिछले साल बोनस के रूप में राज्य कर्मियों को करीब 7 हजार रुपए मिले थे। नॉन गजेटेड अफसरों को बोनस दिए जाने का प्रावधान है। विधान परिषद सभापति के निर्देश पर बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों की समस्याओं पर नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। इसमें तदर्थ शिक्षकों के वेतन, तैनाती व शिक्षा मित्रों के मानदेय मामले में सकारात्मक निर्णय लेने पर सहमति बनी।



### निर्णय लेने की सहमत बनी

बैठक में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल व स्नातक विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय (एडेड कॉलेजों) के तदर्थ शिक्षकों के संबंध में 9 नवम्बर 2023 के आदेश को वापस लेने की बात कही। क्योंकि उसके बाद वेतन देने के लिए न्यायालय द्वारा निर्णय दिए जा रहें हैं किंतु विभाग इस पर कोई आदेश नहीं दे रहा है। उप मुख्यमंत्री ने पूछा कि ऐसे कितने लोग हैं। शिक्षक विधायक ने कहा कि लगभग 1200 लोग ही बचे है। इससे सरकार पर अलग से वित्तीय भार अलग से नहीं पड़ेगा। इस पर एक माह के अंदर निर्णय लेने की सहमत बनी। बैठक में 22 मार्च 2016 के आदेश के तहत विनियमित हुए शिक्षकों को पेंशन नहीं देने का मुद्दा उठाया। शिक्षक विधायक ने कहा कि इस पर तदर्थ, अर्हकारी सेवाएं जोड़ने के लिए कहा गया पर नहीं किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इसका कारण पूंछा। इस पर भी एक महीने में निर्णय देने पर सहमत बनी। बैठक में शिक्षक नेताओं ने वर्ष 1981 से 2020 तक 40000 शिक्षकों–कर्मचारियों की बिजलेंस (सर्तकता) जांच का मुद्दा उठाया। इस पर कहा गया कि जिसकी शिकायत होती है, उसे बुलाकर पूंछा जाए।

### धारा 12,18 व 21 जोड़ने पर सहमति

अनावश्यक सभी शिक्षक - कर्मचारियों को न परेशान किया जाए। यह भी मांग की गई कि इस संबंध में शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) इस संबंध में पत्र भी जारी करें। एमएलसी ने बताया कि राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग में सेवा सुरक्षा, दंड प्रक्रिया, निलंबन, अनुमोदन की नियमावली नहीं बनी। इस पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह नियमावली बन रही है उसमे चयन बोर्ड नियमावली-1998 की धारा 12,18 व 21 जोड़ने पर सहमत बनी।

## ब्रीफ न्यूज

### चिड़ियाघर में अब दिव्यांग भी ले सकेंगे जानवरों की जानकारी

**गोरखपुर।** शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान ( चिड़ियाघर) में दिव्यांग बच्चों के लिए ब्रेल लिपि के पाथवे और बोर्ड लगाया जाएगा। इससे उन्हें चिड़ियिघर में मौजूद वन्य जीवों की जानकारी मिल सकेगी। चिड़ियाघर में अभी सबके लिए एक ही पाथवे है। इस पहल से दिव्यांग बच्चों को वन्यजीव के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और वे भी चिड़ियाघर की सुंदरता का आनंद ले सकेंगे। ब्रेल लिपि साइनेज बोर्ड दृष्टिबाधित लोगों को स्वतंत्र रूप से जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। चिड़ियाघर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि दिव्यांगों के लिए सामाजिक समर्थन और समानता की दिशा में यह पहल की गई है। उद्यान समिति ने इस पर सहमति दे दी है।

### वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर एनईआर के ड्राइवरों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** ट्रेन को पटरी पर सरपट दौड़ाते ड्राइवर तो आपने देखे होंगे लेकिन वाराणसी में चालक ही पटरी पर बैठे दिखे। लोग इस दृश्य की चर्चा कर रहे थे लेकिन ये ट्रेन को चलाने वाले अपना विरोध जता रहे थे। मामले पर गौर करें तो वंदे भारत ट्रेन का संचालन एनसीआर के चालकों द्वारा किया जा रहा है। वहीं एनईआर के चालकों का कहना है कि रेलवे के नियमो के अनुसार एनईआर का क्षेत्र प्रयागराज तक है। एनसीआर के चालकों से चलवाया जा रहा जिसका विरोध जारी है। बताते चलें कि बनारस स्टेशन से आगरा जाने वाली वन्देभारत सोमवार से नियमित रूप से बनारस स्टेशन से चलाए जाने के निर्देश के बाद पहले दिन सोमवार की दोपहर लगभग ढाई बजे एनईआर के ड्राइवर बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 8 पर खड़ी वन्देभारत एक्सप्रेस के आगे बैठ गए और प्रदर्शन कर अपनी मांग रखी ।

### दादी की गोद से दो माह के बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

**मुरादाबाद।** कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव दियोरा खास की मिलक में सोमवार को तड़के तीन बजे जंगली जानवर दादी की गोद से दो माह के बच्चे को छीन ले गया। गनीमत रही कि शोर मचाने पर दीवार फांदते हुए कंबल में लिपटा बच्चा वहीं गिर गया। जानवर कंबल लेकर भाग गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की लेकिन भेड़िया होने का कोई साक्ष्य नहीं मिला। ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव दियोरा खास की मिलक निवासी रामवीर पुत्र रामचंद्र खेती किसानी करता है।

## एक लाख रुपए के फरार इनामी अनुज प्रताप सिंह की एसटीएफ से मुठभेड़

# सुल्तानपुर डकैती का एक और बदमाश एनकाउंटर में ढेर

### यूपी के उन्नाव जिले में हुई मुठभेड़ के दौरान एक साथी फरार

**सत्ता सुधार ■ उन्नाव**

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एक ज्वेलर्स की दुकान में डकैती डालने वाले एक और बदमाश को एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया है। लखनऊ एसटीएफ की टीम की एक लाख के इनामी बदमाश अनुज प्रताप सिंह को ढेर कर दिया। अनुज का साथी फरार होने में कामयाब हो गया। यह मुठभेड़ यूपी के उन्नाव जिले में हुई है। सुल्तानपुर डकैती के आरोपी अनुज प्रताप सिंह और उसके साथी के साथ लखनऊ की एसटीएफ की टीम की मुठभेड़ उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में उन्नाव-रायबरेली हाईवे से पांच सौ मीटर दूर अचलगंज-कोल्हुआ मार्ग पर सोमवार तड़के करीब चार बजे हुई। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान अमेठी के मोहनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह के रूप में हुई है। जिस स्थान पर एनकाउंटर हुआ उसे सील कर दिया गया है फोरेंसिक जांच कर रही है।



### सबसे पहले मंगेश यादव का हुआ था एनकाउंटर

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुल्तानपुर आभूषण दुकान डकैती मामले का दूसरा आरोपी सोमवार को उन्नाव में उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। एसटीएफ ने पांच सितंबर को एक अन्य आरोपी मंगेश यादव को मार गिराया था, जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था और सपा के साथ कांग्रेस ने इस मुठभेड़ को फर्जी बताया था। एसटीएफ एवं कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि उन्नाव के अचलगंज थाना इलाके में सुल्तानपुर में भारत ज्वैलर्स के यहां हुई डकैती से जुड़े बदमाशों की एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। अनुज प्रताप सिंह को एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने अनुज प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### शव पीएम हाउस में रखवाया

एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे की मौत हुई है। उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। शव पीएम हाउस में रखवाया गया है। बिना नंबर की बाइक भी बरामद की गई है। फोरेंसिक टीम और अचलगंज पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### मारे गए अनुज के पिता बोले

## अखिलेश यादव की इच्छा पूरी



इधर, मारे गए शातिर अनुज प्रताप सिंह के पिता ने सरकार व सपा मुखिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। धर्मराज सिंह ने कहा कि उनका बेटा अनुज चार जून को घर से गया था। उसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार दिया है। जिन लोगों पर 35 से 40 मुकदमें हैं। उनका कुछ नहीं हो रहा है। उनके बेटे पर एक मुकदमा था और सुल्तानपुर डकैती में नाम आया। पुलिस ने उनके बेटे का एनकाउंटर कर दिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई। ठाकुर का एनकाउंटर होने से उनकी इच्छा पूरी हो गई।

### अखिलेश ने कहा-फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी



**उधर,** अनुज प्रताप सिंह के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद मचे विवाद पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे कमजोर लोग ही एनकाउंटर को अपनी ताकत मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा और रक्त से उत्तर प्रदेश की छवि को घूमिल करना उत्तर प्रदेश के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है। आज के सत्ताधारी जानते हैं कि वो भविष्य में फिर कभी वापस नहीं चुने जाएंगे।

### अनुज की बहन बोली-मनमानी कर रही सरकार



एनकाउंटर में मारे गए अनुज प्रताव सिंह की बहन अमीषा सिंह का कहना है कि जो भी हो रहा बहुत गलत है। सरकार मनमानी कर रही है। अगर किसी ने अपराध किया है तो उसको सजा कानून देगा, लेकिन पुलिस ऐसे एनकाउंटर में मार रही है। पुलिस को वर्दी दी गई है जिसका गलत फायदा उठा रही है। जिस पर 36 मुकदमें हैं, उनका कुछ नहीं हुआ जिस पर एक मुकदमा था, उसका भी एनकाउंट कर दिया। अगर 15 लोग शामिल थे घटना में तो सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। कोई इंसाफ नहीं मिल रहा है।

# कब्र खोदकर इमाम की गर्दन काटकर लेकर गए संदिग्ध

### बिजनौर में सनसनीखेज मामला, मचा हड़कंप पुलिस तैनात

**सत्ता सुधार ■ बिजनौर**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में सोमवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां हल्दौर थानाक्षेत्र के खारी गांव में एक कब्र खोदकर इमाम की गर्दन काटकर सिर धड़ से अलग कर दिया गया। कब्र में दो माह पहले काजी के शव को दफनाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की। वहां तंत्र क्रिया की सामग्री भी पड़ी मिली। सोमवार को कब्र खोदकर गर्दन काटने की सूचना पर समाज के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नामचीन इमाम की दो माह पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद उन्हें क्षेत्र के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वहीं इस घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्राम खारी में काजी सैफुर्रहमान की करीब दो माह पूर्व मौत हो गई थी। उनके शव को गांव की ही कब्र में दफना दिया गया था। कुछ शरारती तत्वों ने रविवार रात कब्र की खोदाई कर कारी सफुर्रहमान की गर्दन काटी और साथ ले गए। सोमवार सुबह कुछ ग्रामीण कब्र पर गए तब उन्हें पता चला और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप है कि कब्र के पास से अगरबत्ती, धूपबत्ती, केले के फूल आदि मिले हैं। ग्रामीण किसी तांत्रिक द्वारा घटना होना बता रहे हैं। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, सीओ सिटी संग्राम सिंह, हल्दौर थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। वही फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर सैंपल इकट्ठे कर अपने साथ ले गई। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## बिल्डर के बंद घर पर बदमाशों का धावा, 25 लाख के जेवर, 15 लाख की नकदी ले गए

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट के विकल्प खंड में बिल्डर के बंद मकान से चोरों ने 25 लाख के जेवर और 15 लाख रुपए चोरी कर लिए। घटना की सूचना पर एसीपी विभूतिखंड मौके पर पहुंचे जबकि डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई। विकल्प खंड के गौरव विहार में बिल्डर धीरेंद्र प्रताप सिंह पत्नी साधना और बच्चे अभय और खुशी के साथ रहते हैं। धीरेंद्र शनिवार दोपहर दो बजे परिवार के साथ अपने गांव प्रतापगढ़ के खानीपुर गए हुए थे। अगले दिन वह जब रात 11 बजे लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरों का सारा सामान अस्तव्यस्त था। अलमारी खुली पड़ी थी जिसमें रखे जेवर और नकदी गायब थीं। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर इंस्पेक्टर चिनहट पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे।

# हम बूथों पर सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करेंगे

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बोले

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा पर आधारित दल है। हम लोगों के बीच अपने विचारों के साथ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथों पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। दो सितंबर से 25 सितंबर तक पहले चरण के अभियान के बाद एक अक्तूबर से दूसरा चरण शुरू होगा, जो 15 अक्टूबर को समाप्त होगा। सदस्यता अभियान प्रारंभ होने के 18 दिन में ही पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एक करोड़ नए सदस्य बना लिए थे। सदस्यता अभियान में हरदोई जिले ने 1,74,769 सदस्य बनाकर पहले स्थान पर जगह बनाई। अमरोहा ने 1,69,785 सदस्य बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। लखनऊ तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,578 सदस्य बनाए गए। इसी तरह बुलंदशहर चौथे और कुशीनगर पांचवें स्थान पर रहा। बहराइच 1,27,723 सदस्य बनाकर नौवें स्थान पर रहा। वहीं, सबसे ज्यादा 70,010 सदस्य बनाकर आगरा विधानसभा पहले स्थान पर रहा। अयोध्या विधानसभा में 53,585 और बक्शी का तालाब विधानसभा में 47,660 सदस्य बनाए गए।

# चलती कार से कूदकर पति ने बचाई जान

# एक ही परिवार के चार लोगों का अपहरण, महिला की हत्या

**सत्ता सुधार ■ हमीरपुर**

चित्रकूट दर्शन के बहाने ले जाकर एक परिवार के लोगों को जान से मारने का प्रयास किया गया। जिसमें गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया। आरोपियों ने पत्नी की गलाकर कसकर हत्या कर दी। बेटे को रास्ते में उतार दिया और बेटी को जनपद जालौन में छोड़ दिया। पुलिस ने पहले सूरज की तहरीर पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। अब मामला हत्या में तरमीम करने की बात कह रही है। पुलिस आरोपी चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। कार बरामद कर ली गई है। आरोपियों की तलाश के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। जनपद कानपुर के थाना चौबेपुर के मदारी पुर गांव निवासी सूरज यादव परिवार सहित शहर के गुजैनी बर्रा में किराए पर रहते हैं। वह किसी जूता फैक्टरी में काम करता था। जहां पर परिवार रहता है उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी किराये पर रहता है। त्रिभुवन ने सूरज यादव से चित्रकूट जाने की बात कही।



### बदमाशों ने बेटे को छोड़ा

21 सितंबर को वह वहां से निकल पड़े। जनपद जालौन के जोल्हूपुर से त्रिभुवन ने एक व्यक्ति को और बैठा लिया। हमीरपुर जनपद के जरिया थाना क्षेत्र में पहुंचने पर कार में बैठे लोगों ने परिवार को मारने के लिए गला कसने लगे। तभी सूरज ने चलती कार में खिड़की में पैर मारकर कूद गया। जान बचाकर वह वहीं छुप गया। आरोपियों ने खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद पत्नी अमन का गला कसकर गोहांड के पास फेंक दिया।

## बदलाव | उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में अब साल में एक बार होगी परीक्षा

# यूपी राजर्षि टंडन मुक्त विवि में सेमेस्टर प्रणाली अब खत्म

### छात्रहित में प्रोजेक्ट प्रणाली समाप्त कर आसाइनमेंट की पुरानी व्यवस्था को किया बहाल

### एमबीए और एमसीए सहित 124 पाठ्यक्रमों में 30 सितंबर तक आवेदन का मौका

**सत्ता सुधार ■ वाराणसी**

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (प्रयागराज) ने सेमेस्टर प्रणाली समाप्त कर दी है। विश्वविद्यालय ने पहले की भांति स्नातक व स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में वार्षिक परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब छात्रों को वर्ष में दो बार के स्थान पर एक परीक्षा देनी होगी। इसी प्रकार छात्रहित में प्रोजेक्ट प्रणाली समाप्त कर असाइनमेंट की पुरानी व्यवस्था बहाल कर दी गई है। यह मुक्त विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए बड़ी राहत है। मुक्त विवि ने यूजीसी से डिस्टेंस मोड के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में लागू सेमेस्टर प्रणाली से छूट की अनुमति ले ली है। ऐसे में राज्य सरकार का एक मात्र विश्वविद्यालय होगा जहां पर सेमेस्टर के स्थान पर वार्षिक परीक्षा होगी।




### सात जिलों में 255 स्टडी सेंटर संबद्ध

छात्र अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर विश्वविद्यालय एवं अपने विषय में समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय कार्यालय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में है। क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी से वर्तमान में सात जिलों में 255 स्टडी सेंटर संबद्ध है। इसमें वाराणसी के अलावा चंदौली, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, मीरजापुर व सोनभद्र जनपद शामिल है।

### ऑनलाइन आवेदन 30 सितंबर तक

क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के समन्वयक डॉ. एसके सिंह ने बताया कि जुलाई सत्र में दाखिले के लिए अब भी मौका है। एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीएसीए सहित स्नातक व स्नातकोत्तर के 124 पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितंबर तक किए जा सकते हैं। वही इस बार से एमबीए व एमसीए सीधा दाखिला लिया जा सकता है। खास बात यह है कि अब क्षेत्रीय केंद्रों के मध्यम से भी एमबीए व एमसीए में दाखिला लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि छात्रों को सुविधाओं एकलव्य एप लांच किया गया है।

# खेल-खेल में बच्चे ने मारी ईंट तो पड़ोसी ने काट दिया गला

### मिर्जापुर में खौफनाक वारदात, गड्ढा खोदकर दफनाया

**सत्ता सुधार ■ मिर्जापुर**

कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में एक आठ वर्षीय बालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने बालक का गला रेतने के बाद गला जमीन के अंदर गढ्ढा खोदकर मिट्टी में दफन कर दिया था।

बजहा दलित बस्ती के आशु (10) पुत्र सचानू रविवार की शाम चार बजे बकरी चराने निकला था। देर शाम तक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लोगों ने बताया कि गांव के पीछे बरम बाबा मंदिर के पास गैस एजेंसी के पास में बकरी चरा रहा था। परिजन खोजते हुए जब 10 बजे रात वहां पहुंचे तो देखा कि एक गढ्ढे में बच्चे को मिट्टी से ढका गया है। ऊपर बबूल के पेड़ की छोटी डाल डाल दी है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि लापता बच्चे का ही पड़ोसी हिमांशु उपाध्याय जिसका मकान उस बच्चे के मकान से 100 मीटर की दूरी पर है, उसने ही धारदार हथियार से बच्चे पर वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को छिपा दिया। घटना का कारण ये पता चला कि सुबह में खेल-खेल में ही बच्चे नें उसके ऊपर ईंट मार दिया था, जिससे हिमांशु आक्रोशित होकर इस घटना को अंजाम दिया। थाना कछवां पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आलाकत्ल बरामद किया गया।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट , **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**